


उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

// कभी खुशियों की धूप, कभी दर्द की छांव, कभी जीत की आशा, कभी हार की निराशा, बस यही है जिंदगी की छोटी सी परिभाषा। //


दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित


**सुबल वाणी**



जब किसी की संगत से विचार शुद्ध होने लगे तो समझ लें कि वो कोई साधारण व्यक्ति नहीं है।


वर्ष 39 | चंडीगढ़, वीरवार, 16 मई, 2024 | बैशाख शुक्ल पक्षः नवमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 135 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12










**पाठकों से**

पाठकों की विशेष सुविधा के लिए अर्थ प्रकाश पेज 3 पर चंडीगढ़ लोकसभा सीट के लिए किस क्षेत्र में कितने वोट हैं किस पोलिंग बूथ पर मतदान होगा। नियमित रूप से प्रकाशित कर कर रहा है। इसमें आज पढ़े सेक्टर 8, 9, 10 व 11 का ब्यौरा।

# चंडीगढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका, सुभाष चावला ने थामा बीजेपी का दामन

## केजरीवाल से हाथ मिलाकर कांग्रेस ने खुद ही मार ली है पांव पर कुल्हाड़ीः चावला

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद सरोज पांडेय, प्रदेशाध्यक्ष व संजय टंडन ने किया स्वागत

दो बार मेयर रहे चावला पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल व सीएम हरीश रावत के थे करीबी

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा/ वीरेंद्र सिंह/ खुशविंदर सिंह

**चंडीगढ़, 15 मई।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष चावला यह कहते हुए भाजपा में शामिल हो गए कि आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाकर कांग्रेस ने पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा काम किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल और उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत के करीबी माने जाने वाले सुभाष चावला को एक दिन पहले ही कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों की फेहरिस्त में शुमार किया था। बुधवार को सुभाष चावल भाजपा प्रदेश कार्यालय कमलम पहुंचे और यहां अपने समर्थकों सहित भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा.सरोज पांडेय, प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन की मौजूदगी में



भाजपा में शामिल हुए। एक पत्रकार वार्ता के दौरान इन नेताओं ने सुभाष चावला का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें और उनके साथियों को पूरा मान सम्मान देने का काम भाजपा करेगी।

डा. सरोज पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर देश की जनता को विश्वास है और सुभाष चावला भी मोदी की प्रेरणा से भाजपा में शामिल होकर राष्ट्रसेवा के भाव से आए हैं। भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने चंडीगढ़ की जनता के बीच जाकर उनसे जो काम कराने के वायदे किये हैं, ,चंडीगढ़ की जनता उनसे उम्मीद रख सकती है,क्योंकि वह भी सभी कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अरविंद केजरीवाल से हाथ मिलाना मेरी बर्दाश्त से बाहर थाः सुभाष चावला

सुभाष चावला ने कहा कि सच बात तो यह है कि पूर्व मेयर पूनम शर्मा और देविंदर सिंह बबला जैसे कई नेता उनसे पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके थे। इनके बिना उनका मन नहीं लग रहा था। वह भाजपा की नीतियों से थे और भाजपा से जुड़ने और कांग्रेस को छोड़ने का बहाना ढूंढ रहे थे। पिछले दो तीन साल में कांग्रेस ने कुछ गलत निर्णय लिये, जिसकी टीस उन्हें साल रही थी। यही वजह थी कि वह कांग्रेस छोड़ने को विवश हुए। उन्होंने कहा कि जिस आम आदमी पार्टी की वजह से कांग्रेस की यह हालत हुई, अब कांग्रेस ने उसी आम आदमी पार्टी से हाथ मिला लिया। केजरीवाल से हाथ मिलाना मेरी बर्दाश्त से बाहर था। हर राजनीतिक दल के नीतिगत नियम होते हैं। आने वाले समय में चंडीगढ़ कांग्रेस को यह फैसला खत्म करने वाला साबित होगा। चावला ने कहा कि पैसा कांग्रेस खर्च कर रही है और लीडरशिप आम आदमी पार्टी की तैयार हो रही है,कांग्रेस का यह कदम पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में जैसा उम्मीदवार चाहिए था, वैसा कांग्रेस देने में पिछड़ गई।

### चंडीगढ़ भाजपा को मिलेगी ताकतः टंडन

प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सच्चा देश भक्त काम करने की इ'छा रखता है। सुभाष चावला का भाजपा में शामिल होने का निर्णय सराहनीय है। भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने सुभाष चावला के भाजपा में 'वाइन करने पर कहा कि वे कांग्रेस में रहते अनेक पदों पर रहे,लेकिन जब उनके भाजपा में शामिल होने की बात सामने आई तो उन्होंने यही कहा कि जिस तरह से मोदी देश की सेवा कर रहे हैं,उसी तरह से वह भी भाजपा में आकर सेवा करना चाहते हैं। चावला को भी आज गर्व होगा कि वह 17 करोड़ कार्यकर्ताओं वाले दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल में शामिल हुए हैं। इससे चंडीगढ़ भाजपा को ताकत मिलेगी।

### टंडन के कामों से प्रभावित हुए चावला

चावला ने कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन के सेवा कार्यों से काफी प्रभावित है, क्योंकि कोविड के दौरान उन्होंने जनता की जो सेवा की थी वह बेमिसाल है। विधवा महिलाओं के लिए उनका जो सेवा भाव है,वह भी सराहनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह चुनाव लड़ने का इरादा लेकर नहीं,बल्कि सेवा भाव से काम करने के लिए आए हैं, अगर उन्हें दरी बिछाने का काम मिला तो मैं वह भी करूंगा। उन्होंने मोदी की स्मरण शक्ति को भी अविस्मरणीय बताया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूनम शर्मा,देविंदर सिंह बबला,जगतार सिंह जग्गा, महामंत्री हुकम चंद और अमित जिंदल,पूर्व मेयर सरबजीत कौर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कंवरजीत सिंह राणा,हरप्रीत कौर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### बंगाल गवर्नर पर सेक्शुअल हैरेसमेंट का दूसरा केस!

**कोलकाता (अप्रस)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट का एक और केस सामने आया है। उन पर एक ओडिसी क्लासिकल डांसर ने दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत अक्टूबर 2023 में दर्ज कराई गई थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बंगाल पुलिस ने पिछले हफ्ते राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपी है। 14 मई को मामला सामने आया है। ओडिसी डांसर ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह विदेश यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को लेकर राज्यपाल से मदद मांगने गई थी। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सीसीटीवी फुटेज में राज्यपाल के होटल में एंट्री और एग्जिट का समय और महिला ने अपनी शिकायत में जो समय बताया है, वह एक है। हालांकि ओडिसी डांसर ने यह नहीं बताया कि उसने 10 महीने बीतने के बाद अक्टूबर में शिकायत क्यों दर्ज कराई।




**हरियाणा कैबिनेट का अहम फैसला**

# हरियाणा सरकार ने पुरानी शर्तों पर दी नई आबकारी नीति को मंजूरी

ट्रैक एंड ट्रेकिंग सिस्टम के दायरे में आएगी विदेशी शराब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कांच व प्लास्टिक दोनों प्रकार की बोतलें हो सकेंगे इस्तेमाल**

**लोकसभा चुनाव के बाद अलाट होंगे शराब के ठेके**



**चंडीगढ़, 15 मई।** हरियाणा सरकार ने बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश की नई आबकारी नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बाद राज्य सरकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। जिसमें नई एक्साइज पॉलिसी पर मोहर लगाई गई। आयोग की शर्तों के चलते ही पुरानी पॉलिसी में अधिक बदलाव नहीं किया गया है।

पुरानी पॉलिसी 12 मई को समाप्त हो चुकी है। जिसके चलते आज मंजूर की गई पॉलिसी को उसी दिन से लागू माना जाएगा। मंत्रिमंडल द्वारा आज स्वीकार की गई पॉलिसी 11 मई, 2025 तक के लिए लागू रहेगी। नई नीति के अनुसार प्रदेश में शराब ठेकों की संख्या में इजाफा नहीं किया है। ठेके पहले की तरह 2400 ही रहेंगे। देशी शराब के कोटे में बढ़ोतरी की है। हरियाणा व भारत में बनी शराब की तर्ज पर अब विदेशी शराब भी ट्रैक एंड ट्रेसिंग सिस्टम के दायरे में आएगी। शराब को कांच की बोतलों में ही बेचने को लेकर पूर्व में हो चुके विवाद के चलते कैबिनेट ने दोनों तरह के ऑप्शन रखे हैं। यानी कांच और प्लास्टिक दोनों तरह की बोतलों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

चुनाव आयोग ने इस शर्त के साथ सरकार को एक्साइज पॉलिसी लागू करने की मंजूरी दी है कि इसका किसी भी तरह से प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सरकार को दो-टूक कहा है कि राजनीतिक फायदे के लिए इसका प्रचार-प्रसार नहीं हो सकेगा। नये ठेकों की अलॉटमेंट के लिए ई-टेंडिंरग प्रक्रिया भी 25 मई यानी मतदान के बाद शुरू होगा। हालांकि इससे पहले विभाग इसकी तैयारियां शुरू कर सकेगा।

### डिस्टलरी को 31 जुलाई तक लगाने होंगे फ्लो मीटर

एक्साइज पॉलिसी में सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि शराब बनाने वाली डिस्टलरी में 31 जुलाई तक फ्लो मीटर अनिवार्य रूप से लगाने होंगे। इतना ही नहीं, पूरा प्लांट सीसीटीवी कैमरों से कवर करना होगा। इसका कंट्रोल विभाग के पास भी रहेगा। शराब की हर बोतल पर क्यू आर कोड होगा ताकि अवैध शराब के कारोबार को रोका जा सकते और पारदर्शिता बनी रहे। गांवों में ठेकों का खुलने का समय अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सुबह 8 से रात 11 बजे तक रहेगा। नवंबर से मार्च तक 8 बजे से रात 10 बजे तक ठेके खुले रहेंगे। वहीं शहरी क्षेत्रों में शराब के ठेके सुबह 8 से आधी रात 12 बजे तक खुल सकेंगे।

# पहली बार सीएए से 14 शरणार्थी को मिली भारतीय नागरिकता



गृह मंत्रालय ने जारी किया सर्टिफिकेट

11 मार्च को लागू हुआ था कानून

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है। गृह मंत्रालय ने बुधवार (15 मई) को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को सीएए देशभर में लागू किया था। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर- मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है।

दरअसल, 10 दिसंबर 2019 को सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल (सीएबी) लोकसभा से और अगले दिन राज्यसभा से पारित हुआ था। 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मंजूरी मिलने के बाद सीएए कानून बन गया था।

### नागरिकता संशोधन कानून की बड़ी बातें

**किसे मिलेगी नागरिकता:** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**भारतीय नागरिकों पर क्या असर:** भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**आवेदन कैसे कर सकेंगे:** आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत भारत में रहने की अवधि 5 साल से अधिक रखी गई है। बाकी विदेशियों (मुस्लिम) के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

**आम आदमी पार्टी को पंजाब के कई लोकसभा क्षेत्रों में मिली बड़ी मजबूती**

# विपक्षी पार्टियों के कई दिग्गज नेता हुए 'आप' में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 मई।** आम आदमी पार्टी को पंजाब के कई लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी मजबूती मिली है। बुधवार को कांग्रेस और अकाली-बसपा गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता इन पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नेताओं को औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल कराया और उनका आप परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन दिग्गज नेताओं के पार्टी में शामिल होने से अमृतसर, संगरूर और पटियाला लोकसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी और भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार भी पंजाब में आम आदमी पार्टी की लहर है। हम 13-0 से यह चुनाव जीत रहे हैं।



अमृतसर में आम आदमी पार्टी ने अकाली दल और बसपा को बड़ा झटका दिया। अमृतसर में 2022 विधानसभा में अकाली-बसपा गठबंधन से अमृतसर सेंट्रल हलके से चुनाव लड़ चुकी दलवीर कौर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई। दलवीर कौर अमृतसर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से बसपा का वर्तमान हल्का इंचार्ज भी थी। वहीं मलेरकोटला में आप ने कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और वक्फ बोर्ड के पूर्व सदस्य नदीम अनवर खान आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। नदीम अनवर खान पूर्व विधायक हाजी अनवर अहमद खान के बेटे हैं। वह शिरोमणि अकाली दल वर्किंग कमेटी के भी सदस्य रह चुके हैं। इनके अलावा पंजाब यूथ कांग्रेस के महासचिव शैबी खान भी आप में शामिल हो गए। इस मौके पर मलेरकोटला से आप विधायक जमील उर रहमान मौजूद थे।

शेष पेज-2 पर

**लोक सभा चुनाव**

**हिमाचल में तीन निर्दलीयों के नामांकन रद्द**

# मंडी में लायक राम- सुखराम के दस्तावेज अधूरे; कांगड़ा में राणा के पास नहीं 10 प्रस्तावक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस दौरान मंडी में दो और कांगड़ा में एक निर्दलीय का नामांकन रिजेक्ट कर दिया गया। मंडी में निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी और सुखराम के नॉमिनेशन दस्तावेज पूरे नहीं होने की वजह से रद्द किए गए। वहीं कांगड़ा संसदीय सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार राणा का नॉमिनेशन रद्द किया गया। संजय कुमार राणा के पास जरूरी 10 प्रस्ताव नहीं थे। उन्होंने आखिरी वक्त में चार प्रस्तावकों के साथ अपना नॉमिनेशन फाइल किया था। इस वजह से उनका नामांकन रद्द किया गया। एक नामांकन कुटलैहड़ में भी रद्द किया गया। मगर उम्मीदवार की आपत्ति के बाद छंटनी प्रक्रिया कल तक टाल दी है।




निर्वाचन विभाग के अनुसार, छंटनी के बाद चार लोकसभा सीटों पर 40 और छह विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनावों के लिए 25 उम्मीदवारों के नामांकन सही सही गए हैं। कवरिंग कैंडिडेट के नामांकन भी रद्द कर दिए गए हैं। कांगड़ा सीट पर 23 नामांकन में से छंटनी के बाद 11 नामांकन, मंडी में 22 में से 10, हमीरपुर में 20 में से 12 तथा शिमला संसदीय क्षेत्र में 15 नॉमिनेशन में से 7 नामांकन सही पाए गए।

### विधानसभा उप चुनाव को 25 नामांकन मिले सही

छह सीटों पर विधानसभा उप चुनाव के लिए 33 उम्मीदवारों के कुल 35 नामांकन में से 25 नामांकन जांच में सही पाए गए। धर्मशाला, लाहौल-स्पिति और कुटलैहड़ में 5-5, सुजानपुर में 8 8 प्रपत्र, बड़सर में 3, गगरेट में 7 नामांकन प्रपत्र सही पाए गए।

**कल तीन बजे तक नामांकन वापस ले सकेंगे:** हिमाचल में एक जून को होने वाले चुनाव के लिए 17 मई को दोपहर तीन बजे तक इच्छुक उम्मीदवार अपने-अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि मैदान में कितने प्रत्याशी बचते हैं।

**इनके नामांकन कवरिंग कैंडिडेट के कारण रद्दः** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के विजय कुमार, कांग्रेस के आशीष बुटेल का नामांकन कवरिंग कैंडिडेट की वजह से रद्द किया गया। वहीं, मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के सुंदर सिंह ठाकुर और भाजपा के गोविंद सिंह ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में बसपा के रत्न चन्द कटोच, कांग्रेस की अंजना देवी, भाजपा के वीरेंद्र कंवर और शिमला संसदीय क्षेत्र में भाजपा की रीना कश्यप का नामांकन कवरिंग कैंडिडेट के कारण रद्द किया गया।




मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जीरा व भिखीविंड में लालजीत भुल्लर के लिए किया प्रचार, कहा-

# पंजाब को फिर से रंगला बनाने के लिए आपका साथ मांगने आया हूं

- भाजपा पंजाब को भी बांटने की कोशिश कर रही है लेकिन पंजाब में नफरत के बीज कभी नहीं उग सकते
- कहा-इस बार अगर भाजपा जीत गई तो वह संविधान बदल देगी और देश में चुनावी व्यवस्था को खत्म कर देगी
- अकाली दल को लोकसभा के लिए 13 उम्मीदवार नहीं मिल रहे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फिरोजपुर/चंडीगढ़, 15 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी के खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार लालजीत सिंह भुल्लर के लिए बुधवार को चुनाव प्रचार किया। मान ने जीरा और भिखीविंड में लालजीत भुल्लर के साथ रोड शो किया और लोगों से भुल्लर को जीताने की अपील की।

रोड शो में हजारों की संख्या में आप कार्यकर्ता, नेता और स्थानीय लोग मौजूद थे। लोगों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर फूल बरसाकर और नारे लगाकर उनका स्वागत किया। जीरा में रोड शो के दौरान मान ने लोगों से कहा कि मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं। मैं यहां पंजाब को फिर से रंगला बनाने के लिए आपका साथ मांगने आया हूं। भिखीविंड में उन्होंने लोगों से कहा कि माझे वाले इतिहास लिखने के लिए जाने जाते हैं और लोगों की इस इस भीड़ को देखकर मुझे स्पष्ट लग रहा है कि इस बार भी मांझा में नया इतिहास लिखा जाएगा।

भाषण के दौरान मुख्यमंत्री मान ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि भाजपा पंजाब को भी बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन पंजाब में नफरत के बीज कभी नहीं उग सकते। पंजाब हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। पंजाब के लोग नफरत की राजनीति को कभी बर्दाश्त नहीं करते। यहां के लोग गुरुपर्व, ईद, होली, दिवाली और नवमी एक साथ मनाते हैं। भाजपा की नफरत की राजनीति यहां कभी सफल नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि बीजेपी पंजाब के साथ भेदभाव करती है। भाजपा की केंद्र सरकार ने 26 जनवरी की परेड से पंजाब की झांकी को बाहर कर दिया। उस झांकी में लाला लाजपत राय शहीद भगत सिंह और माई भागो के बारे में बताया गया था। उन्होंने कहा पंजाब के शहीदों को रिजेक्ट करने वाली भाजपा कौन होती है?

मान ने कहा कि एक बेहद खुशी की बात है कि अभी तक लोकसभा के चार चरण के मतदान हो चुके हैं और चारों चरण के चुनाव में भाजपा हार रही है। इसलिए पीएम मोदी के सुर बदल गए हैं। अब वह नफ़रत की राजनीति पर उतर आए हैं। वह लोगों से जाति धर्म और मंगलसूत्र के नाम पर वोट मांग रहे हैं।वह लोगों को जाति धर्म के नाम पर डराकर वोट लेना चाहते हैं क्योंकि उनके पास गिनाने के लायक कोई काम ही नहीं है।

मान ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि इस बार हमें हर हाल में भाजपा को हराना होगा। अगर इस बार भाजपा जीत गई तो वह देश का संविधान बदल देगी और देश में चुनावी व्यवस्था को खत्म कर देगी। फिर देश में कभी चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन वाला कानून लागू करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी भाजपा की तरह नफरत की राजनीति नहीं करती। हम काम की राजनीति करते हैं। इस चुनाव में भी हम पिछले दो साल के अपने काम के आधार पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। हमने पिछले दो सालों में 43000 नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी। 90 फीसदी घरों के बिजली बिल मुफ्त किए। 830 मोहल्ला क्लीनिक खोले और स्कूल ऑफ एमिनेंस बनाए। वहीं किसानों को दिन में खेती के लिए पर्याप्त बिजली दी और 59त्न खेतों तक नहरी पानी पहुंचाया।

सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) का जिक्र करते हुए मान ने कहा कि पिछले साल हमने सड़क सुरक्षा फोर्स का गठन किया जिससे अभी तक सड़क दुर्घटना में करीब 1250 लोगों की बची है। पिछले साल मार्च अप्रैल में सड़क दुर्घटना में करीब 1500 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पंजाब की पहली सरकार है जिसने वादे से ज्यादा काम किए हैं। हमने पंजाब के 16 टोल प्लाजा बंद किए जिससे पंजाबियों के रोज करीब 58 लाख रुपए बच रहे हैं। हम देश के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को और देश व राज्य के लिए शहीद होने वाले जवानों को ?1 करोड़ दे रहे हैं। इसके अलावा हम लोगों को घर-घर राशन पहुंचा रहे हैं। जबकि इन सब चीजों का चुनाव के दौरान हमने वादा भी नहीं किया था।

उन्होंने कहा कि कल हमारे नेता अरविंद केजरीवाल पंजाब आ रहे हैं। वह अमृतसर में हमारे साथ रोड शो करेंगे।

मान ने अकाली दल और सुखबीर बादल पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अकाली दल को पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। सुखबीर बादल पर उन्होंने कहा कि वह टेंपरेचर पूछ कर घर से बाहर निकलते हैं।

### मुख्यमंत्री के साथ मिलकर आपके सारे मुद्दे हल करेंगे: भुल्लर

लोगों को संबोधित करते हुए आप उम्मीदवार लालजीत सिंह भुल्लर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप कार्यकर्ताओं और जीरा एवं भीखीविंड के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुझे एक बार जिताकर लोकसभा में भेज दो। मैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान मिलकर इस इलाके के सारे मुद्दे का हल कर देंगा।

## भाजपा नेता सुनील जाखड़ को किसानों के बारे में बात करने का भी अधिकार नहीं: ईटीओ

- मोदी ने किसानों को दोगुनी आय का वादा किया, लेकिन पूंजीपतियों को अधिक लाभ देने के लिए किसान विरोधी बिल लाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 मई।** पंजाब के किसानों के खिलाफ सुनील जाखड़ के ताजा बयान पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ को किसानों के बारे में बात करने का भी कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनके विश्वासघातों को कोई नहीं भूला है। पार्टी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में किसानों पर सिर्फ अत्याचार किया है।

आप नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने सुनील जाखड़ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमारे किसानों के खिलाफ भाजपा के गलत कामों की सूची अंतहीन है, लेकिन आज जाखड़ ने एक बार फिर अपना किसान विरोधी और पंजाब विरोधी चेहरा दिखाया है। आप नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने से पहले किसानों से उनकी आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन पीएम बनने के बाद अपने पूंजीपति मित्रों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए किसान विरोधी काले बिल लेकर आए। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने बार-बार पूंजीपतियों का हजारों करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। वहीं हमारे किसान कुछ हजारों का कर्ज नहीं चुका पाने पर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते हैं।

ईटीओ ने कहा कि हमारे किसानों ने दो बार दिल्ली के दरवाजे खटखटाए और दोनों बार उनके साथ इतना कठोर व्यवहार किया गया कि उनमें से सैकड़ों की दिल्ली की सीमाओं पर मौत हो गई। पहले किसान आंदोलन के दौरान 750 से अधिक किसानों की जान चली गई, तब मोदी को कृषि कानूनों के मामले में अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने उसे रद्द कर दिया। भाजपा पंजाब के किसानों की जीत और ताकत से दुखी है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही महीने पहले हमने फिर से अपने किसानों पर हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकारों का हमला देखा। उन्होंने उन पर गोलियां चला दीं जिसमें बीस वर्षीय एक युवा किसान की मौत हो गई। ईटीओ ने सुनील जाखड़ से पूछा कि क्या उनके पास भाजपा के इन सभी विश्वासघातों का जवाब है? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमारे किसानों के खिलाफ जो भी अत्याचार किए हैं, उसके लिए वह कब माफी मांगेंगे?

आप नेता ने कहा कि सीएम भगवंत मान बिल्कुल सही कह रहे हैं कि बीजेपी दिल्ली में सत्ता में थी और उन्होंने हमारे किसानों को दिल्ली में घुसने नहीं दिया, अब किसान भारत के गांवों पर राज करते हैं और वे बीजेपी नेताओं को अपने यहां नहीं घुसने दे रहे हैं। यह उचित ही है। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह बीजेपी और उसके नेता अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं और दुख की बात है कि वे इस तरह इस तरह के बयान दे रहे हैं। आप नेता ने कहा कि पंजाब में बीजेपी की मौजूदा स्थिति उनके लायक बिल्कुल सही है।

ईटीओ ने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि ये वंशवादी राजनेता कितने अज्ञानी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब भीषण जल संकट से जूझ रहा है। सीएम भगवंत मान पंजाब के भूजल को बचाने के लिए लगातार उपाय और फैसले ले रहे हैं। वह किसानों को धान की सीधी बुआई और फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि हम अपने बहुमूल्य संसाधनों को बचा सकें। हमारे किसान एमएसपी के वादे के अधिकार के लिए वर्षों से लड़ रहे हैं और सुनील जाखड़ में कह रहे हैं कि हमें गेहूं और धान के अलावा अन्य फसलों पर एमएसपी की आवश्यकता क्यों है?

## चन्नी पर 'आप' का पलटवार, कांग्रेस के राज में शराब माफिया का बोलबाला था, हमने राजस्व बढ़ाया: चीमा

- कहा-कांग्रेस के समय एक्साइज से 6000 करोड़ की आमदनी होती थी, वह अब बढ़कर 10000 करोड़ हो गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 मई।** पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के पंजाब की एक्साइज पॉलिसी पर दिए बयान पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कांग्रेस के राज में पंजाब में शराब माफिया का बोलबाला था। वहीं आप सरकार आने के बाद हमने शराब माफिया को खत्म किया और राजस्व बढ़ाया। हरपाल चीमा ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद काफी सुधार के काम हुए हैं। अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देश और मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुशल नेतृत्व की बदौलत पंजाब सरकार के राजस्व में कई गुना की बढ़ोतरी हुई है। वहीं शासन व्यवस्था में पारदर्शिता आई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय एक्साइज से 6000 करोड़ की आमदनी होती थी, आम आदमी पार्टी की सरकार में वह अब बढ़कर 10000 करोड़ हो गई है। इससे पता चलता है कि पंजाब में अभी एक ईमानदार सरकार है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां अरविंद केजरीवाल के पंजाब दौरे से घबरा गई है क्योंकि अरविंद केजरीवाल को पंजाब के लोग काफी पसंद करते हैं। दिल्ली और पंजाब सरकार की नीतियों से यहां के लोग काफी प्रभावित है। इसलिए जेल से निकलने के बाद पहली बार पंजाब आ रहें अरविंद केजरीवाल का स्वागत करने के लिए पंजाब के लोग काफी उत्साहित हैं।

चीमा ने कहा कि जो लोग अपनी सरकार के दौरान माफिया राज चलाते थे, उनके मुंह से भ्रष्टाचार की बात शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि पूरा पंजाब जानता है कि जब चरणजीत चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री थे तब उनके भतीजे के पास से भ्रष्टाचार के करोड़ों रुपए कैश बरामद हुए थे, पंजाब की जनता भलीभांति जानती है कि पंजाब को दोनो हाथों से किसने लूटा है।

## बसपा प्रत्याशी ने बनूड़ में किया डोर टू डोर प्रचार

- पंजाबी 'आप' को 0-13 से सबक सिखाने को तैयार: जगजीत सिंह छडबड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 15 मई।** लोकसभा हलका पटियाला से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जगजीत सिंह छडबड ने राजपुरा हलके के तहत आने वाले बनूड़ शहर में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया और लोगों को बहुजन समाज पार्टी की जनहितैषी नीतियों के बारे में जागरूक किया। डोर-टू-डोर अभियान के दौरान जगजीत सिंह छडबड का शहरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर छडबड ने उन पर जताए गए भरोसे के लिए बनूड़ के लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और अटूट दृढ़ संकल्प के साथ निर्वाचन क्षेत्र की सेवा करने के लिए अपना समर्पण व्यक्त किया। उन्होंने लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों को प्राथमिकता देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पटियाला निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। अगर मुझे उनका जनादेश मिलता है, तो मैं उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करूंगा। उन्होंने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2 साल में ही पंजाब वासी सत्ता परिवर्तन करने वालों से तंग आ चुके हैं। अब पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी को 0-13 से सबक सिखाएगी, क्योंकि केजरीवाल ने पंजाब की जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक पंजाब नशा मुक्त नहीं हुआ, न बेअदबी के मामले में न्याय मिला, न भ्रष्टाचार दफ्तरों में खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के वादे भी बीजेपी की तरह खोखले निकले। इस मौके पर उनके साथ नारंग सिंह उडदन, बृजलाल सिंह जांसला, नंबरदार करनैल सिंह, हरदीप सिंह माही, स्वर्ण सिंह राजू, चरणजीत सिंह देवीनगर, मनजोत सिंह सैनी, जगतार सिंह लक्खी, भूपिंदर सिंह भिंडी, ज्ञान सिंह काकड़ा बसी, सुच्चा सिंह, सुखजीत सिंह गोल्डी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंजाब में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए 80 प्रतिशत पुलिस बल व केंद्रीय बलों की 250 कंपनियां होंगी तैनात

- स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने अमृतसर व जालंधर में रेंज-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकें की
- पुलिस ने अब तक 5.45 करोड़ रुपए की नकदी, 11.49 लाख लीटर शराब और 99.62 किलो नशीले पदार्थ किए बरामद
- राज्य भर में सुरक्षा बढाई; संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की 25 कंपनियां पहले ही तैनात: अर्पित शुक्ला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/अमृतसर/जालंधर, 15 मई।** सरहदी राज्य में आगामी लोक सभा मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से और आम लोगों में विश्वास पैदा करने के साथ- साथ संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 80 प्रतिशत पुलिस बल तैनात किया जा रहा है और केंद्रीय बलों की कम से कम 225 और कंपनियाँ जल्दी ही राज्य में पहुँच जाएंगी। बता दे कि राज्य में केंद्रीय बलों की 25 कंपनियाँ पहले ही तैनात की जा चुकी है। यह जानकारी आज यहाँ स्पैशल डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( स्पैशल डीजीपी) ला एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने दी।

स्पैशल डीजीपी जो कि आज अमृतसर और जालंधर के दौरे पर थे, ने आम सांसदीय मतदान-2024 की तैयारियाँ और इस सम्बन्धित सुरक्षा प्रबंधों का जायज़ा लेने के लिए दोनों बार्डर रेंज के आईजीपी/ डीआईजी, सीपीज़ और एसएसपीज़ के साथ रेंज स्तरीय बैठके की। अमृतसर की मीटिंग में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीआईजी) बार्डर रेंज राकेश कुमार कौंसिल और कमिश्नर आफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर उपस्थित थे, जबकि जालंधर रेंज की बैठक में इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (आईजीपी) एस बूपती और सीपी जालंधर स्वप्न शर्मा उपस्थित थे।

राज्य में सकारात्मक माहौल बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर देते स्पैशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को पेशेवर पुलिसिंग करने और किसी को भी राज्य की शांति और सदभावना को भंग करने की इजाज़त न देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को राज्य में नशे और नाजायज शराब की आमद को रोकने के लिए राज्य में आने-जाने वाले वाहनों विशेषकर व्यापारिक वाहनों की चैकिंग तेज करने के आदेश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी हिदायत की कि वह घृणित अपराधों, नशा तस्करी और लूट- छीन में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए विशेष प्रयास करें साथ ही मतदान से सम्बन्धित अपराधों के मामलों की जांच और मुकदमो की कार्यवाही में तेज़ी लाए।

बताने योग्य है कि पंजाब पुलिस ने आदर्श चुनाव संहिता लागू होने से ले कर अब तक 5. 45 करोड़ रुपए की नकदी, 11. 49 लाख लीटर शराब और 99. 62 किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद किए है।

ज़िक्रयोग्य है कि स्पैशल डीजीपी ने आम पोलिंग बूथों और संवेदनशील पोलिंग बूथों पर बलों की तैनाती सम्बन्धित नियमों के बारे में भी अधिकारियों को अवगत करवाया। उन्होंने अधिकारियों को उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान करने सम्बन्धित नियमों के बारे में भी जानकारी दी।

## अरविंद केजरीवाल आज अमृतसर की पवित्र धरती से करेंगे पंजाब में लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत

- रोड शो के बाद केजरीवाल दरबार साहिब में माथा टेकेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/अमृतसर, 15 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल 16 मई को पंजाब दौरे पर आ रहे हैं। पंजाब में सबसे पहले वह अमृतसर पहुंचेंगे और यहां की पवित्र धरती से वह पंजाब में लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। जानकारी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल 16 मई की शाम 6 बजे अमृतसर में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल के पक्ष में एक बड़ा रोड शो करेंगे। इस रोड शो में उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे। रोड शो के बाद केजरीवाल दरबार साहिब और दुर्गियाना मंदिर में माथा टेकेंगे और पूजा अर्चना करेंगे। जेल से जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल का पंजाब का यह पहला दौरा है। उनके आने से पार्टी के प्रचार अभियान को बल मिलेगा और पार्टी कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ेगा। उनके प्रचार अभियान में शामिल होने से मुख्यमंत्री भगवंत मान के मिशन पंजाब 13-0 को भी मजबूती मिलेगी। जेल में रहने के बावजूद भी केजरीवाल पंजाब की राजनीतिक स्थिति से वाकिफ हैं क्योंकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जेल में उनसे दो बार मुलाकात की थी और पंजाब समेत अन्य राज्यों के राजनीतिक माहौल के बारे मे उनको जानकारी दी थी।

सोमवार की रात को की गई होटल संचालक की मारपीट का मामला


## मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने केस में जोड़ी आईपीसी की धारा 377

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

**जीरकपुर, 15 मई।** बीती दो दिन पहले रात को बलटाना लाइट प्वाइंट के नजदीक पंचकुला रोड पर दो होटल संचालकों में हुए झगड़े के दौरान गिन्नी होटल संचालक आकाश गांधी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज ढकोली अस्पताल में चल रहा था। हलांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को इस मामले में पांच लोगों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया था। लेकिन गुप्तांग में डंडा डालने की जांच अभी बाकी थी। जिस में डाक्टरों ने बुधवार को जांच के बाद पुष्टि की के घायल आकाश के गुप्तांग में चोट के निशान पाए गए है। जिसके बाद आगामी जांच के लिए ढकोली अस्पताल से चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के अस्पताल में रेफर किया गया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने धारा की बढ़ोतरी करते हुए 377 आईपीसी को जोड़ा गया है और दो लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। बाकी साथी फरार बताए जा रहे हैं। जिनकी पहचान अमन शर्मा, मोनू दोनों निवासी यूपी जो मूल रूप से बलटाना में रहते थे। जिनको पुलिस ने सूचना के आधार पर बलटाना लाइट प्वाइंट से गिरफ्तार किया है। जिनको वीरवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## 15 हजार रुपए रिश्वत लेता पटवारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 15 मई (अप्रस)।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई मुहिम के दौरान बुधवार को होशियारपुर जिले के राजस्व हलका पंडोरी सर्कल में बतौर पटवारी तैनात रमेश कुमार को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये राज्य विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त राजस्व अधिकारी को होशियारपुर के गाँव तनूली की निवासी जसविन्दर कौर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उसने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने अपने पति समेत विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच कर दोष लगाया कि उक्त पटवारी



उसकी ननद को जीवित होने सम्बन्धी सर्टिफिकेट जारी करने के बदले 15,000 रुपए की माँग कर रहा है और यह पैसे देने के लिए उसके मोबाइल फ़ोन पर संदेश भेजा है कि यदि जल्द पैसे न दिए तो कुछ दिनों बाद रिश्वत की रकम बढ़ कर 20,000 रुपए हो जायेगी। उसने आगे बताया कि उक्त पटवारी ने उसकी फ़ोन कॉल के दौरान 15,000 रुपए की रिश्वत लेने के लिए ज़ोर डाला है।

पेज एक का शेष

### विपक्षी पार्टियों के

पटियाला में भी आम आदमी पार्टी को बड़ी मजबूती मिली है। यहां कांग्रेस और अकाली दल के कई नेता, पार्षद और पूर्व पार्षद आप में शामिल हो गए। पटियाला से रणजीत सिंह निकरा( कांग्रेस), शम्मी (पूर्व पार्षद कांग्रेस), रविंदरपाल प्रिंस लांबा (पार्षद, शिरोमणि अकाली दल पटियाला), नवनीत वालिया (शिरोमणि अकाली दल) हैरी मुकमहलपुर , मोंटी ग्रोवर (शिरोमणि अकाली दल), सिमरन ग्रेवाल (सीनियर उपाध्यक्ष शिरोमणि अकाली दल पटियाला), रमन धालीवाल (किसान नेता पटियाला) आदि लोग बुधवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा और आप नेता हरपाल जुनेजा मौजूद थे।

अधिकतम 42 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम
सूर्यादय 5.27 बजे
सूर्यास्त 7.11 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 75,060.00 |
| सैंसेक्स | 72,987.03 |
| अमेरिका | 83.49 |
| कैनेडियन | 61.26 |
| आस्ट्रेलिन | 55.47 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### विजिलेंस सेल ने इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सेंटर में घूसखोरी का रैकेट पकड़ा

**चंडीगढ़ (अप्रस/साजन शर्मा)।** चंडीगढ़ विजिलेंस सेल ने सेक्टर 17 के इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सेंटर में घूसखोरी का रैकेट पकड़ा है। विजिलेंस ने आउटसोर्सिंग कंपनी वी इंस्पायरर फेसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम एचआर के सदस्य इसमें शामिल थे। कंपनी के सुपरवाइजर ने 20 हजार रुपये की घूस मांगी थी। चंडीगढ़ विजिलेंस सेल ने ट्रैप लगाया और कुलदीप को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर दो गवाह भी मौजूद थे जिनके सामने उसने इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सेंटर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट सेक्टर 17 में घूस के 10 हजार रुपये लिये। ये पैसे कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर मोहन जांगड़ा के नाम पर लिये जा रहे थे। इसके बाद मोहन जांगड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि जो वर्कर घूस देने से इनकार करता था उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता था। इससे घूसखोरी की जड़ों का अंदाजा लगाया जा सकता है। विजिलेंस सेल, चंडीगढ़ ने पब्लिक से अपील की है कि वह किसी भी काम के लिये रिश्वत न दें। अगर कोई घूस मांगता है तो उसकी बाबत विजिलेंस को जानकारी दें ताकि ऐसे लोगों को रंगे हाथों पकड़ा जा सके। लोगों से अपील की गई है कि वह विजिलेंस के हेल्पलाइन नंबर 8360817378 पर 24 घंटे शिकायत दर्ज कर सकते हैं। लैंडलाइन नंबर 0172-2760820 पर या विजिलेंस के ईमेल पर भी शिकायत कर सकते हैं। विजिलेंस के पुलिस स्टेशन पर विजिट कर भी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### चंडीगढ़ में आज से हीट वेव का अलर्ट, 18 मई को तापमान 44 डिग्री पहुंचेगा

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ में मौसम विभाग ने वीरवार से हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। 18 मई को विभाग की तरफ से ऑरेंज अलर्ट है। चंडीगढ़ और आसपास के इलाके में लोगों को कल 16 मई से हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी व लू के ये हालात 18 मई तक रहेंगे। 16 मई को जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहेगा, वहीं 18 मई का यह44 डिग्री पर पहुंच जाएगा। इस दौरान शरीर को झुलसा देने वाली गर्म हवा चलेगी। मौसम विभाग की तरफ से चंडीगढ़ में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। कल से 2 दिन के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वही 18 में के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 18 मई को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। इस कारण दिन में गर्मी बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। इसके लिए मौसम विभाग की तरफ से एडवाइजरी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने जो अनुमान लगाया है, उसके अनुसार आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने वाला है। आज 16 मई को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

दोनों प्रमुख पार्टियों के आईटी सैल नारे तैयार करने में नहीं छोड़ रहे कोई कोर कसर

# कांग्रेस-भाजपा के नारे, वोटरों को लग रहे न्यारे

प्रोफेशनल सिंगरों से संजय टंडन और मनीष तिवारी ने गाना भी तैयार करवाया

लोगों के दिलो दिमाग पर छा रहे दोनों पार्टियों के नारे, रैली से घर तक ले जा रहे

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 15 मई।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट की फिजाओं में इस वक्त प्रत्याशियों के कई नारे गूंज रहे हैं। दो लाइनों के इन नारों ने चुनावों को और भी रोचक बना दिया है। भाजपा और कांग्रेस-आप गठबंधन के आईटी सैल वन लाइनर और बड़े ही इनोवेटिव स्लोगन लेकर आ रहे हैं। प्रत्याशियों के समर्थक किसी भी सभा या प्रचार के दौरान पूरा माहौल इन नारों से गुंजायमान कर देते हैं। कांग्रेस-आप गठबंधन के जिन नारों से जनता का ध्यान खींचा जा रहा है उसमें अबकी बारी, मनीष तिवारी पूरे जोरशोर से गुंजाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन के लिये विकास का डबल इंजन, दिल्ली में मोदी, चंडीगढ़ में टंडन भी लोगों के बीच चल रहा है। संजय टंडन के लिये तो प्रोफेशनल सिंगर से भी गीत गवाया गया है ताकि सभा या प्रचार के दौरान लोगों का ध्यान खींचा जा सके। स्लोगन और नारे ऐसे तैयार किये जा रहे हैं ताकि एकदम से जब पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को मिलें तो उनके दिलो दिमाग पर यह नारा छा जाए।





### कांग्रेस की ओर से दिये गये नारे

कांग्रेस-आप गठबंधन की रैलियों में जो नारे गूंज रहे हैं उनमें तख्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो। जीतेगा भई जीतेगा, इस बार मनीष तिवारी जीतेगा। अब की बारी, मनीष तिवारी कुछ महत्वपूर्ण नारे हैं जिन्हें कांग्रेस के आईटी सैल ने तैयार किया है। चंडीगढ़ कांग्रेस का सोशल मीडिया हैंडल करने वाले करणबीर सिंह का कहना है कि आम जन से जुड़ने के लिए ऐसे नारे तैयार करने पड़ते हैं जो एकदम से उनका ध्यान खींचें। ये नारे हमारे कैंपेन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि अबकी बारी, मनीष तिवारी बहुत बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहा है। लोग इसे पसंद कर रहे हैं। तख्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो भी लोगों को स्ट्राइक कर रहा है। जब जब जुल्मी जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से, चप्पा-चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से। तिवारी तेरी सोच पे, पहरा देयांगे ठोक के जैसे नारे रैलियों में गूंज रहे हैं। इसके अलावा मनीष तिवारी की आवाज, चंडीगढ़ का हो विकास। प्रगति की तैयारी, अबकी बारी मनीष तिवारी के नारे भी गुंजायमान हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की का कहना है कि जब लोग ये नारे सुनते हैं तो इन्हें अपने दिमाग में बसाकर घर तक ले जाते हैं। वन लाइन स्लोगन से पूरा कैंपेन चलता है। ये नारे तब भी बैकराउंड में चलते हैं जब प्रचार के दौरान तिवारी लोगों से मिलते व बात करते हैं। तिवारी के लिये एक प्रोफेशनल सिंगर ने गाना भी तैयार किया है जो जल्द चला दिया जाएगा।

### टंडन के बेटे के दोस्तों ने भी तैयार किये गाने

संजय टंडन के प्रचार के लिये लंबरगिनी सॉंग की तर्ज पर प्रोफेशनल सिंगर से गाना गवाया गया है। संजय टंडन के बेटे सारांश टंडन ने बताया कि उनके दोस्तों ने खुद बखुद उनके पिता के कैंपेन के लिये गाने तैयार किये हैं। उसमें से दो रिलीज किये जा चुके हैं। एक अभी पाइपलाइन में है। लोकगीत की तर्ज पर गीत संजय टंडन दे नाल जुड़ो-- बीजेपी नु वोट दे दू--- ते विकास दी डोर फड़ो-पहली जून नु पोलिंग है---टंडन अपना नेता है---चंडीगढ़ का बेटा है। एक अन्य गीत मेरे सपनों के एमपी अब आएंगे--चंडीगढ़ की शान बढ़ाएंगे--चंडीगढ़ का मान बढ़ायेंगे-संजय जी हमारे एमपी जी--। संजय टंडन के पक्ष में जो नारे तैयार किये गये हैं उनमें सेवा चंडीगढ़ की, जिम्मेदारी संजय की। गारंटी मोदी की। सांसद नहीं, सेवक चुनें। विकास का डबल इंजन, दिल्ली में मोदी, चंडीगढ़ में टंडन जैसे नारों से वोटरों को लुभाया जा रहा है।

## डीजल परांठा के नाम की डिश दिखाकर फंसा फूड ब्लॉगर, माफी मांग जान छुड़ाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 15 मई।** सोशल मीडिया पर डीजल परांठा के नाम से वायरल हुए फूड ब्लॉगर के वीडियो को देखने के बाद स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी विंग हरकत में आया और चंडीगढ़ के सेक्टर 22 की बजवाड़ा मार्केट में बबलू ढाबे पर टीम जांच के लिये पहुंच गई। मामले में 13 मई को ऑन स्पॉट ड्यूटी पर तैनात अफसर को तुरंत बुलाया गया और मामले की जांच करने और इसकी रिपोर्ट तुरंत देने को कहा गया। जांच में सामने आया कि इस ढाबे पर कोई डीजल परांठा नहीं बनता। न ही उनके मेनू में इस नाम से कोई डिश है। ढाबे की सेल बढ़ाने के लिये ओए फूडी सिंह नाम के ब्लॉगर ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बबलू ढ़ाबे के मालिक को इस बाबत कोई जानकारी नहीं थी। फूड सेफ्टी विभाग के अफसर ने इस फूड ब्लॉगर की पहचान की। इसे टेलीफोन किया गया और इस बाबत पूछा गया। उसने कहा कि सोशल मीडिया पर इस वीडियो को गलत कंटेंट के साथ डाला गया। जब उसे इस बाबत पता चला तो उसने इसे डिलीट कर दिया। इस फूड ब्लॉगर को 14 मई को ऑफिस में अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिये बुलाया गया। फूड ब्लॉगर ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से बिना शर्त माफी मांगी जिसका वीडियो बनाकर उसने सोशल मीडिया पर डाला। उसे चेतावनी भी दी गई कि इस तरह की गलती दोबारा भविष्य में नहीं करेगा। उसने लिखित में आगे ऐसी गलती न करने की बात कही। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड विभाग ने शहर के निवासियों व उपभोक्ताओं को अपील की कि सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो को लेकर सचेत रहें। अगर किसी उपभोक्ता व निवासी को लगता है कि ऐसा संदिग्ध कोई फूड ऑर्टिकल बेचने संबंधी जानकारी आ रही है और खाद्य नियमों के विपरीत है तो इस मामले को तुरंत फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड विभाग या जीएमएसएच 16 को 102 फोन नंबर या 0172-2752128 नंबर पर सूचित करें। विभाग के पोर्टल पर भी मामले की शिकायत कर सकते हैं।

### लोस चुनाव, शहर से कुल 26 उम्मीदवार मैदान में

**चंडीगढ़ 15 मई (साजन शर्मा)।** चण्डीगढ़ लोकसाभा सीट के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की आज हुई स्क्रूटनी के बाद कुल 26 नामांकन पत्र वैध करार दिए गए । इसके अतिरिक्त 7 नामांकन पत्र खारिज किये गए ।इनमे कांग्रेस व बहुजन समाज पार्टी की ओर से कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन करने वालों के पर्चो के अलावा निर्दलीय के रूप में नामांकन करने वाले आपकी आवाज पार्टी के प्रेमपाल, निर्दलीय सतनाम सिंह ,अमित शर्मा ,पीपुल पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के नवतेज सिंह तथा निर्दलीय राजेश का नामांकन पत्र अस्वीकार करार दिया गया। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई थी ।

## ढकोली क्षेत्र में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 15 मई।** बुधवार शाम करीब 6 बजे जीरकपुर के ढकोली इलाके में हरमिटेज पार्क सोसायटी के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान राम अवतार के रूप में हुई है जो पिछले आठ साल से यहां रह रहा था। मृतक के मूल स्थान के बारे में जानकारी न होने के कारण ढकोली पुलिस ने मृतक के शव को 72 घंटे के लिए डेराबस्सी अस्पताल में रखवा दिया है और उसके परिवार वालों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक शाम करीब 6 बजे राम अवतार हरमिटेज सोसायटी के बाहर एक पेड़ के नीचे बैठा था और शाम को वहीं बैठे-बैठे उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर ढकोली पुलिस ने उसका पता लगाने की कोशिश की लेकिन लोगों को केवल मृतक का नाम ही पता था, जिसके चलते पुलिस मृतक के परिजनों तक नहीं पहुंच पाई, जिसके बाद पुलिस ने उसका शव अस्पताल में रखवा दिया है। लोगों के मुताबिक मृतक राम अवतार को इलाके में घूमते देखा गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चंडीगढ़ में बागेश्वर बाबा, कन्हैया मित्तल की कुटिया पहुंचे

चंडीगढ़ सेक्टर 32 में गूंजा जय बागेश्वर धाम

बागेश्वर धाम वाले बाबा की एक झलक के लिए लालायित नजर आए बड़ी संख्या में लोग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 मई।** चंडीगढ़ सेक्टर 32 में गूंजा जय बागेश्वर धाम। बागेश्वर बाबा धीरेन्द्र शास्त्री कन्हैया मित्तल के घर निजी दौरे पर आए थे लेकिन ऐसा लगा कि सारे चंडीगढ़ की जनता ही कन्हैया मित्तल की कुटिया पर पहुंच गई हो, चाहे छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग सभी बागेश्वर धाम की एक झलक के लिए लालायित नजर आए।

सूत्रों पर विश्वास करें तो पंचकूला के एक बड़े संत समारोह में धीरेंद्र शास्त्री को आमंत्रित किया गया था।

वहीं राजनीति में आने को लालायित चंडीगढ़ के स्टार सिंगर कन्हैया मित्तल जो कभी धर्मिक और राजनीती से प्रेरित गीत 'जो राम को लाए है हम उसको लाएंगे' को गाकर सुर्खियों में आए थे, तभी से एक तरह से भाजपा का प्रचार कर रहे है।



फोटो: अजय चौधरी

मित्तल ने मौके को हाथ से ना जाने देते हुए बाबा बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को निमत्रण दे डाला जिसे उन्होंने स्वीकार भी कर लिया। शाम साढ़े चार बजे बजे कन्हैया मित्तल एयर पोर्ट से धीरेन्द्र शास्त्री को अपने निवास सेक्टर बत्तीस ले कर पहुंचे और उन्होंने अपने चित परिचित मज़ाकिया अंदाज़ में लोगों से बातचीत की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

कन्हैया मित्तल के निवास की बालकनी से जनता को दर्शन देते हुए भी नजर आए, छोटे बच्चों को गोद में उठा प्यार दिया अशीर्वाद व कपिल मित्तल के घर में मंदिर में शीश भी निवाया।

इस मौके पर कन्हैया मित्तल ने अपार जन समूह का धन्यवाद दिया, संतो के जमावड़े के साथ-साथ धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त करने राजनीतिज्ञ का भी जमावड़ा दिखा, संजय टन्डन, लतिका शर्मा, अनूप गुप्ता, सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बुद्धिजीवियों का ये गढ़ करेगा प्रत्याशियों की दिशा तय

चंडीगढ़ के पॉश सेक्टरों में 12 बनेंगे पोलिंग स्टेशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** सिटी ब्यूटीफुल की दिशा और दशा तय करने में चंडीगढ़ के पॉश सेक्टरों में रह रहे बुद्धिजीवियों का अपना एक विशेष योगदान रहा है। प्रशासन की किसी भी योजना को सिरे चढ़ाने के लिए इन बुद्धिजीवियों के मार्गदर्शन की हमेशा से जरूरत महसूस होती रही है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के दौरान आखिर उन्हें कैसे भुलाया जा सकता है। तभी यहां प्रत्याशियों की दिन-रात भागदौड़ जारी है। अर्थ प्रकाश की तरफ से आज हम उन पोलिंग स्टेशनों की बात करेंगे जहां बुद्धिजीवियों का गढ़ प्रत्याशियों की दिशा तय करेगा। जी हां, निर्वाचन आयोग द्वारा सेक्टर 8, 9, 10, 11 और सेक्टर 12 में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों पर प्रत्याशियों की भागदौड़ लगातार जारी है। इन 12 पोलिंग स्टेशनों के अंतर्गत क्षेत्र में रह रहे अनुमानित मतदाताओं 11218 की संख्या के आधार पर महिला मतदाताओं की संख्या 5850 है जबकि पुरुष मतदाता 5368 है। क्रमशः कल पढ़े सेक्टर 12 से 15 तक का ब्यौरा।

| क्र.सं. | पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्टेशन लोकेशन | पोलिंग क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 130. | सेक्टर 8 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8-बी | सेक्टर 8-ए, म.नं. 1 से 172 तक सेक्टर 8-बी, म.नं. 501 से 570 | 593 | 541 | 0 | 1134 |
| 131. | सेक्टर 8 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8-बी | सेक्टर 8-बी, म.नं. 571 से 768, एससीएफ सेक्टर 8-बी, म.नं. 1 से 61, डॉक्टर आवास सिविल डिस्पेंसरी सेक्टर 8, शिव मंदिर, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8, बूथ | 559 | 487 | 0 | 1046 |
| 132. | सेक्टर 8 | डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8-सी | सेक्टर 8-सी, म.नं. 1005 से 1283 डीएवी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल | 561 | 567 | 0 | 1128 |
| 133. | सेक्टर 9 | कार्मल कांवेंट स्कूल सेक्टर 9बी | सेक्टर 9-ए, म.नं. 1 से 84, सेक्टर 9-बी 101 से 175, कार्मल कांवेंट स्कूल | 530 | 451 | 0 | 981 |
| 134. | सेक्टर 9 | कार्मल कांवेंट स्कूल सेक्टर 9बी | सेक्टर 9-सी, 201 से 268, एससीएफ सेक्टर 9 1 से 27, बूथ सेक्टर 9, 1 से 48, रेहड़ी मार्केट सेक्टर 9, 1 से 32, पोस्ट ऑफिस सेक्टर 9 | 460 | 363 | 0 | 823 |
| 135. | सेक्टर 10 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10ए | सेक्टर 10 म.नं. 1 से 138, रिक्शा स्टैंड सेक्टर 10, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडर स्कूल सेक्टर 10ए, शिव मंदिर सेक्टर 10ए, सेक्टर 10-बी म.नं. 256, से 305 होटल माउंटेन | 421 | 386 | 0 | 807 |
| 136. | सेक्टर 10 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10ए | सेक्टर 10-सी म.नं. 501 से 600, सेक्टर 10-डी, म.नं. 601 से 606, डीएवी कॉलेज सेक्टर 10 एससीएफ सेक्टर 10-डी 1 से 24, रिक्शा स्टैंड सेक्टर 10, गवर्नमेंट होम साइंस कालेज, हॉस्टल सेक्टर 10, सर्वेंट क्वार्टर सैक्टर 10, टेनिस स्टेडियम | 290 | 251 | 0 | 541 |
| 137. | सेक्टर 11 | गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 11-ए | सेक्टर 11-ए 1 से 220, गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 11, गुरुद्वारा साहिब, सनावर मोंटेसरी स्कूल, सेक्टर 11 | 411 | 396 | 0 | 807 |
| 138. | सेक्टर 11 | गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 11-ए | सेक्टर 11-ए 221 से 285, सेक्टर 11-बी 501 से 680 | 392 | 390 | 0 | 782 |
| 139. | सेक्टर 11 | गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल सेक्टर 11-ए | सेक्टर 11 बी 681 से 747ए सेक्टर 11 सी 1001 से 1036, 1101 से 1110 व 1331 1332, सेक्टर 11-डी 1501 से 1537 एससीएफ सेक्टर 11 डी 1 से 33, पीजीजीसीजी सेक्टर 11-सी, पीजीजीसी सेक्टर 11-डी, पुलिस क्वार्टर सेक्टर 11-बी 1 से 162, फायर स्टेशन सेक्टर 11-बी, वाईएमसीए सेक्टर 11-सी, सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 11-बी, गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट फॉर वूमैन सेक्टर 11-सी, फूड ड्रग लैब, सेक्टर 11-डी, सिविल डिस्पेंसरी सेक्टर 11-डी, | 363 | 358 | 0 | 721 |

## चावला का भाजपा में शामिल होना विश्वासघात जैसा: कांग्रेस

जो लोग किसी दबाव या प्रलोभन में कांग्रेस की जनहितैषी विचारधारा से विमुख हो जाते हैं, कांग्रेस में उनकी कोई जगह नहीं: राजीव शर्मा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 मई।** चंडीगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चावला के कांग्रेस पार्टी में कई दशकों तक पार्टी के वरिष्ठ पदों पर रहने के बाद उनके भाजपा में शामिल होने के फैसले को स्थानीय कांग्रेस ने घोर विश्वासघात का एक उदाहरण बताया है।

चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव शर्मा ने पार्टी की ओर से जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी को हमेशा से ही अपने हज़ारों लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं पर गर्व रहा है, जिनका पार्टी की विचारधारा में अटूट विश्वास है। हर कांग्रेसी कार्यकर्ता देश के प्रत्येक नागरिक, खास तौर से गरीब और मध्यमवर्गीय नागरिकों को सामाजिक और आर्थिक न्याय के साथ साथ बिना किसी भेदभाव के उनके समावेशी विकास के प्रति वचनबद्ध है। कांग्रेस के जिन लोगों ने सांप्रदायिक ताकतों के दबाव या प्रलोभन के तहत अपनी विचारधारा बदल ली है, उनके लिए दुनिया की इस सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस ने देश को आज़ाद कराने में और बाद में विभाजनकारी और प्रतिगामी ताकतों के प्रतिरोध के बावजूद देश के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और देश कांग्रेस की विचारधारा पर चल कर ही अपनी एकता और अखण्डता बनाए रख सकता है और दुनिया के अग्रणी देशों में अपना स्थान प्राप्त कर सकता है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सुभाष चावला को उनके कार्यकाल के दौरान निष्क्रियता और पार्टी हित में सही समय पर सही फ़ैसले न लेने की उनकी कमज़ोरी के आरोपों के कारण ही अगस्त 2022 में चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। आज उनके भाजपा जैसी जनविरोधी और किसान विरोधी पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी के शहर के लोगों की सेवा करने के निरंतर प्रयासों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी उम्मीदवार मनीष तिवारी को शहर के सभी वर्गों से अभूतपूर्व सर्मथन मिल रहा है और वह 04 जून 2024 को भारी अंतर से जीत हासिल करने जा रहे हैं।

# हर वर्ग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को तत्पर : सीएम पुष्कर सिंह धामी

## इंडी गठबंधन सरकार बनाने के लिए नहीं, पार्टियों का अस्तित्व बचाने के लिए चुनावी मैदान में

हरियाणा की जनता इस बार फिर परिवारवाद को छोड़कर विकासवाद का साथ देगी: पुष्कर सिंह धामी

विपक्ष स्लीपर सैल की तरह प्रोपगेंडा के तहत भ्रम फैला रहा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 मई।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोहतक में कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पार्टियों का अस्तित्व बचाने के लिए है। इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, घोटालो और तुष्टिकरण की राजनीति करके उसी वोट बैंक को आगे बढ़ाने का गठबंधन है जिसे कांग्रेस आजादी के समय से करती आ रही है। रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में प्रेसवार्ता के दौरान उत्तराखंड के सीएम ने आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। वहीं मोदी सरकार की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिणी और अटक से कटक तक लोग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए खड़ा है। पत्रकार वार्ता के दौरान सीएम धामकी के साथ उत्तराखंड के मंत्री वीरेन रोहिला, अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी, रोहतक लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा नेता संदीप जोशी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक,भाजपा प्रवक्ता नेहा धवन, रोहतक मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में दो प्रकार की विचारधाराएं मैदान में है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए है जो देश को प्रथम मानने वाले दल हैं और पूरे देश को परिवार मानकर काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवार को आगे बढ़ाने और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

श्री धामी ने कहा कि पीएम मोदी बिना रूके हर पल और हर क्षण देशवासियों की सेवा में लगे हुए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में भारत का मान और सम्मान पूरी दुनिया में बड़ा है। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए धारा-370 को खत्म किया, तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि इन दस वर्षों में सेना का मनोबल लगातार बढ़ा है। सर्जिकल स्ट्राइक से दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे लोगों की राम मंदिर की इच्छा को मोदी सरकार ने भव्य और दिव्य मंदिर बनाकर पूरा किया है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में कांशी विश्नाथ कॉरिडोर, भगवान केदारनाथ का पुनर्निर्माण और पुनउर्त्थान हुआ है। मोदी सरकार ने केदारनाथ को दिव्य केदार बनाने का काम किया है। भगवान बद्रीनाथ के मास्टर प्लान पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केदारनाथ यात्रा आसान और कम समय की हो जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चंद्रायान का स्थापित होना, आदित्य प्रक्षेपण, जी-20 की अपार सफलता से भारत का सम्मान दुनिया में बड़ा है। भारत की शक्ति, भारत का सामर्थ्य और भारत की संस्कृति को दुनिया में ले जाने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में दुनिया की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी, लेकिन पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण भारत 11वें स्थान से छलांग लगाकर पांचवे स्थान पर पहुंचा है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेकों योजनाओं का लाभ गरीब लोगों को मिला है।

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री धामी ने कहा कि पंजाब में ये दोनों पार्टियों के नेता एक दूसरे के खिलाफ भला-बुरा कह रहे हैं और हरियाणा में गठबंधन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों दल लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सोच तो बड़ी घातक है। केजरीवाल बोलते थे एक भी आरोप लगा तो वह राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल शराब घोटाला में बेल पर है और राजनीति भी कर रहे हैं।

श्री धामी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज अपनी परम्परागत सीट छोड़कर भाग रहे हैं। यह प्रमाण है कि कांग्रेस ने हार मान ली है। पूरी पार्टी का कहीं भी कोई मनोबल नहीं है। दक्षिण के राज्यों में कांग्रेस का जनाधार घट रहा है और भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है।

श्री धामी ने कहा कि रोहतक में भी कांग्रेस एक ही परिवार तक सिमटी हुई है। रोहतक की जनता ने पिछली बार परिवारवाद को पीछे छोड़कर विकासवाद को अपनाया था। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता इस बार भी परिवारवाद को छोड़कर विकासवाद का साथ देगी। विपक्ष को स्लीपर सैल की तरह काम करने वाला बोलते हुए श्री धामी ने कहा कि ये लोग प्रोपगेंडा करने वाले लोग हैं, भ्रम फैलाने वाले लोग हैं।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम धामी ने कहा कि निश्चित रूप से कांग्रेस के समय कई घोटाले हुए हैं। रोहतक की जनता फिर से उन घोटालाबाजों का साथ नहीं देगी। केंद्र और हरियाणा भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ और ना ही किसी पर कोई आरोप लगा।

---

## न्यूज ब्रीफ

### जाट शाइनिंग स्टार स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**कैथल (अप्रस)।** सीबीएसई बोर्ड की तरफ से घोषित दसवीं व बाहरवीं के परीक्षा परिणाम में जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के कुल 105 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी जिनमें से स्कूल की छात्रा सोनाली ने 93 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, छात्रा वंशिका व रोहित बूरा ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और छात्र रोहित ने 89.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में प्राप्त की। अन्य 39 विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। दूसरी तरफ 12वीं की परीक्षा में कुल 93 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।कॉमर्स संकाय में छात्रा स्नेहा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम और छात्र राहुल ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा उज्जवल ने 83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। मेडिकल और नॉन मेडिकल में शुभम ने 95.2 और अमनदीप ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्मृति बूरा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और गौरव ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। आर्ट विषय में अंजलि ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम , अंशुल ने 89.1 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और मुस्कान रानी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में 13, कॉमर्स में 5 और आर्ट में 14 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। अन्य 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। प्रधानाचार्य ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को बधाई दी। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक चंद्रशेखर सहारण व जाट संस्थान में कार्य कर रहे अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मतदान के प्रति जागरूक कर रहे समाजसेवी सतपाल गुप्ता

**कैथल (अप्रस)।** रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सतपाल गुप्ता लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। वो विभिन्न संस्थानों तथा बाजारों में पैदल जाकर लोगों से मिलकर मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। उनकी संस्था की और से शत प्रतिशत मतदान करने वाले वार्ड व गांव को एक एलईडी देने की घोषणा भी की है। वे अपने जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला लघु सचिवालय में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की अपील की। वो अपने गले में स्लोगन पटिका पहनकर लोगों को इस महापर्व में भाग लेने का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने डीसी प्रशांत पंवार को भी वोट जागरूकता पैम्फेलट भी भेंट किया। चुनाव नायब तहसीलदार सुभाष ने समाजसेवी सतपाल गुप्ता के इस कार्य की सराहना की और कहा कि चुनाव प्रजातंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। प्रत्येक मतदाता को अपना कीमती वोट डालकर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

### सरकार का चल रहा है कर्मचारी विरोधी रवैया: एएचपीसी

**कैथल (अप्रस)।** ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन सर्कल कैथल की कन्वेंशन राजीव गांधी विद्युत सदन पिहोवा चौक पर हुई। इसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव कृष्ण चंदाना ने की व मंच का संचालन कैथल यूनिट सचिव अनिल दनोदा ने किया। कन्वेंशन में मुख्य रूप से राज्य चेयरमैन देवेन्द्र हुडा, राज्य प्रधान सुरेश राठी, राज्य महासचिव नरेश कुमार, राज्य उपसचिव राजेंद्र राणा, अभिषेक शर्मा, राज्य उपप्रधान स्वराज सिंह, राज्य कमेटी सदस्य बलजिंदर सीड़ा व कैथल यूनिट, गुहला यूनिट, पूंडरी यूनिट के प्रधान, सचिव ने संबोधित किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार का रवैया कर्मचारी विरोधी चल रहा है। अब समय है कि जो पार्टी कर्मचारियों की निम्न समस्याओं से समाधान करने की गारंटी दे उस पार्टी को कर्मचारी अपना मत दे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए, विभागों का निजीकरण बंद किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाई जाए, समान काम समान वेतन लागू किया जाए, विभाग में पक्की भर्ती की जाएं। राज्य सरकार व भारत सरकार को यूनियन द्वारा बार-बार मांग पत्र दिए गए परंतु सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

---

## 'म्हारा मोदी कार्यक्रम' में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बोले- सभी लोकसभा सीट जीतकर बनाएंगे इतिहास

विपक्ष नेतृत्व विहीन जबकि भाजपा का नेतृत्व विश्व के सबसे मजबूत नेता मोदी जी के हाथों में: पूर्व सीएम



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 15 मई।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि विरोधी दल हीन भावना से ग्रस्त होकर चुनाव लड़ रहे हैं। वह अपने दूल्हे का भी फैसला नहीं कर पा रहे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी कर रहे है। वह आज यहां गांव बल्ला में ÷म्हारा मोदी कार्यक्रम÷ में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रधान योगेंद्र राणा, कार्यक्रम के संयोजक सुमित नरवाल और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा विरोधी दल नरेंद्र मोदी को गिराने के लिए एकजुट तो हो रहे हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी ने 10 साल में जो काम किए हैं वह इन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचे। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस बौखला गई है और उसमें हीन भावना घर कर गई है,क्योंकि वह तीसरी बार लगातार हारने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने चुनावों की घोषणा होने के तुरंत बाद अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा को आम जनता के साथ-साथ ग्रामीण लोगों का भी सहयोग मिल रहा है।

भाजपा के स्टार प्रचारक मनोहर लाल ने कहा कि जब कोई कांग्रेस का नेता किसी के यहां चाय पर जाता है तो उसे बहुत बुरा लगता है क्योंकि उसने नरेंद्र मोदी को चाय वाला कहकर काफी अपमानित करने का काम किया है और उसके बाद जब कार्यक्रम का आयोजक उन्हें बाहर तक छोड़कर आता है और उन्हें राम-राम करता है तो भी उन्हें बहुत बुरा लगता है क्योंकि राम मंदिर के निर्माण में हमेशा इन लोगों ने कांटे बोने का काम किया है। मनोहर लाल ने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो सनातन को खत्म करने की बात करता हो वह राम-राम का शब्द कैसे सुन सकता है? उन्होंने कहा कि हरियाणा जवानों का प्रदेश है और अब भाजपा ने जय जवान जय किसान के साथ जय पहलवान शब्द को जोड़ने का काम किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जब मुख्यमंत्री का पद मिला तो कहा गया कि इन्हें अनुभव नहीं है तो उन्होंने कहा था कि उन्हें इन लोगों की तरह लूट-खसोट का अनुभव नहीं है लेकिन सेवा का बहुत अनुभव है। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने प्रदेश की जनता के फंसे हुए कामों को निकालने का काम किया है। पहले जहां नौकरियां बिकती थी अब नौकरियां मेरिट के आधार पर लगती हैं और पिछले 8 साल में 200 से ज्यादा युवाओं की गांव बल्ला में सरकारी नौकरियां लगी हैं।

**मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए सैंकड़ो कार्यकर्ता:** इससे पहले करनाल में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर सैंकड़ो लोगों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई। सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने सभी को भाजपा ग्रहण करवाई। इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, एडवोकेट विजयपाल वेदपाल व बीआर मदान विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदों पर विराजमान होते हैं। जबकि विपक्ष में परिवारवाद के कारण परिवार के लोग ही बड़े पदों पर पहुंचते हैं।

---

## नशे में धुत प्रवक्ता पहुंचा स्कूल सीएम संकल्प सेवा पर शिकायत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कांगड़ा, 15 मई।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के जवाली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगलाड़ा में बुधवार को स्कूल प्रवक्ता नशे की हालत में स्कूल पहुंच गया। प्रवक्ता ने नशे में धुत होने के कारण स्कूल में पहुंचकर कोई भी कक्षा नहीं ली। स्कूल स्टाफ सहित स्कूल प्रबंधन कमेटी ने प्रवक्ता को नशे में पकड़ लिया। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने संबंधित प्रवक्ता के खिलाफ एक्शन लेते हुए इसकी शिकायत मुख्यमंत्री संकल्प सेवा 1100 पर की।

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय राणा और पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि संबंधित प्रवक्ता अकसर नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचता है, इसको पूर्व में भी कई बार पकड़ा है। हर बार माफी मांगने पर प्रवक्ता को छोड़ दिया जाता है, लेकिन काफी बार समझाने के बाद भी प्रवक्ता बाज नहीं आ रहा है। इसका बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और अभिभावक बच्चों को स्कूल से निकालने के लिए मजबूर हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा निदेशक अमरजीत सिंह से मांग की है कि संबंधित प्रवक्ता को सस्पेंड किया जाए।

स्कूल की कार्यवाहक प्रिंसिपल मीना कुमारी ने कहा कि बुधवार को प्रवक्ता नशा करके स्कूल में पहुंचा था। उसने कोई भी कक्षा नहीं लगाई है। वहीं, शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है और प्रवक्ता के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

---

## कांग्रेसियों ने ही दिया कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन

### समर्थन देने वाले जिला पार्षद कांग्रेस के सक्रिय सदस्य और पूर्व पदाधिकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**करनाल, 15 मई।** चुनाव के दौरान समर्थन और विरोध का दौर चल रहा हैं। कांग्रेस द्वारा अब लोगों में भ्रम फैलाने के लिए अब अपने ही लोगों से समर्थन दिलाने का खूल खेला जा रहा हैं। बीते दिनों जिला परिषद के सदस्यों द्वारा कांग्रेस ने जो नाटकीय खेल खेला था। उसकी पोल उन्ही जिला पार्षदों ने खोल दी जिनके समर्थन का दावा किया जा रहा था। आज कांग्रेस ने अपने ही पदाधिकारी और सदस्य के तौर पर जिला परिषद के सदस्यों से ऐलाना करवा दिया कि यह कांग्रेस को समर्थन देंगे। कांग्रेस की दुर्गति का नजारा यहां दिखाई दिया। अब कांग्रेस सर्मीति जिला परिषद सदस्य अब कांग्रेस को समर्थन देने का एलान कर रहे हैं। जिमखाना क्लब में हुई एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस के समर्थित जिला पार्षदोंकुलदीप राणा, सुनील सिंधड़, अमित बराणा, रामफल कमालपुर, सचिन बुढनपुर पालेराम कृष्णा,प्रवीण गुढा ने कांग्रेस को ही समर्थन देने का ऐलान किया। यहां बता दें अमित बराणा युवक कांग्रेस का पदाधिकारी रहा हैं। अभी भी कांग्रेस के तहत दीपेंद्र सिंह हुड्डा टीम का सदस्य हैं। सचिन बुढनपुर भी युवक कांग्रेस का पदाधिकारी और एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष रह चुका हैं। कांग्रेस का सक्रिय सदस्य हैं। इसके अलावा रामफल कमालपुर भी युवक कांग्रेस का प्रांत पदाधिकारी रहा हैं। कांग्रेस का सक्रिय सदस्य हैं। इसके अलावा सुनील सिंधड़, पालेराम कृघा, प्रवीण गुढा, कुलदीप राणा भी कांग्रेस के सक्रिय सदस्य हैं। यहां पर हैरानी की बात तो यह है कि अब किसी का समर्थन ना मिलते देख अब कांग्रेस के लोग समर्थन के लिए छटपटा रहे हैं। जिला परिषद के सदस्यों ने पिछले दिनों कांग्रेस की पनोल खोल कर रख दी थी। जिला परिषद के साथ गांव में भी पंच सरपंच कांग्रेस के भ्रम जाल को समझा चुके हैं।

---

## हुड्डा आज करेंगे पाई अनाज मंडी में रैली को संबोधित: प्रदीप चौधरी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 मई।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा आगामी 16 मई दिन वृहस्पतिवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में शाम 5 बजे गांव पाई अनाज मंडी में विशाल रैली को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कार्यकर्त्ताओं व आमजनमानस को 16 मई की रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। प्रदीप चौधरी हलके के कई गांवों में ग्रामीणों व कार्यकर्त्ताओं को रैली में भाग लेने का न्यौता देने के पाई अनाज मंडी में युवाओं व कार्यकर्त्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार ने कहा कि देश व प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का शंखनाद हो चुका है और जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का प्रण कर चुकी है। भाजपा सरकार से हर वर्ग पूरी तरह से दुखी है। चुनाव में जनहित में भाजपा द्वारा किए गए वादे खोखले साबित हुए है। जनता भाजपा को सत्ता सौंपकर स्वयं का ठगा हुआ महसूस कर रही है। भाजपा के राज करने के बीत चुके है। कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी ने कहा कि विकास व रोजगार के झूठे दावे कर भाजपा जनता को गुमराह करने में लगी है, जबकि हकीकत में भाजपा ने रोजगार देने की बजाए रोजगार छिनने का काम किया है और हरियाणा विकास की दौड़ में पिछड़ चुका है।

सरकार से हर वर्ग का पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा की 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रिकार्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेंगे और देश में गठबंधन की सरकार बनेगी। इस मौके पर उनके साथ काफी संख्या में युवा मौजूद थे।

---

## नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 77वां जागरूकता कार्यक्रम

# नशा छोड़ने के लिए सरकारी अस्पताल में करें सम्पर्क

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से भी युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का हरियाणा में बड़ा काम किया जा रहा है। हरियाणा के सभी जिलों में अब तक 2100 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 15 लाख से अधिक युवाओं को जागरूक किया गया है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है जो प्रतिदिन हरियाणा के अलग अलग जिलों में जाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं। वे अधिकतर साइकिल पर सवार होकर अपने गंतव्य स्थान को जाए हैं। इस कड़ी में आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर में एक दिवसीय 77 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 615 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य महकार सिंह की अध्यक्षता और उपस्थिति में राजेश कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, रमेश कुमार, अनिल कुमार, जितेंद्र और विभिन्न शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में रूचिपूर्वक भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्रों के साथ सबसे पहले तो वार्तालाप के माध्यम से इस ज्वलंत विषय पर चर्चा की। विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जोड़कर उनके विचार सबके सामने प्रस्तुत किए गए। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों की परिभाषा, प्रभाव, कारण और निवारण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और श्यामपट पर लिखकर उदाहरण और आंकड़ों सहित बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन क्या प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने इस विषय को भावनात्मक रूप देकर समाज और राष्ट्र के प्रति सत्य निष्ठा से जोड़कर इस प्रकार प्रस्तुत किया कि विद्यार्थी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।

---

## करनाल की सियासत गरमाई

# आप जिलाध्यक्ष के घर पहुंचे सीएम सैनी, बदल सकते हैं पाला

### आया राम, गया राम के ही आने वाले दिन, हाल ही में मनोज वधवा, रोहिता रेवड़ी ने ज्वाइन की कांग्रेस

अर्थ प्रकाश/संदीप साहिल



**करनाल।** आमतौर पर पार्टी कार्यकर्ताओं या जनता के बीच जाना इन चुनावी दिनों में आम बात है, वोट के लिए प्रेरणा के दिन हैं, ऐसे में जाना भी चाहिए लेकिन हुआ यूं कि आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आप पार्टी जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह यहां पहुंचे।

बलविंद्र सिंह वार्ड नंबर दो के पार्षद भी हैं और उन्होंने अपनी दबंग छवि के कारण सरकार के खिलाफ मोर्चा भी खोला था लेकिन राजनीतिक दिनों में जब आप पार्टी के आका अरविंद केजरीवाल सरेआम भाजपा सरकार पर निशाना साधे हुए हैं ऐसे में आप पार्टी के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह के घर पहुंचने का मकसद भी राजनीतिक ही होगा। आज जब सोशल मीडिया पर ये बात वायरल हुई कि आप पार्टी जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह के घर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे हैं तो ये बात राजनीतिक गलियारों में तेजी से फैल गई। राजनीति के जानकारों ने बिना किसी लाग लपेट के कहा कि लगता है कि कोई नया दलिया या सब्जी पक रही है, आज उसकी नींव रखी जा रही है इसलिए उपचुनाव प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनके घर आए हैं। वहीं दूसरी ओर आप पार्टी के जिलाध्यक्ष व वार्ड नंबर दो के पार्षद बलविंद्र सिंह ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, मुख्यमंत्री क्योंकि उपचुनाव प्रत्याशी भी हैं और वे खुद वार्ड नंबर दो के पार्षद हैं, ऐसे में प्रत्याशी का उनके घर आना स्वाभाविक भी है। लेकिन राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि बलविंद्र सिंह की राजनीतिक इच्छा मेयर चुनाव लड़ने की रही है उन्होंने पिछले मेयर चुनाव में इलेक्शन फाइट करने के लिए अभियान भी चलाया था लेकिन फिर बाद में उन्होंने किसी कारणवश नाम वापस ले लिया था। राजनीति में कुछ भी संभव हो सकता है क्योंकि राजनीति में ना तो कोई स्थायी दोस्त होता है और ना ही कोई स्थायी दुश्मन। इसलिए ऐसा कहा जा रहा है कि आप पार्टी के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह भी अपने कई सीनियर आप नेताओं की तरह भाजपा का दामन थाम सकते हैं। सभी को जानकारी है कि कांग्रेस के बाद आप पार्टी में रहे अशोक तंवर आजकल सिरसा से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी हैं और वे कांग्रेस की कुमारी शैलजा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

### नेताओं के ऊंचे सुर, जनता खामोश

आजकल नेताओं के ऊंचे सुर हैं, क्योंकि वे जाकर वोटों की अपील तो कर रहे हैं, लेकिन जनता को खामोश पाकर काफी दिक्कत में हैं। हर गली, मोहल्ले, पार्क में सियासी माहौल अंदर से गरमाया हुआ है। लोग साढ़े नौ साल के हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के करनाल विधायक होते हुए कर्म विधान यानी कामों की गिनती कर रहे हैं, उनकी बिना पैसे सिफारिश के नौकरियां देने की बात के साथ साथ, गरीबों के आयुष्मान योजना के तहत फ्री इलाज की लोग तारीफ करते हैं वहीं एंटीएनकंबेंसी के कारण कुछ लोग उनकी खामियां भी गिनवाने से परहेज नहीं करते। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ लगातार जा रही मेयर रेनू बाला गुप्ता अपने भाषण में राष्ट्र प्रेम, कश्मीर में धारा 370 को हटवाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए दोनों मुख्यमंत्रियों को जिताने की जबरदस्त अपील कर रही हैं।

### रूठे पार्षद कहीं बदल ना दें पाला, मनाने पहुंचे सुभाष सुधा

करनाल के निगम पार्षद कहीं कांग्रेस के पाले में ना चले जाएं, इसके लिए मनाने का जिम्मा कुरुक्षेत्र थानेसर से विधायक बनकर अभी इन चुनावी दिनो से पहले मंत्री बने सुभाष सुधा को मनाने के लिए भेजा गया है। अंदर की बात ये है कि कुछ पार्षद भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए मनोज वधवा के संपर्क में हैं और वे भी भाजपा को अलविदा ना कह दें इसलिए मंत्री सुभाष सुधा ने अपना काम करनाल नगर निगम पार्षदों के लिए मनुहार का काम शुरू कर दिया है। वहीं अंदर की बात ये है कि पूर्व मंत्री और कांग्रेस के कुरुक्षेत्र से प्रबल दावेदार अशोक अरोड़ा करनाल मनोज वधवा के घर कांग्रेस में ज्वाइन करने वाले पार्षदों की सूची मांग रहे थे, शायद इसकी भनक सुभाष सुधा को लग गई, वैसे भी मंत्री सुभाष सुधा की हर खबर अक्सर पूर्व मंत्री अशोक अरोडा के पास होती है तो जाहिर सी बात है उनकी हर एक्टिविटी की जानकारी मंत्री सुभाष सुधा के पास भी होगी। बता दें कि एक समय पर दोनो यानी सुभाष सुधा व अशोक अरोड़ा एक ही पार्टी यानी इनेलो में रहे हैं।




# सट्टा बाजार का दावा भाजपा की सीटें घटेंगी लेकिन तीसरी बार मोदी सरकार निश्चित

**पहले के मुकाबले भाजपा को 2 से 5 सीटों का होगा नुकसान**

**हरियाणा में भाजपा को पांच सीट मिलना निश्चित, छठी मुश्किल**

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला



**जींद, 15 मई।** सट्टा बाजार में नरेंद्र मोदी की सरकार तीसरी बार आना तय कर दिया है। सट्टा बाजार में फिलहाल आज के दिन भाजपा को 298 नाट और 301 यस का भाव दिया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा को 298 सीट मिलना तय है, लेकिन भाजपा को अपनी पुरानी 303 सीट नहीं मिलेंगी। भाजपा अपने पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले सीटों में कटौती करेगी वह कितनी कटौती करेगी यह देखने वाली बात होगी। यह कटौती 2 से 5 सीटों के बीच हो सकती है। सट्टा बाजार इसी प्रकार कांग्रेस को 61 नाट और 63 यस का भाव दे रहा है। अर्थात कांग्रेस अपने पिछले चुनाव परिणाम से बढ़त की स्थिति में रहेगी कांग्रेस कम से कम 61 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है।

आज की तारीख में सट्टा बाजार में भाजपा को 5 सीट मिलना निश्चित माना जा रहा है लेकिन छठी सीट पर संशय के बादल हैं। पंजाब में भाजपा अपना खाता खोल रही है लेकिन दो से आगे सीटों पर नहीं बढ़ रही। दिल्ली में भाजपा को 6 सीट मिलना सट्टा बाजार निश्चित मान रहा है। पिछले चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 64 सीटों पर जीत हासिल हुई थी इस बार भाजपा एक या दो सीटों की बढ़त के साथ फायदे में रह सकती है। सट्टा बाजार का कहना है कि यहां भाजपा की सीटें 64 से 66 के बीच रहेंगी। राजस्थान में भाजपा को नुकसान होता नजर आ रहा है। ? पिछले चुनाव में भाजपा के पास यहां सभी 25 लोकसभा सीट थी लेकिन इस बार यह 18 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है। भाजपा को पश्चिम बंगाल में फायदा होता नजर आ रहा है। सट्टा बाजार की माने तो भाजपा को यहां 19 सीटें मिलना निश्चित है। यह संख्या 21 तक जा सकती है। उड़ीसा में भाजपा 12 से 13, बिहार में 13 से 15 और मध्य प्रदेश में 27 से 29 सीटों के बीच भाजपा चुनाव जीत सकती है। तमिलनाडु के भाजपा की तीन सीट निश्चित तौर पर सट्टा बाजार मान रहा है। इसके लिए 80 का 120 का भाव चल रहा है।

आज अर्थ प्रकाश ने सट्टा बाजार में हरियाणा की अलग-अलग सीटों का भी आकलन करने का काम किया। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर सट्टा बाजार कांटे की टक्कर मार रहा है यहां दोनों का भाव 85 पैसे है। सोनीपत में कांग्रेस के पक्ष में 45-55 का भाव चल रहा है। करनाल में भाजपा के पक्ष में 25-35 का भाव सट्टा बाजार में है। हिसार में कांग्रेस के पक्ष में 55-65 का भाव है जबकि सिरसा में कांग्रेस की जीत को सट्टा बाजार निश्चित मान रहा है। कुरुक्षेत्र में नवीन जिंदल के पक्ष में 65-80 का भाव है जबकि अंबाला में भाजपा के पक्ष में 60-70 का भाव है। रोहतक में कांग्रेस की जीत सट्टा बाजार में निश्चित है। यहां कांग्रेस के पक्ष में 10-15 का भाव है। फरीदाबाद में भाजपा के पक्ष में 65-80 का भाव है। जबकि गुड़गांव का रेट अभी नहीं है। सट्टा बाजार के लोगों की माने तो गुडगांव में सट्टा बाजार दोनों के बीच बराबर की टक्कर मान रहा है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा करनाल, फरीदाबाद, अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट जीत रही है। कांग्रेस सिरसा, रोहतक सीटों को जीत रही है। जबकि सोनीपत व हिसार में कांग्रेस लाभ की स्थिति में है। गुड़गांव, भिवानी-महेंद्रगढ़ में दोनों दलों के बीच बराबर की टक्कर है। आने वाला एक सप्ताह सोनीपत, हिसार, गुडगांव और भिवानी महेंद्रगढ़ सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है।

जींद में सट्टा बाजार से जुड़े एक व्यक्ति ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सट्टा बाजार में किसी एकाध पर विभिन्न परिस्थितियों में भाव परिवर्तन हो सकता है लेकिन सामान्य रूप से इसकी संभावनाएं कम होती हैं। मसलन सट्टा बाजार हरियाणा में पांच सीट भाजपा को दे रहा है तो इसमें बदलाव की संभावना बहुत कम है। इसी प्रकार से देश के लेवल पर भाजपा को व्यक्तिगत रूप से सट्टा बाजार 298 से 301 सीटों के बीच दे रहा है तो यह मानकर चल जाना चाहिए कि 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो आंकड़ा इसके आसपास ही रहेगा। भाजपा भले ही अबकी बार 400 पार का नारा दे रही हो और अपने व्यक्तिगत दम पर 370 सीट जीतने का दम भरा रही हो, लेकिन वह अपने पिछले 303 सीटों के रिकॉर्ड में से दो-तीन सीटें कम करती नजर आ रही है। सरकार के गठन पर इसका भले ही असर न पड़े, लेकिन मानसिक तौर पर इस स्थिति में भाजपा को यह बात सोचने पर मजबूर जरूर होना पड़ेगा कि इतने लंबे चौड़े प्रचार के बावजूद वह सीटें क्यों खो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### गांव भिवानी खेड़ा में हुआ डोर टू डोर प्रचार



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** थानेसर विधानसभा के गाँव भिवानी खेड़ा में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर घर–घर जाकर विकसित भारत के लिए। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व लोकसभा प्रत्याशी श्री नवीन जिंदल जी के लिए वोट की अपील। साथ में जिला महामंत्री श्री जसविंदर सैनी जी,ज्योतिसर मण्डल अध्यक्ष श्री रमेश सैनी जी,पूर्व जिला परिषद चेयरमैन श्री देवीदयाल शर्मा जी व भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु रहे।

### माउंट कार्मल इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं का उत्कृष्ट परिणाम

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय का



10वीं कक्षा का सीबीएसई परिणाम (2023 – 2024) 100 प्रतिशत रहा। प्रिया ने श्रेष्ठता दिखाते हुए सर्वोच्च परिणाम दिया और 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकिता ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा प्रियांशी ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अवनी जैन ने 88 प्रतिशत तथा जसमीन कौर ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय के प्रबंधन और प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों, स्टाफ और अभिभावकों को बधाई दी।

### हनुमान चालीसा पाठ व कीर्तन का आयोजन

**सफीदों (विशाल)।** वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर के नागक्षेत्र



सरोवर प्रांगण में कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष यशपाल सूरी ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में शिक्षाविद् एवं समाजसेवी नरेश सिंह बराड़ ने शिरकत की। वरिष्ठ नागरिकों ने नरेश सिंह बराड़ व उनकी धर्मपत्नी ऊषा बरा? का जोरदार स्वागत किया। नरेश सिंह बराड़ ने हनुमान जी की प्रतीमा पर माल्यार्पण करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। कीर्तन में श्रद्धालुओं व वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अपने संबोधन में नरेश सिंह बराड़ ने कहा कि हनुमान जी कलिकाल के जीवित देवता है और भक्तों के संकटों को हरणे वाले है। जिसने भी हनुमान जी का ध्यान कर लिया उसका बेड़ा पार हो जाता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को आश्वास्त किया कि उनके जिम्मे वे जो भी कार्य या सेवा लगाएंगे उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान यशपाल सूरी, महिला प्रधान सरोज भाटिया, प्रेम तनेजा विशेष रूप से मौजूद थे।

# सिख समुदाय ने देश और समाज के लिए हमेशा बलिदान दिया: नायब सैनी

**व्यवसायी वरिंदर सिंह के निवास पर मुख्यमंत्री का सिख संगत के साथ सैकडों लोगों ने किया स्वागत**

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन



**करनाल, 15 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि देश के भविष्य को ध्यान में रख्चा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बोट दें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दस सालों में दशे और प्रदेश की कायापलट कर रख दी है। हर क्षेत्र में विकास हुआ हैं। गरीब बर्ग को जल्द न्याय मिला हैं।

आज देश खुशहाल हैं। इसी खुशहाली को बरकरार रखने के लिए करनाल से दो कमन खिला कर राजधानी भेजें । वह डेरा कार सेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न सिख जत्थेबंदियों के साथ औद्योगिक व्यापारिक ,सामाजिक अबौर धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत कृपाण भेंट कर वरिंदर सिंह डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महामंत्री इंद्रपाल सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भूपिंदर सिंह असंध, हरियाणा चैम्बर आफ कामर्स की तरफ़ से प्रधान सुशील जैन,भूषण गोयल, हरप्रीत सिंह हेप्पी, एचएसआईडीसी के आर एल शर्मा, हरियाणा कृष उनकरण निर्मातसा संघ के रविंदर ढल, विजय सेतिया ने परंपरागत ढंग से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शशीपाल मैहता जगमोहन आनंद कनाडा से आए गुलाब सिंह सैनी,गुलाब सिंह मूनक कंवल जीत सिंह अजराना, दीपक पंडित, रतन सिंह जसविंदर सिंह विल्हा, केएम एस वाट, विजय सेतिया ,कपिल अत्रेजा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिंदर सिंह के पौत्र रणवीर सिंह को मुख्यमंत्री ने सम्मनित किया। वह 20 मई से कजाकिस्तान में होने वाले डेविस कप जूनियर में भारत का प्रतिनिधत्व करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा तथा सरकार गुरुओं की मर्यादा का पूरा ध्यान रखती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मन बढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने करतार साहेब जाने के लिए कोरीडोर बनवाया।

उन्होंने कहा कि पूरे देश को एकजुट रखने में सिख समुदाय का महत्वपूर्ण स्थान हैं। इस अवसर पर डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधे कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा गुरुओं का सम्मन किया हैं। इस लिए यह कौम प्रधानमंत्री के साथ हैं। एचएसजीपीसी के प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि सिंख समुदाय ने हमेशा देश हित में काम किया हैं। उन्होंने कहा कि एचएसजीपीसी के माध्यम से सरकार सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ कर रही हैं। इय अवसर पर बोल सो निहाल सत श्री अकाल के नारे गूंजते रहे।

# लोगों को आपस जोड़कर रखती आई है भाजपा: सुमन सैनी



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 15 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा को सिर्फ सरकार बनाने के लिए लोगों को नहीं जोडऩा है, बल्कि देश बनाने के लिए लोगों को जोडऩा है। भारतीय जनता पार्टी लोगों को आपस जोडकर रखते आई है और हमेशा आपसी भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के जीवन को बदलने और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं। उन्होंने कहा कि पिछ्ले 10 वर्षो में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्रास करने का जो हौसला पाया है वह अभूतपूर्व है। सुमन सैनी बुधवार को करनाल में सरदार गुरदेव सिंह डेरा करनाल में सुखदेव सिंह, शास्त्री नगर में रणधीर पाल, गौशाला रोड नजदीक शिव मंदिर प्रवीण, सेक्टर-13 एक्सटेंशन में साहिल मदान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से जीत दिलवाने का काम करेंगे। सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों की चिंता करते हुए अनेकों योजनाएं चलाई जिनका लाभ पूरे देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकास को बढ़ाने के लिए और देश को विकसित बनाने के लिए भाजपा सरकार को चुनें।

# केजरीवाल कोबरा से भी खतरनाक और देशद्रोही: रामकुमार गौतम

## कैथल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केजरीवाल पर लगाए गंभीर आरोप

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 मई।** नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा है कि केजरीवाल कोबरा सांप से भी खतरनाक है। उसका जिसने भी साथ दिया उसी को केजरीवाल ने धोखा दिया है। वह देश के लिए खतरा है। ऐसे आदमी की पार्टी के उम्मीदवार को कभी भूलकर भी वोट मत देना। उसने राज्यसभा में सुशील गुप्ता जैसे लोगों को भेजा जिनके उसकी पार्टी से कभी कोई लेना-देना भी नहीं रहा। दुष्यंत चौटाला के बारे में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने बस इतना कहा कि आप वह बात क्यों पूछते हैं जो बताने के काबिल नहीं है। गौतम बोले की वे आज सिर्फ केजरीवाल के बारे में बात करने के लिए आए हैं। बुधवार को कैथल के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में रामकुमार गौतम ने केजरीवाल को तानाशाह और देशद्रोही तक कह डाला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने नवीन जय हिंद, छोटेपुर और अन्ना हजारे को धोखा दिया। उसने प्रशांत भूषण और यादव को भी इस लायक नहीं समझा कि उन्हें राज्यसभा में भेज देता। उसका जो साथ देता है। वह उसे खत्म कर देता है। उसने कांग्रेस को उजाड़ दिया। कांग्रेस का गुजरात गोवा में बहुत नुकसान किया। केजरीवाल ने सीएए और एनआरसी का विरोध किया। उसने अपने साथी रहे नवीन जय हिंद की बीवी स्वाति मालीवाल को छीन लिया और अब अपने पीए विभव कुमार से उसे पिटवा दिया। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि दिल्ली बम धमाके के आरोपी देविन्दर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई के एवज में उन्होंने केजरीवाल को 134 करोड रुपए दिए। रामकुमार गौतम ने कहा कि गद्दार को वोट मत देना चाहे किसी को भी वोट दे देना।

# चोर गिरोह ने 300 दिन में की 152 वारदातें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 15 मई।** सीआईए-वन पुलिस ने खेतों में खड़े ट्रांसफार्मर और बिजली की तार चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक गाड़ी, बाइक, उपकरण, 8000 रुपये, ट्रांसफार्मरों से चोरी की गई 3 क्विंटल 6 किलो तांबा तार व खेतों में लगे सबमर्सिबल बोर की 40 किलो केबल की तार बरामद की है। बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी उपासना ने बताया कि रिश्तेदारों द्वारा बनाए गए चोर गिरोह के सदस्यों ने एक जुलाई 2023 से एक मई 2024 तक 10 महीना में थाना गुहला, चीका, सीवन व सदर क्षेत्र अंतर्गत की ट्रांसफार्मर चोरी व खेत से तार चोरी की 152 वारदातों को कबूल किया है। एसपी उपासना ने बताया कि गांव दुसेरपुर निवासी रोशनलाल की शिकायत अनुसार एक मई 2024 की रात गांव दुसेरपुर के 3 खेतों से 3 ट्रांसफार्मर का सामान अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। इस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। मामले को सीआईए-वन के सुपुर्द किया गया था। सीआईए-वन प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एसआई रणजीत सिंह, एएसआई प्रदीप कुमार एसआई नत्थू राम, एएसआई कमलजीत, एचसी जयवीर, एचसी सुभाष, एचसी दिनेश, एचसी सुखपाल, सिपाही संदीप की टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबरी के आधार पर व साइबर सैल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह की टीम की सहायता से कार्यवाही करते हुए पातड़ा, पंजाब से 7 मई को आरोपी छोटी ढिन्डोली थाना दिड़बा जिला संगरूर पंजाब निवासी अमनदीप सिंह तथा चुनागरा रोड़ टिब्बा बस्ती पातड़ा जिला पटियाला पंजाब निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया गया।

# एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका ने नवमतदाता को सौंपा मतदाता पहचान पत्र

अर्थ प्रकाश/सुशील



**नारायणगढ़, 15 मई।** एआरओं एवं एसडीएम यश जालुका ने आज गांव गदौली के नवमतदाता निशांत पुत्र अमित कुमार को मतदाता पहचान पत्र देकर लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान करने का आह्वान किया। निशांत के मतदाता बनने पर एआरओं एवं एसडीएम यश जालुका ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने निशांत से कहा कि वह न केवल स्वयं बल्कि अपने परिजनों एवं आस-पड़ौस के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदान बिना किसी प्रलोभन के व अपने विवेक से करें और इस बारे में भी मतदाताओं को जागरूक भी करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को हरियाणा में मतदान होगा। नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 190957 मतदाता है। जिनमें से पुरूष मतदाता 100924, महिला मतदाता 90023 तथा थर्ड जेंडर 10 मतदाता है।

उन्होने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है और उनके पास एपिक कार्ड नहीं है तो भी वे चुनाव में वोट डाल सकते है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

# युवाओं ने नवीन जिंदल के समर्थन में निकाली विशाल रैली

## युवाओं के लिए बहुत सी योजनाओं को करूंगा लागू, हर साल हजारों युवा होंगे लाभान्वित: नवीन जिंदल

**भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल सुधा के नेतृत्व में निकली विशाल बाइक रैली में शामिल हुए युवा किसान**

**युवा शक्ति नवीन को संसद में भेजकर मोदी जी के 400 पर के नारे को करेगी साकार: सुधा**

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 15 मई।** बुधवार की सुबह थीम पार्क में सैंकड़ों ट्रैक्टरों पर सवार युवा किसानों और हजारों मोटरसाइकिलों पर सवार युवाओं के हुजूम ने ये साफ कर दिया है कि देश की युवा शक्ति ने एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री और अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा के नेतृत्व में आयोजित विशाल बाइक रैली में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने साहिल सुधा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर उन्हें अपना समर्थन देने पहुंचे सभी युवा किसानों और युवा शक्ति का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

थीम पार्क में उमड़ी युवा शक्ति को संबोधित करते हुए नवीन जिंदल ने कहा कि किसी भी देश की दशा और दिशा बदलने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होती है। ऐसे में इस बार भी लोकसभा चुनाव में युवा शक्ति अपनी अहम भूमिका निभायेगी और पिछले दो चुनावों की तरह इस चुनाव में भी एक बार फिर कमल का फूल खिलकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। नवीन जिंदल कहा कि उन्होंने युवाओं के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हुई है जिन्हें लोकसभा चुनाव के परिणाम आते ही शीघ्रता से लागू किया जाएगा। इससे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिवर्ष हजारों युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने भव्य बाइक रैली के आयोजन के लिए युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल सुधा की पीठ भी थपथपाई।

### जिंदल ने खुद स्कूटी चलाकर बाइक रैली को किया रवाना

थीम पार्क में सैंकड़ों की संख्या में खड़े ट्रैक्टरों और मोटर साइकिलों की अगुवाई खुद भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने की। उन्होंने सफेद रंग की स्कूटी को चलकर इस बाइक रैली को रवाना किया और थीम पार्क से गांव बाहरी के लिए रवाना हुए। जगह जगह नवीन जिंदल और साहिल सुधा का स्वागत किया गया। सभी ने जनता से 25 मई को कमल के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा को मजबूत करने की अपील की।

### 21 ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ भव्य स्वागत

गौरतलब है कि बुधवार को साहिल सुधा के नेतृत्व में 21 अलग अलग गावों में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाइक रैली से आरंभ हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव बाहरी, जोगनाखेडा, नरकातारी, दबखेड़ी, बलाही, समसपुर, बगथला, घमूरखेड़ी, हंसाला, मलिकपुर, सिंहपुरा, बहादुरपुरा, भिवानी खेड़ा, बिशनगढ़, डोडा खेड़ी, सिरसला, रतन डेरा, हरियापुर, प्रतापगढ़, अमरगढ़ मझाड़ा में ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को अपना समर्थन आशीर्वाद देकर उनकी भावी जीत को राह आसान कर दी।

### साहिल सुभाष सुधा रहे सभी कार्यक्रमों के सूत्रधार

इन सभी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री सुभाष सुधा के सुपुत्र साहिल सुभाष सुधा ने की। साहिल सुधा थानेसर हल्के में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रमों का पहले भी कुशल संचालन कर चुके हैं। बीती 5 मई रविवार को भी साहिल सुधा के नेतृत्व में दर्जनों गांवों में भव्य कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ था। उसी कड़ी में बुधवार को साहिल सुभाष सुधा का जलवा एक बार फिर नजर आया वो भी 12 घंटों में बैक टू बैक आयोजित होने वाले 22 कार्यक्रमों में।

सम्पादकीय

# चाबहार बंदरगाह से भारत-ईरान के संबंधों में आएगी मजबूती

*भारत सहित अन्य देशों के साथ पश्चिमी देशों का पक्षपातपूर्ण रवैया एक बार फिर उजागर हुआ है। अमेरिका एवं अन्य देश विकासशील देशों के साथ जिस प्रकार दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहे हैं, उसका उदाहरण ईरानी बंदरगाह चाबहार के मामले को लेकर सामने आ रहा है। भारत ने ईरान के साथ इस बंदरगाह को संचालित करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर क्या किए अमेरिका परेशान हो गया। यह भी कितनी अनोखी बात है कि अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की धमकी दी है। हालांकि विदेश मंत्री एस जयशंकर के जवाब ने अमेरिका की असलियत को सामने ला दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि ईरान के साथ डील करने वाले को प्रतिबंध से सावधान रहना चाहिए। वास्तव में अमेरिका जैसे सुपरपावर की सोच अगर सीमित होती है तो असर व्यापक हो सकता है। अमेरिका कल तक जिस चाबहार बंदरगाह को गेम चेंजर बता रहा था, अफगानिस्तान से निकलने के बाद उसके लिए हुई डील पर भड़क रहा है। यह साफ-साफ छोटी सोच का ही नतीजा है, व्यापक हित की दृष्टि तो बिल्कुल नहीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना उचित ही है कि अमेरिका की दोहरी नीति की पोल खुल गई है। अमेरिका ने अतीत में ऐसा नहीं किया है, इसलिए, यदि आप चाबहार बंदरगाह के प्रति अमेरिका के नजरिए को देखें, तो अमेरिका खुद ही खुलकर कहता रहा है कि चाबहार की व्यापक प्रासंगिकता है।*

**विदेश मंत्री का कहना है कि ईरान से डील को लेकर अमेरिका से बात की जाएगी। वास्तव में यह समझना जरूरी है कि इस बंदरगाह के साथ भारत का क्या वास्ता है। चाबहार बंदरगाह के साथ भारत का पुराना नाता रहा है, लेकिन भारत कभी दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर पाया। इसका कारण यह था कि ईरान की ओर से कई तरह की समस्याएं थीं। जॉइंट वेंचर के पार्टनर बदल गए, स्थितियां बदल गईं। आखिरकार, अब जाकर भारत इस समस्या को सुलझाने में सफल रहा है और यह दीर्घकालिक समझौता संभव हो पाया है।**

*विदेश मंत्री का कहना है कि ईरान से डील को लेकर अमेरिका से बात की जाएगी। वास्तव में यह समझना जरूरी है कि इस बंदरगाह के साथ भारत का क्या वास्ता है। चाबहार बंदरगाह के साथ भारत का पुराना नाता रहा है, लेकिन भारत कभी दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर पाया। इसका कारण यह था कि ईरान की ओर से कई तरह की समस्याएं थीं। जॉइंट वेंचर के पार्टनर बदल गए, स्थितियां बदल गईं। आखिरकार, अब जाकर भारत इस समस्या को सुलझाने में सफल रहा है और यह दीर्घकालिक समझौता संभव हो पाया है।लंबे समय की डील इसलिए जरूरी है क्योंकि इसके बिना आप बंदरगाह संचालन में वास्तविक सुधार नहीं कर सकते। ध्यान रहे कि चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए भारत के इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन (पीएमओ) के बीच औपचारिक समझौता हुआ।*

*चाबहार बंदरगाह, भारत और ईरान के बीच एक प्रमुख परियोजना है। यह अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक ट्रांजिट हब का काम करता है। मध्य एशियाई देशों के लैंड लॉक्ड होने के कारण इस बंदरगाह का रणनीतिक महत्व है। भारत ने इस बंदरगाह के विकास और संचालन, दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार ने बंदरगाह के बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण निवेश किया है जिसका उद्देश्य अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक भारतीय माल को सुगमता से पहुंचाने के लिए इसे एक ट्रांजिट कॉरिडोर में बदलना है। इस पोर्ट का महत्व भारत के लिए इससे भी समझा जा सकता है कि चुनाव के व्यस्त समय के बीच मोदी सरकार ने अपने मंत्री को इस डील के लिए ईरान भेजा था। समझौते पर हस्ताक्षर के साथ दोनों देशों ने चाबहार में दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखी है। समझौते के तहत, चाबहार बंदरगाह पर सरकारी स्वामित्व वाली आईपीजीएल लगभग 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी, जबकि अतिरिक्त 270 मिलियन डॉलर वित्तपोषण में दिए जाएंगे, जिससे अनुबंध का मूल्य 370 मिलियन डॉलर हो जाएगा।*

*केंद्र सरकार का मत है कि चाबहार बंदरगाह का महत्व भारत और ईरान के बीच एक मात्र माध्यम के रूप में इसकी भूमिका से कहीं अधिक है। यह भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण व्यापार धमनी के रूप में कार्य करता है। इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने से चाबहार बंदरगाह की व्यवहार्यता और दृश्यता पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। वास्तव में अमेरिका समेत दूसरे पश्चिमी देशों का रवैया भारत के प्रति प्रतियोगी का रहा है। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और अमेरिका इस बात को समझता है। निश्चित रूप से यह भारत के लिए एक उपलब्धि है कि चाबहार बंदरगाह का संचालन अब उसके हाथों में है। लेकिन वैश्विक परिदृश्य में भारत को अपनी उपस्थिति को इसी प्रकार और मजबूत करना होगा।*

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है।




किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाडय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है।

भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टत दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में आई तेजी के चलते केवल गरीब वर्ग के लिए विशेष योजनाएं ही नहीं चलाई गई है बल्कि विशेष रूप से केंद्र सरकार के लिए अपने पूंजीगत खर्च में भी बढ़ोत्तरी करने में आसानी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च का केंद्रीय बजट में प्रस्ताव किया गया है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10 लाख करोड़ रुपए का था एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार द्वारा की जा रही इतनी भारी भरकम राशि के पूंजीगत खर्च के कारण ही आज देश में निजी क्षेत्र भी अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित हुआ है। विदेशी वित्तीय संस्थान भी अब भारत में अपना विदेशी निवेश बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार हो रही वृद्धि के कारण केंद्र सरकार के बजट में वित्तीय घाटे की राशि को लगातार कम किए जाने में सफलता मिलती दिखाई दे रही है, इससे केंद्र सरकार को अपने खर्चे चलाने के लिए बाजार से ऋण लेने की आवश्यकता भी कम होने जा रही है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### कालोनियों के 20 हजार परिवारों का पुनर्वास होगा

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक सुरेन्द्रनाथ का कहना है कि किसी भी शहर की सुन्दरता कहा बनी इमारतों से नहीं बल्कि शहर में रहने वाले लोगों के रहन सहन के ढंग व उनके पढ़े लिखे होने से आंकी जाती है। आज यहां मौलीजागरा से झुग्गी झोपड़ी वालों के लिए चंडीगढ़ प्रशासन व हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए जाने वाली पुनर्वास कालोनी स्थल पर एक हाई स्कूल व डिस्पेंसरी के उद्‌घाटन अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोलते हुए सुरेन्द्र नाथ ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन ने आगामी दो सालों के भीतर झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे 20 हजार परिवारों के पुनर्वास की योजना बनाई है। इनमें से पहले वर्ष में 12 हजार परिवारों को बसाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई झुग्गियां नहीं बननी चाहिए व इस पर गौर किया जाना जरूरी है। उन्होंने इस काम में आम जनता से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ देशभर में पहला संघ शासित प्रदेश है जहां एक साल बाद 100 प्रतिशत साक्षरता हासिल कर ली जाएगी। उन्होंने कहा पंजाब की समस्याओं में काफी व्यवस्था के कारण वे चंडीगढ़ के लिए पूरा समय नहीं दे सके।

### दलालों के जरिए होता है नए नोटों का धंधा

चंडीगढ़। आम जनता जनता के लिए नये नोट प्राप्त करना टेडी खीर बनता जा रहा है सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक कतार में लगने के बाद भी यदि 25 या 50 नये नोट हाथ में आ जाए तो गनीमत है। भारतीय रिजर्व बैंक चूंकि एक दो व पांच रुपये के नोटों की छपाई व चलन बंद करने का फैसला कर चुका है अतः इन नोटों की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के चंडीगढ़ सब आफिस की मुद्रा शाखा का आलम यह है कि दफ्तर खुलने से लेकर बंद होने तक के चार घंटे में काउंटर कर्मी मुश्किल से दो घंटे बैठता है। सूत्रों के मुताबिक काउंटर कर्मी हर घंटे बाद खजाने से नये नोट लेकर आने का बहाना बनाकर चला जाता है नये नोट लेने आए एक व्यक्ति का कहना था कि नोट लेने के तरीके तो बैंक परिसर में व बैंक के आसपास मंडराते दलालों को आते है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1606: रूस में दो हजार विदेशी नागरिकों की हत्या हुई।
1875: वेनेजुएला और कोलंबिया में विनाशकारी भूकंप के कारण 16000 लोगों की मौत हुयी।
1911: कलकत्ता (अब कोलकाता) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था।
1920: फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी।
1943: वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई ख़त्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था।
1960: भारत और ब्रिटेन के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत।
1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फिलस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए।
1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया।
1996: अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।
2004: टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता।
2006: हॉलिवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया।
2006: न्यूजीलैंड के 47 वर्षीय मार्क इंजलिस कृत्रिम पैरों के सहारे एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बने।
2007: निकोलस सरकोजी का फ्रांस के राष्ट्रपति के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत।
2008: उच्चतम न्यायालय ने केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्णय को ख़ारिज किया।
2013: अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल निकालने में सफलता मिली।
2014: भारतीय उद्योगपति रुस्तमजी होमसजी मोदी का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल

**सुहेल सेठः** देश का माहौल कुछ ऐसा हो गया है कि यहां कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या से अधिक लोग इस समय चुनाव विश्लेषक बने हुए है।



**कुमार अंशुमनः** कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी भारत मे अपनी जड़े निरंतर जमाती जा रही है। इसके बावजूद अफसोस यही है कि किसी भी राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में कैंसर को लेकर कोई बात नहीं कही गई है। सरकार को गंभीर होना पड़ेगा।

**अखिलेश शर्माः** केवल मिलावट का ही संकट नहीं है। आपको और हमें खाने की गुणवत्ता के नाम पर भ्रमित भी किया जा रहा है। लोगों को चलना तो ठीक, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए क्या किया जा रहा है?

**यूसुफ ऊंझावालाः** श्रीनगर में 37 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 में यह 14 प्रतिशत ही था। लोगों के साथ सुरक्षा स्थिति सुधारने के लिए सरकार की बधाई।

खास मुलाकात

# हरियाणा में भाजपा सरकार जनता के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है

**पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा से सुमित्रा की बातचीत**

'भाजपा सरकार किसानों और आमजन के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है। यह कैसा विकास है, जहां धनाड्यों के लाखों-करोडों के कर्जे माफ हो रहे हैं और किसानों को मुआवजा तक नहीं मिल रहा है।' यह कहना है कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का। उनका कहना है कि पिछले दस साल में राजनीति में बहुत कुछ बदला है, लेकिन इस बार लड़ाई संविधान और लोकतंत्र बचाने की है। सैलजा इस बार सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। इससे पहले भी वे सिरसा और अंबाला क्षेत्र से चुनाव जीत चुकी हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा से लोकसभा चुनावों को लेकर 'अर्थप्रकाश' के लिए सुमित्रा ने लंबी बात की. यहां प्रस्तुत हैं इस बातचीत के मुख्य अंशः-

**लोकसभा चुनावों में इस बार मुख्य मुद्दे क्या हैं?**

- आज देश में संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग है, सरकार आम जनता के हित में कोई काम करने के बजाए जनता और किसानों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, किसानों को बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा तक नहीं दिया जाता और धनाड्यों के लाखों-करोडों के कर्जे माफ कर दिए जाते हैं।

**लेकिन भाजपा सरकार का नारा तो सबका साथ, सबका विकास है?**

- सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाली सरकार ने जब सरपंचों के सारे को अधिकार ही छीन लिये तो गांवों में कैसे विकास होगा? इस सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाए जनता को मुद्दों से भटकाकर देश और समाज में धर्म के नाम पर बंटवारे की बात करती है।

**आप चुनाव को लेकर दौरे कर रही हैं। लोगों का रुझान क्या है?**

- मैं जिस-जिस गांव में गई, वहां पर जोरदार स्वागत किया गया। युवाओं में उत्साह देखते ही बनता है, महिलाएं और बुजुर्ग सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दे रहे हैं। मेरे साथ चूरू लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. के.वी. सिंह, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, मलकीत सिंह खोसा, कामरेड स्वर्ण सिंह विर्क, पूर्व मंत्री जगदीश नेहरा के पुत्र एडवोकेट संदीप नेहरा, जसवंत सिंह कस्वां, हरिओम कौशिक, राजेश चाड़ीवाल, रतन गेदर, विशाल वर्मा, गुरदेव सिंह विर्क, रवि कंबोज, विनीत कंबोज, आम आदमी पार्टी नेता हैप्पी कंबोज आदि मौजूद थे. लोगों का कांग्रेस को अच्छा समर्थन मिल रहा है।





**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आप किस आधार पर विश्वासघात का आरोप कैसे लगा रही हैं?**

- मोदी सरकार ने देश की जनता के साथ विश्वासघात के सिवाय कुछ नहीं किया है। लोगों के खाते में 15 लाख रुपए डालने की बात कह कर उन्हें गुमराह करते हैं। भाजपा ने देश और समाज में बंटवारे जैसा माहौल बना दिया है. देश में लोकतंत्र तो रहा ही नहीं। सरकार तानाशाह बनी हुई है, लोग अपने सम्मान और अधिकारियों की लड़ाई लड़ रहे हैं, अब हमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखकर कल के बारे में सोचना है।

**आप यह सब कैसे पर पाएंगी?**

- समय आ गया है, जहां लोकतंत्र को बचाना भी है और उसे मजबूत करना भी है। युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकाल कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है और उनको रोजगार उपलब्ध करवाना है। जिस देश में बेरोजगारों की कतारें लगी हुई हैं, वहां विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। किसान अपने हकों की लड़ाई लड़ रहा है पर सरकार के पास उनको मुआवजा तक देने के लिए पैसे नहीं हैं। दूसरी तरफ सरकार के साथ चलने वाले दो चार धलाड्यों के लाखों-करोडों के कर्ज माफ किए जाते हैं. क्या इसी को 'सबका साथ, सबका विकास' कहा जाता है?

**लंबे समय के बाद आप सिरसा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। ऐसा क्यों?**

- सिरसा लोकसभा क्षेत्र मेरा अपना घर-परिवार है, मेरे पिता चौधरी दलबीर सिंह का इस क्षेत्र से लगाव रहा है। इसी भूमि से मैंने राजनीति की शुरूआत की थी, मेरा इस क्षेत्र से गहरा नाता रहा है। लगातार सिरसा आना-जाना रहा है। लोगों के सुख-दुख में शामिल होती रही हूं। यहां के लोगों के कहने पर ही मैं यह चुनाव लड़ रही हूं। सच तो यही है कि यहां से सैलजा नहीं, बल्कि सिरसा की जनता चुनाव लड़ रही है. भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए हम सभी को एकजुट हो कर लडाई लड़नी होगी, अगर पार्टी जिंदा है तो हम जिंदा हैं।

**भाजपा सिरसा से जीत के दावे कर रही है। क्या आप ऐसा नहीं मानती हैं?**

- हम सभी को मिलकर भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने देना है। भाजपा का कोई भी नेता असली मुद्दों पर बात नहीं करता, बल्कि जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहा है। भाजपा को पता है कि इस बार जनता उसके बहकावे में आने वाली नहीं है। इसीलिए भाजपा धर्म की बात करती है।

**भाजपा के प्रति किसानों का क्या रुख है?**

भाजपा सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने के बात कही थी। आय दुगनी तो नहीं हुई, पर दस साल में किसान पर आर्थिक बोझ कई गुना बढ़ गया है। फसलों को मुआवजा दिया नहीं जा रहा है। किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार एमएसपी की बात से दूर भाग रही है। एसएसपी पर आश्वासन ही दिए जा रहे हैं पर कांग्रेस वायदा करती है कि एमएसपी कानून लागू किया जाएगा और किसानों के सारे कब्जे माफ किए जाएंगे।

**सरपंचों और स्थानीय निकाय के मसले भी तो हैं?**

- सरपंचों और स्थानीय निकायो के अध्यक्षों के अधिकार बहाल किए जाएंगे। युवाओं, महिलाओं को उनके हक दिए जाएगें। भाजपा किसी न किसी बहाने से महिलाओं, बहन-बेटियों का अपमान करती आ रही है पर कांग्रेस महिलाओं का पूरा मान-सम्मान करेगी।

**हरियाणा में नशा बढ़ने लगा है। क्या आपको इसका कोई समाधान नजर आता है?**

- नशा मुक्ति को लेकर सख्त नीति बनाई जाएगी। युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए, हर प्रभावित जिलों में नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे।

# काम रुकवाने के बावजूद पिंक सिटी, पीरमुछल्ला में खोद डाली बरसाती पानी के निकासी वाली पाइपलाइन

## क्षेत्र निवासियों ने फिर से की नगर कौंसिल को शिकायत

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** स्थानीय पीरमुछल्ला क्षेत्र में स्थित पिंक सिटी कॉलोनी में बरसाती पानी की निकासी के लिए छोटे पाइप डाले गए थे जो के बरसात के दिनों में आने वाले पानी को निकालने के लिए कुछ हद तक सहायक होते थे लेकिन पिछले वर्ष बरसात के दिनों में आई बाढ़ के दौरान इस क्षेत्र में बहुत पानी भर गया था और पानी में करंट आने से एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई थी, जिसके चलते लोगों में रोष की लहर फैल गई थी। इस वर्ष फरवरी महीने में भी लोगों ने पानी की निकासी का स्थाई हल करने के लिए नगर कौंसिल जीरकपुर के पास गुहार लगाई थी। जिसके चलते नगर कौंसिल दफ्तर में लोगों तथा नगर कौंसिल अधिकारियों की मौजूदगी में बिल्डर के साथ मीटिंग हुई थी। जिसमें यह तय हुआ था कि जब तक पानी की निकासी का स्थाई समाधान नहीं हो जाता तब तक पिंक सिटी के बिल्डर द्वारा इस प्लाट में कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा, जिसमें से बरसाती पानी की निकासी वाली पाइपलाइन गुजरती है। क्योंकि अगर यह पाइपलाइन निकाल दी जाती है या बंद कर दी जाती है तो बरसात के दिनों में पूरा का पूरा क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। रायपेरियन कानून के तहत कोई भी व्यक्ति पानी के कुदरती बहाव के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकता।

उस समय कम चौड़ाई वाले दो पाइप पानी की निकासी के लिए डाले गए थे। फिर से पिंक सिटी के बिल्डर द्वारा यह पाइप खोद दिए गए हैं, जिसके चलते क्षेत्र निवासियों में रोष की लहर फैल गई है। जिसके चलते वार्ड नंबर 11 के समाजसेवी गुरसेवक पूनिया तथा अन्य स्थानीय निवासियों ने नगर कौंसिल जीरकपुर में इसकी शिकायत कर दी है और कहा है कि इस कार्य को तुरंत बंद करवाया जाए क्योंकि अगर बिल्डर द्वारा इस पाइपलाइन को उखाड़ दिया गया है तो आने वाले समय में इस प्लाट में वह अपना निर्माण कार्य भी शुरू कर सकता है, जिससे बरसात के दिनों में क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन सकती है। इस मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी गुरसेवक सिंह पूनिया, प्रदीप सोनी , कपिल चोपड़ा , रमेश भट्ट , अमित वर्मा, प्रवेश शर्मा, नरेश ठाकुर, देवेंद्र बैंस ने बताया कि जब नगर कौंसिल अधिकारियों के मौजूदगी में बिल्डर के साथ यह समझौता हो चुका है कि जब तक पानी की निकासी का स्थाई प्रबंध नहीं किया जाता तब तक बिल्डर इस प्लाट में कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता, बावजूद इसके बिल्डर द्वारा प्लाट में खुदाई करवाई गई है। लोगों का कहना है कि बिल्डर ने कहा है कि वह यहां पर पक्का नाला बना रहा है, जब के हमें उस पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं है, क्योंकि यहां पर नगर कौंसिल का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं है, जिनके सामने नगर कौंसिल दफ्तर में मीटिंग हुई थी। इसलिए बिल्डर को किसी भी तरह की खुदाई या निर्माण कार्य करने से रोका जाना चाहिए।





### क्या कहना है नगर कौंसिल के प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों का

इस संबंधी बात करने पर नगर कौंसिल जीरकपुर के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि इस बात का समझौता मेरे सामने हुआ है कि बरसाती पानी की निकासी का स्थाई समाधान होने तक बिल्डर इस प्लाट में कोई भी छेड़छाड़ नहीं करेगा। अगर बिल्डर इसमें किसी भी तरह की कोई कार्रवाई करता है तो नगर कौंसिल द्वारा उसके खिलाफ बनती कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहना है नगर कौंसिल के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया का

इस संबंधी बात करने पर नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया ने कहा के अगर बिल्डर द्वारा यह पानी की निकासी वाले पाइप उखाड़ दिए हैं तो कल को नगर कौंसिल जीरकपुर की टीम भेज कर चेक करवा लिया जाएगा और बनती कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहना है बिल्डर शिव कुमार पवार का

इस संबंधी बात करने पर पिंक सिटी, पीरमुछल्ला के बिल्डर शिव कुमार पवार ने कहा के मुझे इस कार्य संबंधी पता है। हम किसी भी तरह का कोई गैर कानूनी काम नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि जो 3 महीने पहले नगर कौंसिल के अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई थी उसमें नगर कौंसिल द्वारा कहा गया था के हम 15 दिनों के अंदर इस प्लाट को पार्क में बदल देंगे और पार्क वाली जगह पर प्लॉट बनवा देंगे, लेकिन 3 महीने बीत जाने के बावजूद भी नगर कौंसिल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद हम पानी की निकासी का पक्का समाधान कर रहे हैं। हम पानी की निकासी का स्थाई समाधान करने के लिए इन पाइपों को निकलवा कर सीमेंट की पक्की ट्रेंच बनवा रहे हैं क्योंकि पाइप का कभी भी टूटने का खतरा रहता है जब कि पक्की ट्रेंच टूटती नहीं।

# मानव मंगल स्मार्ट स्कूल-88 में आयोजित हुई पहली स्टूडेंट कैबिनेट इन्वेस्टिचर सेरेमनी

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** मानव मंगल स्मार्ट स्कूल, सेक्टर-88 में पहली स्टूडेंट कैबिनेट इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। समारोह में नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों के पेरेंटिस भी उपस्थित थे। एक घंटे के कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल स्वाति संधू द्वारा दीप प्र÷वलन के साथ हुई। इसके बाद पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्टूडेंट कैबिनेट ने मानव मंगल स्मार्ट स्कूल-88 की भावना को बरकरार रखते हुए योग्य मानवाइट्स बनने और अपने शिक्षकों और साथी छात्रों की उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

कैबिनेट को स्कूल कैप्टन अभिप्सा महापात्रा, सायशा अरोड़ा, स्वयं पठानिया और वस्ताविक कुमार ने संबोधित किया। अराध्या शर्मा, अराध्या बत्रा, अर्णव कुमार, चार्वी, लावण्या गुप्ता, मनीषा चौधरी, नमिश सिंह थिंड, प्रिशा आनंद, ऋषि शर्मा, सायशा भटेजा, सिद्धांत मेहरोत्रा, सिफतप्रीत कौर और उदय प्रताप सिंह को स्कूल प्रीफेक्ट्स के रूप में शामिल किया गया जो समारोह में उपस्थित सभी लोगों के लिए गौरव का पल बना। प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में अभिभावकों को उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को समय की पाबंदी, समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के मूल्यों को हासिल करने की सलाह दी। उन्होंने स्कूल के डॉयरेक्टर संजय सरदाना द्वारा लिखित पुस्तक 'सक्सेस...नॉट एट द कॉस्ट ऑफ सोल' सभी पेरेंट्स को भेंट की।

# मेटेनेंस विभाग में काम कर रहे आउटसोर्स वर्कर्स को अप्रैल महीने के वेतन का भुगतान करने की मांग



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** आज ज्वाइंट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधिमंडल अश्वनी कुमार की अगुवाई मे एक्जीक्यूटिव इंजिनियर सी पी 4 एस एस गरेवाल को मिला। प्रतिनिधिमंडल ने एक्जीक्यूटिव इंजिनियर को बताया के आउट सोर्स वर्कर्स को अप्रैल महीने के वेतन का भुगतान अभी तक नही हुआ जिस कारण वर्कर्स मे बहुत रोष है। अश्वनी कुमार ने आगे बताया बिना वेतन उन के घर का गुजरा कैसे होगा। इस लिए प्रशासन के आदेश के अनुसार वर्कर्स को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान हो जाना चाइए।एक्जीक्यूटिव इंजिनियर ने प्रतिनिधिमंडल को बड़े ध्यान से सुना और आश्वाशन दिया के जल्द ही वर्कर्स के वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल मे अश्वनी कुमार, कुलदीप सिंह, अशोक कुमार और महिपाल शामिल थे।

# आपकी आवाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमपाल चौहान ने भरा नामांकन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आपकी आवाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमपाल चौहान ने चंडीगढ़ की जनता की अपील पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला कर नामांकन भरा।

इस दौरान प्रेमपाल चौहान के कहा है कि चंडीगढ़ की जनता नीडबेज चेंज मालिकाना हक् ठेकेदारी प्रथा बेरोजगारी महगाई से त्राहि त्राहि कर रही है। चौहान ने कहा हम शिक्षा स्वास्थ रोजगार

मालिकाना हक् दिलाने के लिए बच्चन बध्य है हम सबसे डीपिंग ग्राउंड को हटाएंगे इस बार चंडीगढ़ की जनता अपने लिए आपकी आवाज़ पार्टी के उम्मीदवार को जिताएगी क्योंकि कांग्रेस बीजेपी ने चंडीगढ के लोगो से हमेशा छल की राजनीति की है ।

नामांकन दौरान बलजिंदर कौर ढिल्लो रोहित अरोड़ा एडवोकेट सुभम चौधरी अनोखे लाल छत्र पाल प्रवेश कुमार कुलदीप कुमार प्रमोद कुमार बाबू राम सैकड़ो की संख्या में लोग आशीर्वाद देने पहुंचे।



# दून व रायतन की सड़को की मुरम्मत करवाने के लिये एक्स ई एन को दिया ज्ञापन

अर्थ प्रकाश /नंद किशोर सैनी

**पिंजौर।** सरपंच एसोसिएशन जिला पंचकूला के प्रधान व ग्राम पंचायत कंडियाला के सरपंच करन सिंह ने बताया उन्होंने व अन्य सरपंचो ने कालका एरिया की दून व रायतन की सड़को की मुरम्मत करवाने के लिये एक्स ई एन पी डब्ल्यू डी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की जिला पंचकूला के कालका एरिया के दून व रायतन की सड़कों में जगह-जगह खड्डे पड़े हुए है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अनुरोध किया है कि उक्त समस्याओं की गम्भीरता को देखते हुए शीघ्र अति शीघ्र इन सड़को की मुरम्मत करवाई जाये।इस मौके पर ब्लाक पिंजौर सरपंच प्रधान मान सिंह मेहता रामपुर जंगी, गज्जन सिंह पपलोहा वा अन्य मौजूद रहे।




# शहीद सुखदेव थापर की 118वीं जयंती मनाई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** देश की आजादी के प्रखर नायक शहीद सुखदेव थापर की 118वीं जयंती का कार्यक्रम पी.एम. श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 15 पंचकूला व शहीद भगत सिंह जागृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एम.एम. जुनेजा ने सुखदेव की जन्मस्थली लुधियाना के नौ धरा मोहल्ला से लेकर लाला लाजपतराय नेशनल कॉलेज लाहौर में पढ़ाई तक का वर्णन किया कि कैसे सुखदेव कॉलेज में भगत सिंह व राजगुरु के साथ मिलकर क्रांतिकारी बना। मंच की ही सदस्य हिमांगी शर्मा ने भी जोशिली कविता द्वारा शहीद सुखदेव की जीवनी को गाकर सुनाया। मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने कहा कि हमें हर क्रांतिकारी का जन्मदिन व शहादत दिवस मनाना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्या बलजिंदर कौर ने बच्चों को देशभक्त बनने व मंच द्वारा स्कूल में कार्यक्रम करने पर धन्यवाद किया। कार्यक्रम में 10 +2 में जिले में प्रथम स्थान पाने वाली महिमा, द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता शिवानी व दसवीं में आईरा परवीन पांचवी पोजीशन आने पर मंच द्वारा मेडल, सर्टिफिकेट व आहुति किताब देकर सम्मानित किया गया।

# युवा संस्कारित होगा तो देश जल्द बनेगा विश्व का सिरमौर: सुरेश जैन

## भारत विकास परिषद द्वारा अडॉप्ट स्कूल विद्यार्थियों को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी स्कालरशिप देगी : सतनाम सिंह संधू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चण्डीगढ़।** भारत विकास परिषद चंडीगढ प्रांत द्वारा पिछले 37 वर्षो की भाँति इस वर्ष भी अपने साक्षरता प्रकल्प के अन्तर्गत आज टैगोर थिएटर में एक भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवम गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस कार्यक्रम में चण्डीगढ़ के सरकारी स्कूलों के आर्थिक रूप से कमजोर परन्तु पढ़ाई में होनहार लगभग 650 विद्यार्थियों को पुस्तकें, लेखन सामग्री , बैग एवं यूनीफार्म इत्यादि बाँटी गई। यह सारी सामग्री सतनाम सिंह संधू, राज्यसभा सांसद एवं कुलाधिपति, चण्डीगढ़ विश्वविधालय , स्वामी भीतीहरानन्दा जी महाराज,सचिव,रामकृष्णा मिशन, चण्डीगढ़, सुरेश जैन राष्ट्रीय संगठन मन्त्री, भारत विकास परिषद, श्री अजय दत्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष तथा निर्देशक, डैग्नोस्टिक सेंटर, चण्डीगढ़,भारत विकास परिषद् के तथा अन्य गणमान्य महानुभावों के कर कमलों से स्कूल के बच्चों को बांटी गई।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरदार सतनाम सिंह संधू, राज्यसभा सांसद एवं कुलाधिपति, चण्डीगढ़ विश्वविधालय ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत विकास परिषद चंडीगढ द्वारा जितने भी पढ़ने वाले स्कूल के बच्चे अडॉप्ट किए हैं उनको स्कालरशिप चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी अपनी और से देगी

प्रधान मंत्री जी का विकसित भारत का जो सपना है उसमें भारत विकास परिषद् 'साक्षरता प्रकल्प ÷जैसे अति योग्य कार्य कर रहे है

सुरेश जैन राष्ट्रीय संगठन मन्त्री, भारत विकास परिषद, ने साक्षरता प्रकल्प के उपलक्ष बताया की युवाओं से स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारित भारत के निर्माण को अपना रचनात्मक योगदान देने का आह्वान किया।और बताया कि आजकल फैमली डिस्प्यूट केसेस पर भी काम करने की जरुत है आज ग्रामीण एरिया में भी हैल्थ कैंम लगा कर हैल्थ शिक्षा ग्रामीण के हर व्यक्ति तक पहुंचना जरूरी है और हम परिषद द्वारा अनीमिया मुक्त भारत बनाना चाहते हैं इस अवसर पर स्वामी भीतीहरानन्दा जी महाराज, सचिव, रामकृष्णा मिशन, चण्डीगढ़ ने उपस्थित बच्चों को आश्रीवाद दिया और परिषद के सभी सदस्यो को अच्छे कार्यक्रम करने पर आशीर्वाद दिया इस साथ श्री अजय दत्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष जी ने भी अपने विचार रखे और आए हुए सभी का धन्यवाद् किया। इस कार्यक्रम के आयोजन मे मुख्तय प्रहलाद कुमार शर्मा, भुपिन्दर कुमार , जसपिंदर कौर सूरी, विनोद पंडित, क्रमसय् प्रांतीय अध्यक्ष, महासचिव , वित सचिव एवं संगठन सचिव ,अजय दत्ता, निर्देशक, डायग्नोस्टिक सेंटर, भारत विकास परिषद्, चण्डीगढ़, अशोक गोयल एवम रमन शर्मा निर्देशक व सह निर्देशक साक्षरता प्रकल्प की प्रेणा एवं योजना के सहयोग के साथ भारत विकास परिषद चण्डीगढ़ के सभी प्रांतीय, जोन कार्यकारिणी सदस्यों तथा शाखाओं के सभी सदस्यो की पिछले 3-4 महीने की कड़ी मेहनत से यह प्रकल्प सफल आयोजन हुआ।

# एजी हरियाणा के 39वें रक्तदान शिविर में 92 यूनिट रक्त एकत्रित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** एजी हरियाणा ब्लड डोनर्स सोसायटी के तत्वावधान में बुधवार को सेक्टर 33 बी स्थित प्रधान लेखाकार कार्यालय के ऑडिट भवन के परिसर में 39वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जीएमसीएच के ब्लड ट्रांसफ्यूजन डिपार्टमेंट द्वारा सहयोग किया गया। प्रधान संचालक प्रेम ग्रोवर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उदघाटन प्रधान महालेखाकार शैलेंद्र विक्रम सिंह ने किया। शिविर में रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए श्री सिंह ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि परोपकार की भावना से रक्तदान करना ना सिर्फ समाज हित में होता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण होता है। इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस शिविर में 92 युनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2024: फ्लू को साधारण ना समझे, ये जान लेवा हो सकता है!

अर्थ प्रकाश /खुशविंदर धालीवाल

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस भारत में 16 मई को डेंगू के बारे में जागरूकता पैदा करने, यह कैसे होता है, निवारक उपायों और देश में बीमारी को नियंत्रित करने के तरीकों के लिए मनाया जाता है।

डेंगू बुखार हमेशा से ही ध्यान खींचने वाला मामला रहा है। एक प्रसिद्ध कहावत है जो कहती है कि 'यदि आप मानते हैं कि प्रभाव डालने के लिए आप बहुत छोटे हैं, तो आपने मच्छरों के साथ रात नहीं बिताई है।' डेंगू बुखार के बारे में हर किसी ने सुना होगा, और यह कहने में कोई गलत नहीं है कि हड्डियों को कंपा देने वाला बुखार 'डेंगू' का नाम मात्र से ही हमारी रूह कांप उठती है। मच्छर जनित यह वायरल बीमारी लाखों लोगों को प्रभावित करती है और उनके दिलों में डर पैदा कर देती है। यदि उचित तरीके से प्रबंधन नहीं किया गया, तो यह हड्डी तोड़ने वाला बुखार जीवन को उलट-पुलट कर सकता है, जिससे संभावित रूप से गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। इसलिए, हमें इस खतरनाक घुसपैठिये से अपनी और अपने प्रियजनों की रक्षा करनी चाहिए। हालाँकि, इसके शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानना इसके खिलाफ लड़ने का पहला कदम है।

शीघ्र चिकित्सा सहायता लेने और जटिलताओं को रोकने के लिए चेतावनी संकेतों को पहचानना आवश्यक है। तो, वे संकेत क्या हैं? इस बुखार के बारे में आपको क्या जानना चाहिए? आइए इस कंपकंपा देने वाले बुखार के बारे में गहराई से जानें और उन अशुभ संकेतों को उजागर करें जिनसे आपको अवगत होना चाहिए। 1996 में दिल्ली व उत्तर भारत के कुछ भागों में इसकी महामारी फैली थी । इस वर्ष डेंगू की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो केवल एक सरकारी गतिविधि नहीं बल्कि एक समुदायिक जिम्मेदारी है

**डेंगू बुखार :** डेंगू बुखार एक बीमारी है जो डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है। लक्षण आम तौर पर फ्लू जैसे होते हैं लेकिन गंभीर डेंगू (डेंगू रक्तस्रावी बुखार) में बदल सकते हैं, जो जीवन के लिए खतरा है। दूसरी बार संक्रमित होने से गंभीर लक्षणों का खतरा बढ़ जाता है। यदि आपको पहले भी एक बार डेंगू हो चुका है तो आप टीका लगवा सकते हैं।

**डेंगू बुखार के सात चेतावनी संकेत : तेज़ बुखार-** डेंगू बुखार अक्सर अचानक और तेज़ बुखार के साथ अपनी उपस्थिति की घोषणा करता है, तापमान 104एस्न तक पहुंच जाता है। यह बुखार अचानक आता है, कई दिनों तक रह सकता है, और संक्रमित व्यक्ति को पूरी तरह थका हुआ महसूस कराता है। यह सबसे आम संकेत है जिस पर किसी को ध्यान देना चाहिए।

**गंभीर सिरदर्द:** तीव्र और लंबे समय तक सिरदर्द डेंगू बुखार का संकेत देने वाला एक और आम संकेत है। सिरदर्द दूसरों से अलग होता है, क्योंकि यह ज्यादातर आंखों के पीछे स्थित होता है और तीव्र हो सकता है।

**आंखों के पीछे दर्द:** जैसा कि ऊपर बताया गया है, बुखार आंखों के पीछे अत्यधिक दर्द और परेशानी का कारण बनता है, हल्के से लेकर गंभीर तक, और जब आप अपनी आंखें हिलाते हैं तो यह बदतर हो सकता है। यह एक और ट्रेडमार्क संकेत है जिस पर ध्यान देना चाहिए और समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।

**जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द:** डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें जोड़ों और मांसपेशियों में तीव्र दर्द होता है। दर्द अक्सर गहरा होता है और कष्टदायी हो सकता है। यदि आपको बुखार है और जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द भी हो रहा है, तो आपको अपना परीक्षण करवाना चाहिए।

**आसान चोट और रक्तस्राव:** गंभीर मामलों में डेंगू बुखार के कारण आसान चोट या रक्तस्राव भी हो सकता है। ज्यादातर लोग अक्सर नाक से खून आने, मसूड़ों से खून आने या त्वचा के नीचे छोटे लाल धब्बों की शिकायत करते हैं। यह संकेत है कि डेंगू अपने उन्नत चरण में पहुंच गया है और इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**चकत्ते:** डेंगू बुखार से पीड़ित कई लोगों को अचानक या असामान्य त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं, जिनमें अक्सर लाल या बैंगनी रंग के धब्बे होते हैं जो बुखार की शुरुआत के कुछ दिनों बाद दिखाई दे सकते हैं।

**पेट में दर्द और उल्टी:** डेंगू बुखार से पीड़ित अधिकांश लोगों को पेट में दर्द या लगातार उल्टी का अनुभव भी हो सकता है। इसकी गंभीरता गंभीर डेंगू और डेंगू रक्तस्रावी बुखार का संकेत देती है।

**मच्छरों के काटने से कैसे बचें?**

खुद को सुरक्षित रखने के लिए लंबी बाजू वाली शर्ट या लंबी पैंट पहनें।

मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करें, खासकर यदि आप लंबे समय तक बाहर रहते हैं।

मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आस-पास साफ-सफाई रखें।

मच्छरों के प्रजनन स्थलों को कैसे खत्म करें?

अपने घर या कार्यालय में या उसके आस-पास जमा पानी हटा दें।

खाली कंटेनरों या बाल्टियों को साफ और ढककर रखें।

बरसाती नालों को मलबे से साफ रखें।

कूड़े-कचरे का उचित ढंग से निपटान करें।

**डेंगू एन एस 1 एंटीजन टेस्ट :** यह टेस्ट डेंगू वायरस के एन एस 1 अंश की जांच करता है। डेंगू के लक्षणों के पहले सप्ताह के दौरान यह परीक्षण बहुत उपयोगी है।

**डेंगू के लिए एंटीबॉडी टेस्ट**

**आईजीएम एंटीबॉडी टेस्ट:** यह जांच कुछ एंटीबॉडीज (संक्रमण से लड़ने वाले अणु) की तलाश करती है जो शरीर डेंगू बुखार होने पर बनाता है। आमतौर पर लक्षणों के तीन से पांच दिन बाद पॉजिटिव होता है, और यह कुछ हफ्तों तक ऐसा रह सकता है।

**आईजीजी एंटीबॉडी टेस्ट :** यह टेस्ट अलग-अलग एंटीबॉडी की खोज करता है जो बाद में बीमारी में उभरता है और कई महीनों से वर्षों तक बने रह सकते हैं।



डेंगू से घबराना नहीं ये आम तौर पर फ्लू जैसे होता है लेकिन सही इलाज, डाइट पर ध्यान आवश्यक है मै फिर से दोहराती हूँ इस वायरस से घबराये नहीं हूँ क्यों कि आप की मजबूत इच्छा शक्ति और हैल्थी इमयूनिटी ही आप के शरीर को बचा पायेगा उसके लिए अच्छी प्रोटीन युक्त डाइट,और भरपूर मात्र में तरल पदार्थ ले, सुबह शाम सैर के वक्त पार्क में बेंच पर बैठने से बचे पूरी आस्तीन वाले कपड़े खास तौर पर पाँव ढ़के होने चाहिए ।

**डॉ शीनू अग्रवाल, प्राइवेट प्रैक्टिशनर**



डेंगू की गंभीरता इस से पीड़ित की सजगता पर निर्भर है आमतौर पर भारतीयों को किसी भी प्रकार का शरीरिक कष्ट या बदलाव अनदेखा करने की आदत कहे या सवभाव देखने में आया है अब डेंगू है तो साधारण फ्लू परन्तु लापरवाही करना इस वायरस को चरम पर पहुंचने में सहायता करता है जो मरीज की सेहत के लिए सही नहीं होता द्य आज समय ऐसा है कई नए वायरस रोड़ इंट्रोडयूस हो रहे है मेरी राय में जरा सा बुखार महसूस होने पर डॉक्टर की सलाह ले सेल्फ मेडिकेशन करना अब भारतीयों को छोड़ देना चाहिए

**डॉ सुदीश गोयल, पीएचडी बायो केमिस्ट्री एस के डायग्नोसटिक्स चंडीगढ़**



डेंगू एक मौसमी बुखार ना होकर गंभीरता से लेने वाला वायरस है ये पानी में ही पनपता है अब जैसे बारिशो का मौसम आने वाला है तब मलेरिया भी खूब देखने में आएगा लेकिन डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है अपने घरो में आस पास पानी इकट्ठा ना होने दे हमारा ध्यान नहीं जाता गर्मीयो में हम कूलर, ए सी ड्रेन वाटर वगैरह तो चेक करते है लेकिन जो पॉटस हम पक्षियों के लिए रखते है वो भी रोड़ साफ कर के रखना चाहिए बाथ रूम में भी ध्यान रखे बाकी जितनी ज्यादा आप की इम्युनिटी स्ट्रांग होगी उतना डेंगू का वायरस कमजोर होगा यानि मच्छर काटा भी तो ज्यादा से ज्यादा साधरण बुखार हो सकता है ये जानलेवा भी बन सकता है यदि आप हाई शुगर, हार्ट, कैंसर या किडनी रोग की गंभीर अवस्था से गुजर रहे है इस लिए बीमार और स्वस्थ दोनों तरह के इंसान अपनी खुराक में हरी सब्जियाँ, फ्रूट्स, प्रोटीन सोत्र चाहे कोई हो ले और भरपूर पानी पीये स्वस्थ रहे

**डॉ तेजीन्दर एमडी मेडिसिन, संतोख नर्सिंग होम चंडीगढ़**

# इस बार जनता की वोट कांग्रेस को और उस वोट की चोट बीजेपी को पड़ेगी : हुड्डा

## संविधान का गला घोंटकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है बीजेपी, भयंकर बेरोजगारी के चलते देश छोड़ने को मजबूर हैं युवा

बीजेपी की नीतियों ने जवान बच्चों को किया बूढ़े मां-बाप, घर-परिवार व देश से दूर- हुड्डा

जन-जन के हाथ और दिलों में पहुंच चुका है 5 न्याय व 25 गारंटियो वाला कांग्रेस का घोषणापत्र- उदयभान

जिस तरह मुलाना की आवाज विधानसभा में उठाई, उसी तरह अंबाला की आवाज लोकसभा में उठाऊंगा- मुलाना

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक




**मुलाना, 15 मई।** लाठी-गोली नहीं बल्कि एमएसपी की गारंटी के नाम पर, रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी नहीं बल्कि 32 लाख सरकारी नौकरियों के नाम पर, युद्ध क्षेत्र इजराइल में मजदूरी करने के लिए नहीं, बल्कि 1,00,000 रुपये की सालाना अप्रेंटिसशिप गारंटी के नाम पर, डर और अपराध के लिए नहीं बल्कि सुरक्षा की गारंटी के नाम पर, इस बार हरियाणा की जनता वोट देने जा रही है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा आज अंबाला से कांग्रेस उम्मीदवार वरुण मुलाना के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कई कार्यक्रमों को संबोधित किया और लोगों से वोट की अपील की। हुड्डा के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह भी मौजूद रहे।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि जनता के सामने इसबार चयन बहुत स्पष्ट है। एक तरफ विकास व कल्याण कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर कांग्रेस वोट मांग रही है तो दूसरी तरफ बिना कोई काम गिनवाए और बिना कोई भविष्य की योजना बताए, बीजेपी वोट मांग रही है। जाहिर है कि इसबार जनता की वोट कांग्रेस को और उस वोट की चोट बीजेपी को पड़ेगी।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उत्तरी हरियाणा समेत पूरे प्रदेश में इस बात का रोष है कि बीजेपी सरकार ने भयंकर बेरोजगारी फैलाकर हमारे युवाओं को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया। युवा यह मानकर बैठा है कि बीजेपी सरकार में देश के भीतर उसका कोई भविष्य नहीं है। इसलिए हर दूसरा युवा डोंकी के रास्ते या किसी भी तरीके से दूसरे देश में जाना चाहता है। बीजेपी की नीतियों ने जवान बच्चों को बूढ़े मां-बाप से दूर कर दिया। कांग्रेस हरियाणा को ऐसा प्रदेश बनाना चाहती है, जहां से कोई भी युवा मजबूरी में देश से पलायन ना करे।

अपने संबोधन में चौधरी उदयभान ने कहा कि बीजेपी संविधान का गला घोंटकर भारत को चीन और रूस की तरह अलोकतांत्रिक देश बनाना चाहती है। बीजेपी अब काला धन वापिस लाने, ना बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, डीजल-पेट्रोल की महंगाई, गैस सिलिंडर के रेट और किसानों की डबल आय करने की बिलकुल नहीं करती। ना ही बीजेपी चाहती कि कोई पार्टी जनता के जमीनी मुद्दों की बात करे। इसीलिए सत्ताधारियों द्वारा कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटियों को बारे में झूठ फैलाया जाता है। लेकिन अब कांग्रेस का घोषणापत्र जन-जन के हाथों और दिलों में पहुंच चुका है।

कांग्रेस सरकार बनने पर 30 लाख पक्की नौकरी केंद्र और 2 लाख नौकरियां हरियाणा में दी जाएंगी। पेपर लीक और भर्ती माफिया का सफाया करके योग्याता के आधार पर समयबद्ध तरीके से हर भर्ती होगी। घर की बुजुर्ग महिला को सालाना एक लाख रुपया या साढ़े 8 हजार रुपये महीना दिए जाएंगे। आशा वर्कर और मिड-डे मील वर्कर की आय दोगुणा होगी। हर जिले में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर भवन बनाए जाएंगे। गरीबों के लिए राशन में चीनी, सरसों का तेल व अन्य जरूरी सामान जोड़ा जाएगा।

वरुण मुलाना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र लाने के लिए लाखों शहीदों ने अपनी जान कुर्बान की है। इस देश में तानाशाही का कोई स्थान नहीं हो सकता। जिस बीजेपी ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, पंच-सरपंच, व्यापारी समेत हर वर्ग की आवाज को कुचला, अब उस बीजेपी को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। वो जनता से वादा करते हैं कि जिस तरह उन्होंने बतौर विधायक मुलाना की आवाज विधानसभा में उठाई, उसी तरह सांसद बनकर अंबाला की आवाज लोकसभा में उठाएंगे।

# बैकडोर से बीजेपी की मदद कर रहे हैं चौटाला और उनके परिवार के साथी : सुशील गुप्ता

बोले- नवीन जिंदल उस पार्टी का झंडा उठाया जिसने हरियाणा में 9500 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 15 मई।** कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 16 मई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कुरुक्षेत्र लोकसभा में पांच जनसभा करेंगे। वे अपने चुनावी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के पेहवा, लाडवा, शाहाबाद और रादौर में किए गए रोड शो में अरविंद केजरीवाल को जनता का भरपूर समर्थन मिला।

रोड शो में अरविंद कजरीवाल ने 10 गारंटी दी जिसमें 24 घंटे मुफ्त बिजली, वर्ल्ड क्लास शिक्षा व्यवस्था, मुफ्त इलाज, चीन से कब्जा मुक्ति सेना को पूर्ण स्वतंत्रता, अग्निवीर योजना को बंद करना, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू, भ्रष्टाचार मुक्त देश, जीएसटी पीएमएलए से बाहर होगी, दो करोड़ नौकरियां और किसानों को स्वामीनाथन रिपोर्ट के हिसाब से एमएसपी की गारंटी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के सुनहरे भविष्य का विजन लेकर चल रहा है।

बीजेपी पिछले 10 साल से सत्ता में बैठी है, लेकिन उनके पास 10 काम बताने के लिए नहीं है। बीजेपी केवल जाति और धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने हर वर्ग पर लाठियां बरसाने का काम किया। बीजेपी 10 साल लोगों को धोखा देती रही और अब फिर मौका मांग रहे हैं। जनता ने गांव में बॉर्ड लगा दिए हैं कि बीजेपी और जेजेपी का घुसना मना है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल उस पार्टी का झंडा उठाकर घूम रहे हैं जिन्होंने हरियाणा में 9500 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है, जिनके नेताओं पर नकली शराब पिलाकर 52 लोगों की जान लेने का आरोप है।

उन्होंने कहा रामकुमार गौतम कह कर गए हैं कि सुशील गुप्ता को वोट मत देना बाकि किसी का दे दो। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि सीधे सीधे नवीन जिंदल की वोट मांग लेते। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बैकडोर से बीजेपी की मदद कर रहे हैं चौटाला और उनके परिवार के साथी। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सोनिया ने पूरे घरौंडा में हासिल किया प्रथम स्थान



**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरि)।** सोमवार को सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ऋषिकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी छाए। बारहवीं कक्षा में 35 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। जिनमें से सोनिया देवी ने राजनीतिक विज्ञान और भूगोल विषयों में 100 अंको के साथ आर्ट्स में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर घरौंडा ब्लॉक में प्रथम स्थान व करनाल जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं विज्ञान संकाय में आस्था 95 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। इनके अतिरिक्त तनीषा सन्धू 92.6 प्रतिशत, आर्यन गड़तान 92.6, तानीया शर्मा 92.4 प्रतिशत, यश 92 प्रतिशत, अनीषा 91.8 प्रतिशत, कनिष्का 91.8 प्रतिशत, सृष्टि 91.2, सानिया 90.8, पायल 90.8 प्रतिशत, आदित्य 90.6 प्रतिशत, नेहा 90.2 प्रतिशत, अमन कुमार 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साथ ही दसवीं कक्षा में भी 34 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की जिनमें से वंश मलिक ने 96 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अतिरिक्त भावना ने 95.2, दीशू 93.4 प्रतिशत, करन सिंह 92 प्रतिशत प्रक्षित, शिवांश, विकास ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य और प्रबंधक कमेटी ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के सदस्य सतीश त्यागी जी, रविन्द्र सिंह जी, संग्राम राणा जी, पाला राम जी व विनय राणा जी उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत रहा आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम



**घरौंडा (अप्रस)।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आर एल एस इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शानदार रहा। आर एल एस इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में हिमानी यादव ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर तथा चारु ने 82.4 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में राजवंश ने 80.6त्न वाणिज्य संकाय में सिमरन ने 81त्न अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। धैर्य, सलोनी, अर्शी, अतुल, मुस्कान, ऋतिक, काजल, मनीष, विनय, साधना आदि बच्चों ने मेरिट लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। साथ ही दसवीं कक्षा में यशवंत ने 91 प्रतिशत अंशिका 88 प्रतिशत नित्या 88 प्रतिशत निधि 85 प्रतिशत दीपक 82 प्रतिशत कबीर 82 प्रतिशत दृष्टि 82 प्रतिशत आरती 82त्नहिमांशु 82त्न वासु आर्यन बच्चों ने भी बाजी मारी विद्यालय द्वारा सभी मेधावी और प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्कूल संचालक श्री जितेंद्र राणा तथा मुख्य अध्यापिका श्रीमती संगीता यादव ने सबका मुंह मीठा कर बधाई दी। इस सभी शिक्षकगणों विक्रांत, वीरेंद्र, मोहित, पिंकी राणा, प्रियंका धीमान, रिया, आंचल, कविता अरोड़ा, स्नेहा संधू, अंजलि तथा अंकित का विद्यालय के शत प्रतिशत परिणाम में भरपूर योगदान रहा।

### छात्रा अंजू को मिला मिस बी.एड. का खिताब




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल में कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान श्री जयराम महिला कालेज ऑ? एजुकेशन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर बी.एड. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजू को मिस बी.एड. के खिताब से नवाजा गया। समारोह में कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद ने विदाई ले रही छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया। संस्थान के निदेशक एस.एन. गुप्ता ने भी सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कालेज की सभी प्राध्यापिकाएँ एवं स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में हुआ अष्टमी पर पूजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** मारकंडा नदी के तट पर अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर सर्वकल्याण की भावना से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। यह पूजा अर्चना मंदिर परिसर में मंदिर परिसर में बारह ज्योतिर्लिंगों पर अनुष्ठान के बाद लाई गई मां भगवती की अखंड ज्योति पर की गई। महंत जगन्नाथ पुरी ने वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी की पूजा का महत्व बताया कि इस दिन लोग देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य व सौभाग्य की प्राप्ति की कामना करते हैं। देवी दुर्गा की पूजा करने से लोगों के सभी पाप धुल जाते हैं और मन शुद्ध होता है। उन्होंने बताया कि एक बार देवी दुर्गा के भक्त राजा इंद्र को ऋषि विश्वामित्र ने श्राप दे दिया था। श्राप के कारण इंद्र अपना राज्य और शक्ति खो बैठे थे। इंद्र देव ने देवी दुर्गा की पूरी श्रद्धा के साथ आराधना की।

# लूट, डकैती व हत्या में शामिल बदमाश मुठभेड़ के बाद दबोचा

पुलिस ने बदमाश पर रखा था 5 हजार का इनाम

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 15 मई।** लूट, डकैती, हत्या, कातिलाना हमला व स्नैचिंग की वारदात में शामिल बदमाश को पुलिस ने मंगलवार देर रात को मुठभेड़ के बाद पूंडरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गांव फरल के पास सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास हुई मुठभेड़ में दोनों तरफ से हुई फायरिंग में बदमाश की टांग में गोली लगी है। इसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कैथल पुलिस को उसकी सीएससी सेंटर संचालक पर फायरिंग करने के मामले में तलाश थी। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। बुधवार को पत्रकार वार्ता में एसपी उपासना ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट कैथल प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी मनीष कुमार, एचसी तरसेम कुमार, सिपाही संदीप कुमार, सिपाही हरीश कुमार व एचजीएच प्रवीण कुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली थी कि 29 जनवरी 2024 को कैथल शहर में सीएससी सेंटर संचालक राकेश कुमार पर लूट की नीयत से फायरिंग करने वाला आरोपी पाढ़ा जिला करनाल निवासी अमित पूंडरी एरिया में गांव फरल साईड गया हुआ है। जो रात ही वापस पूंडरी होकर करनाल जाएगा। पुलिस टीम ने पूंडरी से गांव फरल के बीच सिरसा ब्रांच नहर पुल के पास नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद फरल की साइड से एक बाइक पर आए अमित को पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया, लेकिन अमित ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में अमित के बाएं पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे काबू कर लिया गया। अमित के कब्जे से एक देशी पिस्तौल 32 बोर व एक देशी कट्टा 315 बोर व कारतूस बरामद हुए है। अमित को जख्मी हालात में सरकारी अस्पताल कैथल ले जाया गया। जिसको बाद में करनाल कल्पना चावला अस्पताल में रैफर कर दिया गया। इसका वहां इलाज चल रहा है।

**अंबाला में लूट व स्नेचिंग की वारदात में हो चुकी है सजा :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश अमित के खिलाफ 40 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जिनमें लूट, डकैती, हत्या का प्रयास व हत्या, स्नैचिंग व चोरी के मामले शामिल है। उसे पानीपत व अंबाला में लूट व स्नेचिंग की वारदात में सजा भी हो चुकी है। इसके बाद वह जमानत पर आया हुआ था। अमित जिला करनाल, पानीपत, यमुनानगर, अंबाला में भी वांछित है। वह फरार होने के बाद इन इलाकों में लूट, स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे चुका है। आरोपी पर 29 जनवरी 2024 को कैथल शहर में सीएससी सेंटर संचालक पर लूट की नीयत से फायरिंग करने के मामले में 5 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया है।

# 'भारी मतों से जीत हासिल करेंगे भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल'

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

**पिहोवा, 15 मई।** भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। हरियाणा की सभी 10 सीटों पर भाजपा विजयी होगी। पिहोवा हल्का के कई गांवो में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता लेफ्टिनेंट विक्रम सिंह ने उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस गलबहिया डाले हुए एक दूसरे के लिए यहां से वोट मांग रहे हैं परंतु उनका यह प्रेम पिहोवा तक ही सीमित है। पिहोवा से 10 किलोमीटर दूर जाते ही आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के नेता एक दूसरे को कोसना देना शुरू कर देते हैं। क्योंकि 10 किलोमीटर की दूरी पर ही पंजाब शुरू हो जाता है। पंजाब में दोनों पार्टियों एक दूसरे के विरुद्ध चुनाव लड़ रही हैं। वहां पर आम आदमी पार्टी राहुल गांधी व कांग्रेस के खिलाफ जहर उगल रही है तथा कांग्रेस के नेता आम पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल व भगवंत मान को कोस रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक चला हुआ कारतूस है। इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस भी कई भागों में बटी हुई है। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के साथ है तथा कुछ टूट कर भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के साथ लगे हुए हैं। कांग्रेस के ही एक ग्रुप इनेलो की मदद में जुटा हुआ है। गठबंधन का समर्थन करने वाली किसान यूनियन भी खंड-खंड हो गई। किसान यूनियन के नेता व सदस्य भी इनेलो व भाजपा के समर्थन में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भारत का झंडा ऊंचा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनकर पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# 10वीं में 97.20 अंक लेकर छात्रा कनिका ने खंड स्तर पर पाया प्रथम स्थान



अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 15 मई।** सीबीएसई ने 10 वी और 12 वी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया हैं।सफीदों के असंध मार्ग स्थित एसएमआर इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं व 12वी कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रखकर फिर से रिकॉर्ड का नया आयाम बना दिया। स्कूल प्रधानाचार्य विजय गौड ने बताया कि कक्षा12वीं में महक प्रीत कौर ने मेडिकल संकाय में 96 प्रतिशत अंक लेकर व परनीत कौर ने कला संकाय में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त सफीदों ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची जिंदल ने वाणिज्य संकाय में 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। महक प्रीत कौर और परनीत कौर चचेरी बहने है। इसी प्रकार 10वीं कक्षा के परिणाम में कनिका ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सफीदो ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोयम जैन ने 96 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, जबकि सेजल खर्ब ने 95.80 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 11 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक व 26 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर स्कूल व अपने माता-पिता नाम रोशन किया है।

# भारतवर्ष की भूमि मानव कल्याण का संदेश देती है: महंत राजेंद्र पुरी

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी निरंतर सनातन धर्म प्रचार का कार्य कर रहे है। इसी क्रम में बुधवार को भी स्वामी इन्द्र गिरि, स्वामी सतपाल, स्वामी राज गिरि इत्यादि संतों के साथ महंत राजेंद्र पुरी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में कहा कि पूरा भारतवर्ष ही संत महापुरुषों की भूमि है। यह भूमि पूरे विश्व को मानव कल्याण का संदेश देती है। मानव कल्याण का संदेश सनातन के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि आज सनातन धर्म और सनातनी परंपराएं हमारे संत महापुरुषों के कारण बची हुई हैं। हमारी संस्कृति को मिटाने के लिए कितने ही प्रयास किए गए। हिंदू धर्म और संस्कृति आज भी अटल है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की अविरल धारा न रुकी है, न रुकेगी और न इसे कोई रोक पाएगा।

## लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत पोलिंग पार्टियों की दूसरी रिहर्सल का आयोजन

# मतदान प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियों की भूमिका सबसे अहम, सतर्कता से करें कार्य : देवेंद्र शर्मा

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन

**यमुनानगर, 15 मई।** लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिला की सढौरा विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों व अन्य टीमों के लिए डी. ए. वी. गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गई। इस दौरान एन. के. यादव और मलकीत सिंह ई. वी. एम. मास्टर ट्रेनरों और सीनियर मास्टर ट्रेनर पूर्व कानूनगो उमा दत्त शर्मा और मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र कुमार ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ई. वी. एम. व वी. वी. पैट मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही ई. वी. एम. मास्टर ट्रेनर निर्मल कुमार यादव, मलकीत सिंह, सतीश कुमार, विकास सैनी, जयदेव, मनोज, महेश, ने हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एस. डी. एम. बिलासपुर देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व मे सढौरा विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों व अन्य टीमों की दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पी. ओ. हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं और एक पुरुष के बाद दो महिलाओं को वोट डालने के लिए भीतर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

# हीट वेव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित करें विशेष इंतजाम : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 15 मई।** करनाल लोकसभा के अंतर्गत जिला पानीपत की समालखा विधानसभा क्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक अजित सिंह शेखावत मतदान केंद्रों का आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को लेकर दौरा किया इस दौरान उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली,पानी,रैंप,व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं।इसके अतिरिक्त हीट वेव से बचाव हेतू छाया के लिए टैंट, ओआरएस घोल आदि की भी व्यवस्था की जाए। इन सभी मतदान केंद्रों पर लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान आगामी 25 मई को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त वीरेंद्र दहिया एवं पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत बुधवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने गांधी कॉलोनी स्थित पुराना पटवारखाना और अन्य जगहों में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारीयो को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सुपरवाइजर/सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर पहुंचने के लिए छोटे से छोटे रूट की जानकारी रखें जिससे जरूरत पड़ने पर कम से कम समय में बूथों पर पहुंचा जा सके। अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत हैं तो उन्हें तुरंत दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए विशेष रूप से व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा रैंप भी पूरी तरह से सुविधा जनक होने चाहिए।

# प्रदेश की सरकार ने जनता का विश्वास खोया : त्रिलोचन सिंह

## त्रिलोचन सिंह के जनसंपर्क अभियान को मिला व्यापाक समर्थन

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन



**करनाल, 15 मई।** करनाल जिला कांग्रेस के संयोजक एवं करनाल विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह का जनसंपर्क अभियान तेज गति से चल रहा है। इस अभियान को लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने अब तक पुराना शहर सैक्टर तथा बाजारों में हर बर्ग के लोगों से संपर्क किया हैं।

उनके साथ लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा चल रहे हैं। वह सुबह प्रभत फेरी निकालते हें। उनका दिन और देर रात तक जन संपर्क अभियान जारी रहता हैं। वह सदर बाजार शिव कालोली, रामननगर हांसी चौक, वाल्मीकि वस्ती जंडला गेट, चांद सराय कपड़ा मार्कीट माल रोड, पुरानी सब्जी मंडी अर्जुन गेट कपडा मार्कीट कर्ण मार्कीट, पुराना सराफा बाजार, बजीर चंद कालोनी डेरा कारसेवा कलंदरी गेट, पुरना शहर के कई इलाकों में जा संपर्क कर रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक से देवीलाल चौक तक पदयात्रा निकाल कर लोगों से वोट देने की अपील की।

साथ में कांग्रेस के करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के भाई रितेष बुद्धिराजा विशेष रूप से मौजूद रहे। आज की युवा पीढ़ी को राष्ट्र के स्वाभिमान व उसकी अस्मिता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान कर दिया था। वह वीरता पराक्रम, त्याग और देशभक्ति की एक प्रतिमूर्ति और महान योद्धा थे। पदयात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार त्रिलोचन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार अल्पमत में आ गई है। संभव है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 मई तक अपने पद से इस्तीफा दे दें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल की जनता के साथ धोखा किया। स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़ा घोटाला हुआ। विकास कार्यो के नाम पर लोगों को गुमराह किया गया। अब सीएम नायब सिंह सैनी कहते हैं कि करनाल के विकास की जिम्मेवारी उनकी है। त्रिलोचन सिंह ने सवाल किया कि क्या नायब सिंह सैनी भी करनाल की जनता को धोखा ही देंगे। सीएम चुनाव प्रचार कार्यक्रमों के दौरान भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता समझ चुकी है कि भाजपा को सत्ता से बाहर करना है। इस अवसर पर उनके साथ रमेश सैनी, पराग गाबा, गगन मेहता, रानी कांबोज व राजिंद्र पप्पी आदि मौजूद रहे।




# सीएम सुक्खू पहुंचे रायबरेली, राहुल के लिए मांगे वोट

## शिवगढ़, सीवान, हरचंदपुर में की नुक्कड़ सभाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री सुक्खू रायबरेली के शिवगड़, सीवान, पाहो, हरचंदपुर, पहुरी, बंदेई, लालगंज बाजार, अमावा में नुक्कड़ सभाएं की और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के लिए वोट मांगे।

उन्होंने लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा- भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने जनता को सबसे बड़ी ताकत वोट का अधिकार दिया है। सुंदर भविष्य की नींव रखने के लिए अपने वोट का सही इस्तेमाल करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बलिदानों का रहा है। देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। देश में जब सुई नहीं बनती थी तब देश की कमान कांग्रेस ने संभाली और राष्ट्र को नई दिशा देते हुए अपने पैरों पर खड़ा कर आत्मनिर्भर बनाया। आज देश विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तो उसकी मजबूत नींव कांग्रेस पार्टी ने रखी है।



उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने 1.36 लाख कर्मियों को ओपीएस दी, 4000 बच्चों को सुखाश्रय योजना के तहत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट बनाया, 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपए, मासिक पेंशन शुरू की, 1.15 लाख विधवा महिलाओं के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं, 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज दिया जा रहा है, दूध पर एमएससी दे रहे हैं, पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम शुरू किया है। कांग्रेस जो कहती है वह करती है।

सीएम के मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री कल दोपहर तक रायबरेली में ही प्रचार करेंगे और नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे। कल देर शाम तक वापस लौटेंगे। कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को राजस्थान के लिए स्टार प्रचारक बना रखा है।

उत्तर प्रदेश के रायबरेली में राहुल गांधी के लिए वोट मांगने पहुंचे हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### डिप्टी सीएम भी रायबरेली में कल प्रचार कर चुके

सीएम सुक्खू से पहले हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री भी पिछले कल ही रायबरेली जाकर राहुल गांधी के लिए वोट मांग चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास को आगे बढ़ाना, रोजगार देना, खुशहाली लाना यह कांग्रेस का लक्ष्य है। उन्होंने कहा- तानाशाही को खत्म करना कांग्रेस का प्रण है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है। राहुल गांधी इस रिश्ते को और मजबूत करेंगे। अग्निहोत्री के बाद आज मुख्यमंत्री सुक्खू भी सुबह ही रायबरेली पहुंचे। वह बीती शाम को ही दिल्ली पहुंच गए थे। आज सुबह सुक्खू दिल्ली से रायबरेली गए।

## कुटलैहढ़ व नालागढ़ में गरजे उपमुख्यमंत्री

# लोकसभा चुनाव में बुरी तरह परास्त होगी बीजेपी: अग्निहोत्री



**कहा, शिमला सीट पर विजय दर्ज करेंगे विनोद सुल्तानपुरी**

**कुटलैहढ़ में विवेक शर्मा के विधायक बनते ही खुलेगा विकास का पिटारा**

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रायबरेली व अमेठी में अपने दौरे के तुरंत बाद हिमाचल पहुंचते ही कांग्रेस के लिए धुआंधार प्रचार करना शुरू कर दिया है। शिमला सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए उन्होंने नालागढ़ में हरदीप बाबा द्वारा आयोजित जनसभा में भाग लिया, तो वही ऊना पहुंच कर कुटलैहढ़ क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में आयोजित चताड़ा की जनसभा में भाग लिया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली में कांग्रेस के पक्ष में माहौल हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा को अनेक राज्यों में बड़ा नुकसान हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 400 पर का नारा हवा हो गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चमत्कारी परिणाम होंगे और बीजेपी चारों लोकसभा की सीट हार रही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार से हिमाचल की देवभूमि में धनबल से सरकार तोड़ने की साजिश रची, इस साजिश को प्रदेश की जनता करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार भाजपा की साजिश के बाद और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि इन उपचुनावों के परिणाम के बाद सरकार पूरी तरह मजबूत होगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आने वाले उपचुनावों को भी कांग्रेस पार्टी जीतेगी।

उन्होंने कहा कि शिमला के सांसद अपना रिपोर्ट कार्ड जनता को बताएं कि क्या किया है? उन्होंने कहा कि नालागढ़ में कांग्रेस को बढ़त मिलेगी। उन्होंने कहा कि विनोद सुल्तानपुरी शिमला क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाएंगे। सरकार विकास के काम करेंगी। वहीं उन्होंने कुटलैह? क्षेत्र चता?ा में कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो बिक गए जिन्होंने ईमान बेच दिया उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि ऊना जिला के दो विधायकों ने कांग्रेस पार्टी को धोखा दिया लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार को बचाने के लिए ऊना के दो विधायक मै और सुदर्शन बबलू सरकार के साथ खड़े रहे ,यह भी इतिहास में दर्ज होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दो सगे भाइयों की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त, एक की मौत

**गोहर (सुभाग सचदेवा)।** कहते हैं मौत कब और किस रूप में आए इस बारे में कोई कुछ नहीं कहा जा सकता आज। जिला मण्डी के सराज विधानसभा क्षेत्र के बगल्यारा में आज सुबह सवेरे करीब 7 बजे एक फोर व्हीलर एच पी 32 ए 8650 के बगल्यारा नाले के करीब लगभग 500 फुट गहरी ढांक में गिर गया जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य उसमें बुरी तरह घायल हुआ। पुलिस थाना जंजैहली से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चालक योगेश कुमार (संजू) (23) पुत्र लुद्रमणि गांव कोट पंचायत नौण त0 चच्योट जिला मण्डी के रूप में हुई जो की गाड़ी का मालिक भी था जबकि घायल दिनेश कुमार पुत्र लूद्रमणि यह दोनों सगे भाई हैं और सिराज क्षेत्र में एक ग्रामीण मेले में व्यापार के सिलसिले में जा रहे थे,कि बगल्यारा के पास अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी ढांक में गिर गई जिससे चालक योगेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दिनेश कुमार बुरी तरह जख्मी हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थुनाग में लाया गया जहां पुलिस की मोजुदगी में प्राथमिक चिकित्सा के बाद लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेर चौक रेफर कर दिया जहां पर उसकी इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया फोर व्हीलर के गिरने का धमाका सुन आसपास के लोग इक्कट्ठा हुए व घायलों के बचाव के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह ही दोनों सगे भाई योगेश व दिनेश सराज के सुरासणी (भाटकीधार) मेले में मन्यारी की दुकान लगाने सुबह ही घर से निकले थे लेकिन जैसे ही दोनों भाई लम्बाथाच-शिलिबागी सड़क के बगल्यारा नामक स्थान पर पहुंचे गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब 500 फुट गहरी खाई में जा गिरा हादसा इतना भयंकर था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए ।



### कार चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार

**परमाणु (सुनील दत्त )।** 13 मई को अमनदीप सिंह निवासी सदर मोहल्ला बराड़ रोड़ सोलन हि0प्र0 ने थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि आज समय करीब 9 बजे सुबह इन्होने अपनी गाड़ी मारूति कार नंबर हिमाचल प्रदेश63-6792 जे.पी मोटर आंजी के पास खड़ी की थी तथा यह सामान खरीदने के लिए पास की दुकान पर चले गये थे । परन्तु जब यह सामान लेकर वापिस पहुंचे तो गाड़ी में चाबी लगी न पाई । जिसके बाद इन्होनें चाबी बनाने वाले को बुलाया जो कि आधे घण्टे बाद चाबी बनाकर लाया । परन्तु जब यह चाबी लेकर उस स्थान पर पहुंचे तो इनकी गाड़ी वहाँ पर न थी, जिसे मौका से कोई चुराकर ले गया है । जिस पर इस सन्दर्भ में दिनाँक 13-05-2024 को थाना सदर सोलन में चोरी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । इस अभियोग के अन्वेषण में पता चला कि आरोपी इनकी गाड़ी को चुरा के उत्तर प्रदेश ले गया था जो आरोपी दिनाँक 14-05-2024 को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा वारदात में संलिप्त आरोपी गुल मोहम्द पुत्र हबीब निवासी मुजफ्फरनगर उ0प्र0 उम्र 34 साल को मुजफ्फरनगर उ0प्र0 से गिरफ्तार किया गया है तथा चोरी शुद्धा कार उपरोक्त को बरामद कर लिया गया है ।



# आपका सारा विरोधी पक्ष इकट्ठा हो जाए तो समझ लेना चाहिए कि राजा ईमानदार है: जंवाल

## कहा- देश विरोधी व सनातन विरोधी ताकतें अपना राजनीतिक वजूद बचाने के लिए चला रहे ठगबंधन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** कहते है कि जब सारे लोग आपकी बुराई करने लग जाए तो समझ लो आपमें दम है ,यही बात राजनीति में भी सच है कि जब आपका सारा विरोधी पक्ष इकट्ठा हो जाए तो समझ लेना चाहिए कि देश का राजा ईमानदार है

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी ठगबंधन भ्रष्ट और सनातन विरोधी अपने वजूद और राजनीतिक अस्तित्व को बचाने का अंतिम प्रयास कर रहे हैं। राकेश जंवाल ने इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस की नेता और देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने किया और देश की सभी संस्थाओं को प्रतिबंधित कर देशभक्तों को जेल में डाल दिया। आज कांग्रेस के मुंह से यह बात शोभा नहीं देती कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। लोकतंत्र को जेल में डालने का काम कांग्रेस ने ही किया है। देश की जनता लोकसभा चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन की मजबूरी है उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती चली जा रही है, जो पार्टी 414, 425 का बहुमत लेकर के कभी देश पर राज करती थी, वह 40 पर सिमट गई है। कांग्रेस की यह हालत उसकी अपनी करणी है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है।

राकेश जंवाल ने चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि जब आपका सारा विरोधी पक्ष इकट्ठा हो जाए तो समझ लेना चाहिए कि देश का राजा ईमानदार है। इसलिए ये जिस प्रकार के गठबंधन की बात हिमाचल प्रदेश में और पूरे देशभर में कांग्रेस के नेता कर रहे हैं उससे स्पष्ट है कि किसी प्रकार अपने राजनीतिक वजूद को बचाया जाए और झूठी बाते कर के लोगों को गुमराह करने का प्रयास अलग अलग माध्यमों से ये गठबंधन के नेता और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं।



### 25 साल की युवती से चचेरे भाई ने किया था दुष्कर्म

**शिमला (अप्रस)।** शिमला जिला अदालत ने 25 वर्षीय युवती से दुष्कर्म मामले में दोषी भूपेंद्र को 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी को 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। पीड़िता के लिए मुआवजे की सिफारिश भी की गई है। दोषी भूपेंद्र (37) तहसील रोहड़ू का रहने वाला है। विशेष न्यायाधीश अमित मंडयाल ने बुधवार को सरकार बनाम भूपेंद्र मामले में दोषी को यह सजा सुनाई। इसके अलावा दोषी को आईपीएस की धारा 506 के तहत 2 साल की कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माना के अलावा धारा 66 (ई) आईटी एक्ट के तहत 2 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

# संघोल में बास्केटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

## शहीद ऊधम सिंह राणा की पत्नी सुशीला राणा ने काटा रिबन

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय

**संघोल।** जयसिंहपुर उपमंडल के संघोल में शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल बालीवाल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ है। टूर्नामेंट का शुभारंभ शहीद ऊधम सिंह की पत्नी सुशीला देवी ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का पहला मैच सरीमोलग और त्रेफड़ की टीमों के बीच हुआ, जिसमें त्रेफड़ की टीम विजयी रही है। टूर्नामेंट में कुल 20 के करीब टीमें भाग ले रही हैं। शुभारंभ के अवसर पर सुशीला राणा ने टीम के सदस्यों को संदेश दिया कि वह हमेशा नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करते रहें और खेल से जोड़ने का प्रयास करें।

टूर्नामेंट तीन दिन तक चलेगा । 16 तारीख को शाम को फाइनल मुकाबला शाम को 5 बजे से शुरु होगा। पुरस्कार वितरण समारोह सात बजे के करीब मैच खत्म होने के बाद होगा। पुरस्कार वितरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा, जिसमें सभी दर्शक पहाड़ी संस्कृति से जुड़े गानों का आनंद ले सकेंगे।



टूर्नामेंट का आयोजन संघोल में राष्ट्रीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय में जय माता जलपा यूथ क्लब की ओर से किया जा रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन शहीद ऊधम सिंह राणा के पुत्र अशोक राणा और अजय राणा के सौजन्य से किया जा रहा है। ऊधम सिंह राणा ने कई वर्षो तक देश की रक्षा करने के मकसद से सेना में सेवाएं दीं। संधोल निवासी अशोक राणा बद्दी के प्रसिद्ध उद्योगपति और लघु उद्योग संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष हैं। अशोक राणा हमेशा ही समाज सेवा में आगे रहे हैं और अपनी जन्मभूमि से जुड़े हैं। अशोक राणा अपने पिता की याद में बास्केटबाल टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। अशोक राणा भी खेल से जुड़े रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी, खो-खो और रेसलिंग की प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन कर चुके हैं। जिससे उनका लगाव खेलों के प्रति बना हुआ है। अशोक राणा खेल के माध्यम से युवाओं को संदेश देना चाहते हैं युवा नशे से दूर रहें और खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन करें।

# शूलिनी यूनिवर्सिटी का यूथ यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने 121 की प्रभावशाली वैश्विक स्थिति हासिल की है, जो इसे भारत में शीर्ष निजी विश्वविद्यालय और देश में कुल मिलाकर 5वां स्थान प्रदान करती है।

द यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग उच्च शिक्षा के उभरते विश्वविद्यालयों और 50 वर्ष से कम पुराने संस्थानों के बारे में एक अनूठी जानकारी प्रदान करने पर विचार करती है। इस वर्ष, रैंकिंग में 673 विश्वविद्यालय शामिल हैं, जो 2023 में 605 से अधिक है, अतिरिक्त 499 संस्थानों को औपचारिक पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए ÷रिपोर्टर÷ का दर्जा प्राप्त हुआ है।

नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर लगातार दूसरे साल रैंकिंग में शीर्ष पर है। देशों में, तुर्की में 58 रैंक वाले संस्थानों की संख्या सबसे अधिक है, इसके बाद 55 के साथ भारत और 46 के साथ ईरान का स्थान है।

शूलिनी विश्वविद्यालय का 48.2 का सराहनीय स्कोर कई प्रमुख क्षेत्रों, विशेष रूप से अनुसंधान गुणवत्ता और अंतर्राष्ट्रीय आउटलुक में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है। हालाँकि, उद्योग, अनुसंधान पर्यावरण और शिक्षण सहित सुधार के लिए कुछ क्षेत्रों की पहचान की गई है। इन मापदंडों पर ध्यान केंद्रित करके, शूलिनी विश्वविद्यालय का लक्ष्य अपनी स्थिति को और बढ़ाना है और विश्व स्तर पर शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में शामिल होने का प्रयास करना है।

चांसलर प्रो. पीके खोसला ने कहा, 2024 की रैंकिंग जारी होना शूलिनी विश्वविद्यालय के लिए बहुत गर्व और खुशी लेकर आया है। शूलिनी विश्वविद्यालय का नेतृत्व, संकाय, छात्र और कर्मचारी सभी इस सफलता का हिस्सा हैं, उन्होंने आगे कहा कि मैं उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए आभारी हूं जिसने इस सफलता को संभव बनाया है।

प्रो चांसलर विशाल आनंद ने कहा, जैसे ही हम इस मील के पत्थर का जश्न मनाते हैं, हमें सुधार की दिशा में निरंतर यात्रा की भी याद आती है।

कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा, द यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग हमारे जैसे युवा संस्थानों को अपनी ताकत और क्षमता दिखाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। हमारा 48.2 का सराहनीय स्कोर, विशेष रूप से अनुसंधान गुणवत्ता और अंतर्राष्ट्रीय आउटलुक में, हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है, उन्होंने कहा।

# मंगलेट के आने से शिमला और हिमाचल में प्रदेश भाजपा को मजबूती मिलेगी: जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि चौपाल के पूर्व विधायक सुभाष चंद्र मंगलेट का स्वागत में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से भाजपा को शिमला ज़िला के साथ-साथ प्रदेश में भी मज़बूती मिलेगी। आज कांग्रेस की नीतियों के कारण उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसका कारण है कि आज कांग्रेस के पास न नेता है, न नीति है और न ही नीयत है। जबकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसे क्षमतावान नेता हैं। जो भारत को आगे ले जाने के लिए ऐतिहासिक काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ़ कांग्रेस डेढ़ साल के कार्यकाल में ही तार-तार हो गई है। विधायक पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। ऐसी स्थिति सिर्फ़ कांग्रेस के नेताओं की तानाशाही के कारण आई है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस को ताकीद की कि वह मुद्दे पर चुनाव लड़ें तो बेहतर रहेगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नामांकन हो गये हैं। यह साफ़ हो चुका है कि कौन किसके सामने हैं। नामांकन के समय उमड़े जन सैलाब से यह भी साफ़ हो गया है कि प्रदेश के लोग किसके साथ हैं। मण्डी में एक दिन पर्व हुए कंगना के नामांकन ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से लोग आए थे, जगह कम पड़ गई थी। ख़ास बात यह है कि कंगना के नामांकन में मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोग थे न कि प्रदेश भर से प्रभाव के कारण बुलाए गए लोग थे। पहली बार ऐसा हुआ जब लोगों के खड़ा हो के लिए जगह नहीं रह गई थी। प्रदेश में हर जगह से भाजपा अपार जनसमर्थन मिल रहा है। जनताजनार्दन से मिल रहे इस समर्थन के लिए उन्होंने समस्त प्रदेश वासियों का आभार भी व्यक्त किया।




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और दो बार विधायक रहे, और पहली बार निदर्लीय चुनाव जीते और फिर एक बार निदर्लीय चुनाव लड़ कर के लगभग 15 हज़ार मत प्राप्त किये। ऐसे सुभाष मंगलेट भारतीय जनता पार्टी के साथी बने हैं। हम उनका अभिनंदन करते हैं। वही बहन शकुंतला जो जुब्बल कोटखाई से चार बार प्रधान, जिला परिषद सदस्य रहीं उनका भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर अभिनंदन करते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं और नीतियों के कारण लगातार खाली हो रही और हिमाचल प्रदेश का ये सिलसिला बहुत लंबा है और देश का तो बहुत ही बड़ा है। मोरारजी देसाई से शुरू होकर के आज तक खत्म ही नहीं हो रहा है और केंद्र की पार्टी सिर्फ राहुल गाँधी परिवार की पार्टी रह गई है और हिमाचल में भी इसी प्रकार से जो घटनाक्रम चला है। स्वर्गीय संतराम कांग्रेस के सबसे बड़े नेता उनके पुत्र सुधीर वो भाजपा में, लता ठाकुर कांग्रेस की अध्यक्षा रहीं उनके बेटे रवि ठाकुर बीजेपी में भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बड़ रही है।नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में और हम ये कह सकते हैं ये जो जॉइनिंग का सिलसिला हैं।वो इस बात का द्योतक है। 1 जून को वोट करेंगे 4 जून को चार सीट और ऐम।सारी भारतीय जनता पार्टी को मिलेंगी इतना।मैं आपका धन्यवाद करता हूँ सभी नेताओं का अभिनंदन करता हूँ।

सुभाष मंगलेट ने कहा कि मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर वह भारतीय जनता पार्टी के साथ काम करना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि राम सबके हैं इसीलिए वह राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के रवैये से आहत हैं, प्रदेश के लोग कांग्रेस को उनकी हर नाकामी के बदले सबक़ सिखाने को तैयार बैठे हैं। इस मौक़े पर चौपाल के विधायक बलवीर वर्मा और अरुण फ़ाल्टा भी उनके साथ उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए अधिकारियों ने व लोगों मिलकर की सार्वजनिक जगहों की साफ-सफाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के जिला के आला अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ स्वच्छता श्रमदान कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। स्वीप कार्यक्रम के अर्न्तगत स्वच्छता के लिए श्रमदान जरूरी और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी थीम को लेकर बुधवार को सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत नगर निगम एरिया में और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया था।

इसके लिए अधिकारी बुधवार को सुबह ही स्थानीय लोगों के साथ साफ-सफाई करने निकल पड़े। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बार्ड नम्बर एक जवाहर नगर, एडीसी रोहित राठौर बार्ड नम्बर 8 नजदीक राम मन्दिर, एसडीएम ओम कांत ठाकुर बार्ड नम्बर 11 नजदीक गोल पौड़ी में



स्थानीय लोगों के साथ साफ-सफाई की।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर निगम एरिया में और ग्राम पंचायतों में लोगों के सहयोग से सार्वजनिक जगहों की साफ-सफाई की गई। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में शामिल होकर लोगों ने जो संदेश दिया है उसका परिणाम शत प्रतिशत मतदान के रूप में निश्चित रूप से सामने आएगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए सदर मंडी विधानसभा में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

# लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू, 10 दिन रह गए शेष

पंचकूला में चुनावी रण में प्रत्याशियों समेत प्रशासन ने कसी कमर

रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउड स्पीकर पर रहेगा प्रतिबंध

## चुनावी प्रक्रिया में रैली व रोड शो के लिए प्रशासन से लेनी होगी अब अनुमति




अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** अंबाला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पंचकूला और कालका हलकों में चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। चुनाव में 10 दिन शेष रह गए हैं। 25 मई को होने वाले चुनाव को लेकर एक तरफ चुनावी रण में जहां पार्टियां आमने-सामने आ गई हैं तो दूसरी तरफ कानून और शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिला प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। प्रशासन की तरफ से राजनीतिक पार्टियों को साफ कर दिया है कि पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करना जरूरी होगा। रैली या रोड शो का काफिला निकालने से पहले इसकी अनुमति जिला प्रशासन संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी से लेना जरूरी होगा। पार्टियों को रोड पर लगने वाले जाम का भी खासतौर पर ध्यान रखना होगा। हिदायत के मुताबिक रोड शो या काफिला निकालने के दौरान रोड जाम नहीं होना चाहिए। यही नहीं जहां पर अस्पताल या ट्रामा सेंटर होगा, वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेंगी। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को भी प्रशासन ने प्रतिबंधित कर दिया है।

**केवाईसी एप से मतदाता देखें अपने प्रत्याशी की प्रोफाइल**

निर्वाचन अधिकारी डॉ. यश गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लोग अपने क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी एप (नो योर कैंडिडेट) की शुरुआत की है जिसके द्वारा मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। आयोग द्वारा केवाईसी एप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस एप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस एप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह एप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर लिंक के माध्यम से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस एप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रचार में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत जरा जान लें नियम

पंचकूला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र चुनावी रंग में रंग चुके हैं और हर किसी के सिर पर चुनाव का जादू सिर चढ़ कर बोल रहा है। ऐसे में प्रचार के जरिए पार्टियों को अलॉट किए गए स्थानों पर गहमागहमी का माहौल है। इस बीच उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. यश गर्ग ने जिलेभर के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरुद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न कर सकेंगे। ऐसा करने पर यह जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन होगा और प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी। हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापना होगा। भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है। चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि तभी छापें जब सामग्री छापने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर भी लेना जरूरी हैं।

### चुनाव ऑफिस के लिए परमिशन जरूरी



राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा अपना चुनावी कार्यालय खोलने के दौरान चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना करना जरूरी है। धार्मिक स्थल या परिसर में कोई कार्यालय नहीं खोला जाएगा। किसी भी शैक्षणिक संस्थान/अस्पताल के समीप कोई कार्यालय नहीं खोला जाएगा।

**यश गर्ग, जिला निर्वाचन अधिकारी**

# सीबीएसई दसवीं - बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में चमके विवेकानंद स्कूल के छात्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, एचएमटी टाउनशिप,पिंजौर के छात्रों ने इस साल सीबीएसई दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अद्भुत प्रदर्शन किया है । इन अद्वितीय परिणामों से स्कूल की शिक्षा में शिक्षात्मक उत्कृष्टता और उनके छात्रों की अद्भुत क्षमताओं की प्रतिष्ठा प्रकट होती है। छात्रों ने एक बार फिर अपने समर्पण, दृढ़ता और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करके सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में विशिष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

दसवीं कक्षा में, सर्वाधिक अंक प्राप्त कर्ताओं में हर्षित कुमार 97.8%, जिया डोरा 95.2%, नमन पांडे 95.2% अंक लेकर शीर्ष स्थान पर रहें हैं । विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंकों के साथ हर्षित कुमार ने अँग्रेजी में 99%, साइन्स में 99%, सोशल साइन्स में 97%; पीयूष गिरि ने हिन्दी में 97%, हरनूर कौर ने संस्कृत में 98%, रमनदीप कौर ने पंजाबी में 96%, हर्षित ने आईटी में 96% तथा गणित में हर्षित तथा नमन पांडे ने 98% अंक प्राप्त किए । दसवीं कक्षा के 10 छात्रों ने 90त्न से अधिक अंक अर्जित किए व 91 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा 292 छात्रों ने विषयों में विशिष्ट अंक प्राप्त किए।

बारहवीं कक्षा में देवांशी कौशिक 96.8%, नवलीन कौर 95%, तनिष्क तिवारी 92.4%, अंकों के साथ शीर्ष स्थान अर्जित किया । विभिन्न विषयों में सर्वाधिक अंकों के साथ देवांशी कौशिक ने पॉलिटिकल साइन्स में 100 अंक, हिन्दी में 97 अंक, इक्नोमिक्स में 97 अंक व पेंटिंग में 100 अंक; लक्षय कुमार ने गणित में 97 अंक; नवलीन कौर के फिज़िकल एडुकेशन में 99, कैमिस्ट्री में 95 अंक व बायोलॉजी में 97 अंक; बलप्रीत कौर ने अंग्रेजी में 96 अंक; लेकर बाजी मारी । बारहवीं कक्षा के 59 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की व 169 छात्रों ने विषयों में विशिष्ट अंक प्राप्त किए ।

# बंतो कटारिया ने कांग्रेस पर बोला हमला बोलीं- वे जमानत भी तक नहीं बचा पाएंगे

## विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी किया धुआंधार प्रचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर हमलावर रहीं। बुधवार को बंतो कटारिया ने अपने दिन की शुरुआत माता मनसा देवी गौशाला में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होकर की। इस दौरान बंतो कटारिया ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्रीमती कटारिया ने हरि मंदिर सेक्टर 12, एमडीसी सेक्टर 4 व 5, सेक्टर-21,8, सूद भवन सेक्टर-10, सेक्टर-14, गांव बिल्ला, खेत पराली , सेक्टर-29 सहित लगभग डेढ़ दर्जन से भी अधिक कालोनियों व सेक्टरों में धुआंधार प्रचार किया। इस दौरान बंतो कटारिया का लोगों ने फूल मालाओं से जबरदस्त स्वागत किया। बंतो कटारिया जहां भी गईं लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे पहले भी स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के साथ थे और आज भी साथ हैं। लोगों ने बंतो कटारिया से कहा कि 25 मई को कमल के फूल पर इतने वोट पड़ेंगे जिसकी धमक दिल्ली में गूंजेगी। उन्होंने कहा कि मोदी के हरियाणा आगमन की सूचना से ही कांग्रेस नेताओं के पसीने छूटने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं को लगने लगा है कि वे अब अपनी जमानत तक नहीं बचा पाएंगे। श्रीमती कटारिया ने कहा कि 60 साल तक तो कांग्रेस ने विकास और जनहित के काम किए नहीं, अब मोदी सरकार ने करके दिखा दिए तो कांग्रेस की हालत खराब हो रही है। कांग्रेस नेताओं के पास जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं है। जनता भी कांग्रेस नेताओं से सवाल करती है कि 60 साल में इतना विकास क्यों नहीं कराया, जितना मोदी सरकार ने 10 सालों में करके दिखा दिया। बंतो कटारिया के साथ-साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने प्रचार अभियान के दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई और घमंडी गठबंधन को भी घेरा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का विरोध करना और सनातन धर्म को गाली देना इंडी गठबंधन की आदत बन गई है।

### कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचारियों के साथः ज्ञानचंद गुप्ता

विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा जनता को समझ में आ गया है। जनता समझ गई है कि कांग्रेस सिर्फ अपने भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाथ ना पहले गरीबों के साथ था और ना अब गरीबों के साथ है। कांग्रेस का हाथ सिर्फ भ्रष्टाचार के साथ है। श्री गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के हित में काम किया है। बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर 1 लाख से ज्यादा नौकरियां देना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर पारदर्शी शासन व्यवस्था देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को यह विश्वास हो गया है कि उनका भविष्य भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। श्री गुप्ता ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि 25 मई को सोच-समझकर और देशहित में काम करने वाली भाजपा पार्टी को मतदान करना है। देश की संस्कृति को दबाने वाले लोग फिर से न पनप जाए, हमें इसका पूरा ध्यान रखना है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि बंतो कटारिया की जीत एक बड़े मार्जिन से होनी चाहिए, इसलिए सभी कमल के फूल पर बटन दबाएं।

# दुष्यंत ने पंचकूला में जजपा प्रत्याशी किरण पूनिया के समर्थन में की जनसभा

## बोले- हरियाणा में बाढ़ आई तो ट्रैक्टर पर गांव-गांव जाकर की थी मदद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने पंचकूला में बुधवार को जेजेपी की प्रत्याशी किरण पूनिया के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कहा है कि हमने सदैव किसान, कमेरे वर्ग के हित में काम किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में जब बाढ़ आई तो, वे गांव दर गांव ट्रैक्टर पर जाकर बाढ़ पीड़ति किसानों और ग्रामीणों से मिले थे। उन्होंने कहा कि जेजेपी की पूर्व गठबंधन सरकार में हिस्सेदारी थी तो इतिहास में पहली बार हरियाणा में बाढ़ घोषित हुई और जान-माल व पशुओं के नुकसान की भरपाई पीड़ितों को मुआवजा देकर की गई।

दुष्यंत चौटाला ने उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि जेजेपी ने आम लोगों के हकों की लड़ाई लड़ते हुए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, बीसीए वर्ग को आठ प्रतिशत हिस्सेदारी, किसानों की समय पर फसल खरीद व उसका भुगतान, राशन डिपुओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी, ऑनलाइन फर्द निकालने की सुविधा, 20 हजार किलोमीटर सड़कों का सुधार जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए है। दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जेजेपी द्वारा कराए गए विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आज जनता राष्ट्रीय पार्टियों के सांसदों से छुटकारा पाना चाहती है और अपने क्षेत्र की आवाज बुलंद करने के लिए जेजेपी उम्मीदवारों को सांसद बनाकर संसद भेजना चाहती है। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि आज भाजपा और कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पुत्र मोह में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे है और दोगली राजनीति करने वाले भूपेंद्र हुड्डा को जनता वोट की चोट से करारा जवाब देगी।

इससे पहले अम्बाला लोकसभा के पिंजौर में जनसभा संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस क्षेत्र से जुड़ा एचएमटी ट्रैक्टर की इंडस्ट्री का मुद्दा हो या उत्तर भारत में नई फिल्म सिटी बनाने का विषय हो, उन्होंने सांसद और प्रदेश सरकार का हिस्सा रहते हुए अनेकों बार केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का काम किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थानीय सांसद द्वारा पैरवी की कमी के चलते ज्यादा प्रगति नहीं हो पाई।दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी प्रत्याशी डॉ किरण पूनिया के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि अब अंबाला वासियों के पास सुनहरा अवसर है कि वे अम्बाला के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए मेहनती, शिक्षित और भरोसेमंद सांसद के रूप में डॉ किरण पूनिया को अपना सांसद बनाकर लोकसभा में भेजें।

# चुनाव को आगे बढ़ाने के लिए वकील बैठक का आयोजन



**पंचकूला।** सूद भवन, सेक्टर 10 पंचकूला में एक वकील बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्तमान में चल रहे चुनाव को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा ट्राइसिटी एवं हरियाणा की विभिन्न जिला अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित किया गया था। लगभग हर जिले ने एक अधिवक्ता को अपने प्रतिनिधि के रूप में भेजकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय हित में मतदान विषय पर केंद्रित था। कार्यक्रम का संचालन राजीव मल्होत्रा द्वारा किया गया। व्याख्यान मे वी.के. जिंदल वरिष्ठ अधिवक्ता ने राष्ट्रीय हित में मतदान के विभागों पर चर्चा की और गहनता से विचार किया। उन्होंने वोट देने के कर्तव्य से संबंधित राष्ट्रीय हित की मौलिक परिभाषा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत राष्ट्रों को ऐसे नागरिकों की आवश्यकता होती है जो चुनने और वोट देने के लिए पर्याप्त मजबूत हों। उसके बाद, वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल लखनपाल ने विषय के आलोक में कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और वोट का महत्व और 100 प्रतिशत मतदान पर बात की। उन्होंने बहुत ही स्पष्टता से उल्लेख किया कि किसी को अन्य अधिकारों का प्रयोग करने के लिए वोट देने के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि सरकार को 100 प्रशित वोट व्यक्त करने वाली सरकार बनानी होगी, तभी वह पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह सायं 4.15 बजे से 5 बजे के बीच एक घंटे का संक्षिप्त कार्यक्रम था और राष्ट्रगान तथा मतदान के अधिकार का पूर्ण रूप से प्रयोग करने की प्रतिज्ञा के साथ इसका आशावादी अंत हुआ। कार्यक्रम में कुल 500 अधिवक्ता मौजूद थे। इस बार संसदीय चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी वोटिंग बूथ किसी भी नागरिक से 1 किमी से अधिक दूर न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला गायब, नाबालिग लड़की को किया अगवा

**पंचकूला, (अप्रस)।** जिले में दो जगहों से एक महिला के संदिग्ध हालत में गायब होने और अन्य नाबालिग लड़की को अगवा किए जाने के मामले सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस ने दोनों की गहनता के साथ पड़ताल शुरू कर दी। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने मोहाली के रहने वाले जसविंदर सिंह की शिकायत पर उसकी बहन के लापता होने का केस दर्ज किया। जसविंदर सिंह ने पुलिस को बताय कि 27 वर्षीय बहन की शादी हो चुकी है और उसका एक बेटा भी है। बीती 13 मई को उसकी बहन ससुराल गई थी। वहां उसकी बहन किसी को बिना बताए कहीं चली गई। उन्होंने बहन की काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत मिलने के तुरंत बाद पड़ताल शुरू कर दी। उधर, गांव खटौली से एक 17 वर्षीय को अगवा किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। नाबलिग लड़की के पिता ने पुलिस को शिकायत देकर युवक पर बेटी को अगवा करने के आरोप लगाए। पुलिस ने युवक की पहचान की। पिता का कहना है कि बेटी के जाने के बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। पुलिस नाबालिग लड़की की तलाश में कई जगहों पर दबिश दे रही है।

### गाड़ी में अवैध शराब ले जाता व्यक्ति गिरफ्तार

**पंचकूला, (अप्रस)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में अवैध शराब की तस्करी को लेकर पुलिस नाकों पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है। इस बीच रामगढ़ नाके पर पुलिस ने बीती देररात को गाड़ी में अवैध शराब ले जा रहे एक व्यक्ति को काबू किया। व्यक्ति ने खुद का नाम मिलाप चंद बताया जो मूल रूप से हिमाचल के जिला कांगड़ा का रहने वाला है। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर अवैध शराब के बारे में पूछताछ की। बताया गया कि मिलाप चंद अपनी मारूति कार में सवार होकर जा रहा था। डयूटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार की अगुआई में लगाए गए नाके पर पुलिस ने गाड़ी को रूकने का इशारा किया। पुलिस को सामने देखकर मिलाप चंद ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे घेर कर काबू कर लिया। मिलाप चंद की गाड़ी की तलाशी लेते हुए पुलिस कर्मचारियों ने डिग्गी से दो शराब की पेटियां बरामद की। जिसमें से 18 बोतलें अवैध शराब की बरामद हुई। शराब के मार्का के साथ उस पर केवल हरियाणा में बिक्री, लिखा पाया गया था। पुलिस ने इस मामले में मिलाप चंद से पूछताछ की।

# स्पोर्ट्स में स्टेट और नेशनल लेवल खेल चुकी मान्यता, अब किया टॉप

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़।** सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 26 की मान्यता सोनी ने दसवीं क्लास में 98 प्रतिशत नंबर हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत का ऐसा परचम लहराया है कि जो काबिले तारीफ है।स्कूल की टॉपर मान्यता स्पोर्ट्स में नेटबॉल और बास्केटबॉल के कई नेशनल खेल चुकी है। वह बताती है कि दसवीं क्लास के बोर्ड एग्जाम होने के बावजूद भी स्पोर्ट्स जारी रहा व कोई भी मैच मिस नहीं किया, पढ़ाई और स्पोर्ट्स का बैलेंस बनाकर रखती थी। कई बार तो मैच के चलते इंपोर्टेंट सब्जेक्टस की क्लासेस मिस हो जाती थी। मिस क्लासेज के लिए अलग से टाइम निकाल कर फ्रेंडस और टीचर्स की हैल्प से कंप्लीट कर लेती थी। मां मीनाक्षी सोनी का कहना है कि स्पोर्ट्स के साथ पढ़ाई का बैलेंस बनाकर रखना वैसे तो बहुत मुश्किल है लेकिन अगर कुछ करने का जुनून हो तो कड़ी मेहनत और लगन के साथ हर मुकाम हासिल करने में सफलता मिल ही जाती है।





### नेटबॉल स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल

नेटबॉल स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल लेने वाली मान्यता ने खेलो इंडिया वूमेन बास्केटबॉल लीग में थर्ड पोजिशन, यूथ स्टेट बास्केटवॉल चैंपियनशिप में सैंकेड पॉजिशन, इंटर स्कूल स्टेट टूर्नामेंट बास्केटबॉल में थर्ड पोजिशन हासिल की है। इन दिनों भी इंदौर में बास्केटबॉल का मैच खेलने गई हुई हैं। मान्यता का कहना है कि इस रिजल्ट का श्रेय पूरा-पूरा उनके पेरेंट्स को जाता है क्योंकि उनके सहयोग के बिना ये मुकाम हासिल करना नामुमकिन था। उनकी मदर ने हमेशा उनका साथ दिया है। मैच में भी कई बार उनके साथ जाती थीं। फिलहाल तो मान्यता ने 11वीं क्लास में नॉन मेडिकल स्ट्रीम में एडमिशन ली है।

# महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में योग शिविर शुरू

चंडीगढ़ (अप्रस)। चंडीगढ़ योग सभा सेक्टर 30 ए चंडीगढ़ द्वारा महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया है। प्रधान सुरेश शर्मा और महासचिव नरेश कुमार के मार्गदर्शन में योगाचार्य भूपेंद्र नेगी और उनकी टीम के नेतृत्व में निशुल्क योग प्रशिक्षण कैंप बच्चों के लिए विशेष तौर पर आयोजित किया गया है। इस कैंप में लगभग 100 बच्चे भाग ले रहे हैं। यह कैंप 17 मई तक चलेगा। इस कैंप में नेगी ने बहुत ही सरल योग के आसन करवाए। उन्होंने बच्चों की याददाश्त तेज हो इसके लिए नाक में घी डालना, बादाम रोगन डालना, जल क्रिया करना, जल नेति करना आदि सभी क्रियाएं बच्चों को करके दिखाई। विद्यार्थियों ने भी इसका अभ्यास किया। इन क्रियाओं को करने से दिमाग तेज होता है, इसके साथ ही आंखों पर लगा चश्मा भी कुछ ही दिनों में हट जाता है। विद्यार्थियों ने बताया कि योग करने से उन्हें ताजगी, स्फूर्ति और एकाग्रता का एहसास हुआ। योग करने से ध्यान केंद्रित होता है। पढ़ाई में मन लगता है। योगाचार्य भूपेंद्र सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को कहा कि वे योग को



जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। योग करने से रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता पैदा होती है। शरीर का स्टेमिना बढ़ता है। इस मौके पर पधारे महासचिव नरेश कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ योग सभा 1978 से निशुल्क योग सेवाएं दे रही है। यह कार्य संस्थापक स्वामी देवी दयाल जी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा स्वरूप किया जा रहा है। निशुल्क प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन भी किया जाता है। ट्राई सिटी से काफी संख्या में रोगी चंडीगढ़ योग सभा की सेवाएं ले रहे हैं। इससे मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है।

# 17 मई तक नामांकन वापिस ले सकेंगे, ईवीएम सुरक्षा की कर सकेंगे जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव सुचारू रूप से चल रहे हैं, नामांकन प्रक्रिया में आज नाम लेने की अंतिम तारीख थी। नामांकनों में से 26 स्वीकार किए गए, जबकि 7 खारिज कर दिए गए। चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर एसएस गिल भी नामांकन के अंतिम दिन और जांच के दिन मौजूद थे। सभी हलफनामे अपलोड कर दिए गए हैं और इन्हें affirmation.eci.gov.in, वोटर हेल्पलाइन ऐप और नो योर कैंडिडेट ऐप पर देखा जा सकता है। राजेश, नवतेज सिंह, प्रेम पाल, अमित शर्मा, सतनाम सिंह, सुरिंदर सिंह (बहुजन समाज पार्टी के कवरिंग उम्मीदवार) और अजय तिवारी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवार) के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए आमंत्रित किया गया है, जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) संग्रहीत हैं। इसके अतिरिक्त, व्यय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 16 मई को एक बैठक निर्धारित की गई है। इस बैठक का उद्देश्य सभी उम्मीदवारों और उनके एजेंटों या प्रतिनिधियों को चुनाव खातों के रखरखाव और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं के बारे में जानकारी देना है। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 17 मई दोपहर 3 बजे है। उसी दिन शाम 4 बजे रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा।

**वैध रूप से नामांकित 20 उम्मीदवारों की अंतिम सूची इस प्रकार है :**

| | | |
|---|---|---|
| मनीष तिवारी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | किशोर कुमार - निर्दलीय | रवि कांत मुनि - निर्दलीय |
| रितु सिंह - बहुजन समाज पार्टी | कुलदीप राय - निर्दलीय | लखवीर सिंह - निर्दलीय |
| संजय टंडन - भारतीय जनता पार्टी | पुष्पिंदर सिंह - निर्दलीय | विनोद कुमार - निर्दलीय |
| दीपांशु शर्मा - अखिल भारतीय परिवार पार्टी | प्रताप सिंह राणा - निर्दलीय | विवेक शर्मा - निर्दलीय |
| राज प्रिंस सिंह - सुपर पावर इंडिया पार्टी | प्यार चंद - निर्दलीय | शकील मोहम्मद - निर्दलीय |
| राजिंदर कौर - सैनिक समाज पार्टी | बलजीत सिंह - निर्दलीय | सुनील कुमार - निर्दलीय |
| सुनील थमन - हरियाणा जन सेना पार्टी | रणप्रीत सिंह - निर्दलीय | |

# बच्चों को खिलाई डीवार्मिंग की दवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** विवेकानंद मानव सेवा सोसाइटी , कालका द्वारा कालका पिंजौर की झुग्गी झोपड़ियां में जाकर डीवार्मिंग की दवाई खिलाई गई। जाती पाती एवं राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक सेवा के कार्यों में सदैव आगे रहने वाली सोसाइटी, स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलकर मानवता की सेवा करने का प्रयास करती है। इसी के अंतर्गत अनेक जनकल्याण के कार्यों को करती है इन्हीं में से एक है प्रतिवर्ष झुग्गी झोपड़ियां में जाकर डीवार्मिंग की दवाइयां खिलाना। जनरल सेक्रेटरी डॉ अजय वर्मा के नेतृत्व में दवाइयां खिलाने का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को दवाइयां खिलाई गई। जिन बच्चों ने कुछ नहीं खाया था उन्हें पहले बिस्किट खिलाए गए उसके बाद ही दवाई खिलाई गई। इसके साथ ही बदलते हुए मौसम को देखकर बच्चों को आवश्यकता अनुसार बच्चों को कफ सिरप भी बांटे गए। इस अवसर पर सोसाइटी के उप प्रधान परमजीत शर्मा सहित इंद्रजीत शर्मा, रोहित पुंज, धर्मेंद्र शर्मा, आचार्य सुनील दत्त गौतम एवं मुकेश पसरिचा आदि उपस्थित रहे।




# पंचकूला में बही ज्ञान की अमृत वर्षा, सीएम सैनी ने की शिरकत

## श्री राधा जागरण में पंचकूलावासी संस्कृति व धर्म ज्ञान प्रवचनों में हुए सरोबार





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित हो रहे श्री राधा जागरण में पंचकूलावासी संस्कृति व धर्म ज्ञान प्रवचनों में सरोबार हुए। बुधवार रात तक पंचकूला में ज्ञान की अमृत वर्षा हुई।

पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर यह खास आयोजन किया गया। समाजसेवी जगमोहन गर्ग सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध वर्ग ने प्रवचनों का आनंद लिया । कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे। उत्सव में कुमार स्वामी जी और पंडित धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम महाराज भी विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष और पंचकूला विधायक ज्ञानचंद गुप्ता और अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया भी मौजूद रहे।

पंचकूला में श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट एवं गीता द्वारा राधा प्रेरणा जागरण का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए श्री कृष्ण कृपा परिवार के श्यामलाल बंसल धर्मपाल सिंगल राकेश गोयल ने कहा कि कार्यक्रम में भारी संख्या में पंचकूलावासी सम्मिलित हुए। जगमोहन गर्ग द्वारा बताया गया ट्रस्ट की शुरुआत सन् 2009 मे समाजसेवी स्वर्गीय बालकृष्ण बंसल की अध्यक्षता मे की गई थी। इस अवसर महराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान जगमोहन गर्ग, महासचिव अमित जिंदल , कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, सह सचिव मुकेश बंसल, अशोक जिंदल, रामगोपाल, भगवान दास मित्तल, सज्जन जिंदल एवं अन्य ट्रस्टीगण और श्री कृष्ण कृपा परिवार पंचकुला से शाम लाल बंसल, राकेश गोयल, धर्मपाल सिंगला, सुरिंदर गोयल,परविंदर ढींगरा, अभिषेक मित्तल, दीपक लूथरा , परवीन अग्रवाल, वनीत जैन , दिनेश गुप्ता , सतीश मंगला , संदीप जिंदल, विजय गर्ग , विकास गोयल, परदीप गोयल , तेजपाल गुप्ता, रमन सिंगला, मनोज गर्ग , आदि सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# 2024 का लोकसभा चुनाव रामभक्तों व राम द्रोहियों के बीच का है चुनाव: योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



जालौन/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जालौन लोकसभा क्षेत्र के उरई में केंद्रीय मंत्री और भाजपा, अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल, निषाद पार्टी, सोहेल देव राजभर पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी भानु प्रसाद वर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह सुबह ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सुन रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में दो ध्रुवीकरण हो चुके हैं। खड़गे जी से कहना चाहता हूं कि देश का चुनाव ध्रुवीकरण के बीच नहीं, ये चुनाव तो रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच में हो रहा है। एक तरफ सभी रामद्रोही खड़े हैं, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले खड़े हैं, देश के साथ गद्दारी करने वाले व पाकिस्तान का राग अलापने वाले खड़े हैं, उन दुर्योधन और दुशासनों के खिलाफ इस महाभारत में आज मोदी जी भारतीय जनता पार्टी का सारथी बनकर कृष्ण की भूमिका में खड़े हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, रामद्रोही हमेशा पराजित हुआ है, पतन को प्राप्त हुए है। ये जो रामद्रोही हैं, ये केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। इनको न जाति की चिंता है, न प्रदेश की चिंता है और न देश की चिंता है, इन्हें न आपकी आस्था की चिंता है, न गरीब की चिंता है, न किसान की चिंता है, न महिलाओं की चिंता है न बेटियों की चिंता है। इनको सिर्फ परिवार की चिंता है। वहीं मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारा जालौन डिस्ट्रिक्ट कालपी के कागज और जालौन के मटर के लिए विख्यात है। वन डिस्ट्रिक्ट और वन प्रोडक्ट के आधार पर यह दोनों चीजें आज वैश्विक मान्यता को प्राप्त कर रही हैं। जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है। आज से दस साल पहले इसकी स्थिति क्या थी। सपा, बसपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड को माफिया के हवाले कर दिया था। इन्होंने इस पूरे क्षेत्र के संसाधनों को लूटा- खसोटा था। इस पूरे क्षेत्र को अराजकता की ओर धकेलने का काम किया था। यहां के विकास को बाधित किया था। जिसका दुष्परिणाम था कि नौजवान पलायन कर रहा था। किसान आत्महत्या कर रहा था। बेटी तथा व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। आज दस वर्ष में हमारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। हर घर जल की योजना जमीनी धरातल पर दिखाई दे रही है। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाली तोप जब भारत की सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तानियों की पैंट गीली हो जाती है। हमारा हस्तशिल्पी जब आज काम करता है तो दुनिया में सम्मान प्राप्त करता है। अब तो बुंदेलखंड में औद्योगिक नगर बसाने जा रहे हैं। अब मेरे बुंदेलखंड के नौजवानों को यहां से बाहर पलायन करना नहीं पड़ेगा, बल्कि दुनिया आपके पास नौकरी मांगने आएगी।

# जगन के शपथ ग्रहण समारोह की तिथि तय की जाएगी: बोत्सा



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भरोसा जताते हुए वाईएसआरसीपी के मंत्री बोत्सा सत्यनारायण ने कहा कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के शपथ ग्रहण समारोह की तिथि जल्द ही तय कर दी जाएगी। अपने चुनाव प्रचार के दौरान सीएम जगन ने कहा था कि वह विशाखापत्तनम को अपना घर बनाएंगे और यहीं रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के बाद वह बंदरगाह शहर में अपना शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करेंगे। मंगलवार को यहां एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोत्सा ने कहा कि टीडीपी ने मौजूदा सरकार की छवि खराब करने के लिए हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम को लेकर सरकार को घेरने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन किसानों और भूस्वामियों ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया।

बोत्सा ने 13 मई को मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की शानदार भागीदारी के लिए अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयासों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में जगन की मजबूत लहर है और पार्टी 4 जून, 2024 को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद 175 में से 175 विधानसभा सीटें जीतने का अपना लक्ष्य हासिल कर लेगी। वाईएसआरसीपी मंत्री ने कहा कि पार्टी एक या दो दिन में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम घोषित करेगी और समारोह बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है।

# भाजपा के भ्रष्टाचार को वोट की ताकत से भगाएं: महेन्द्र प्रताप सिंह

**कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ने बडौली सहित एक दर्जन चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज बुधवार को अपने चुनावी अभियान की शुरूआत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव बडौली से की जहां उनका लोगों द्वारा पगडी बांधकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। बडौली में आयोजित सभा का आयोजन जिला पार्षद बीरपाल गुर्जर, राकेश चंदीला व रणबीर चंदीला द्वारा किया गया। जहां उनको समाज की ओर से पगडी बांधकर व फूलों की बडी माला पहनाकर अपने खुले समर्थन का आर्शीवाद भी दिया गया।

वहीं उन्होंने गाजीपुर, कावंरका, पिंगोड, भतौला, फरीदपुर, फ्रेडस कॉलोनी के अलावा कृष्णा कॉलोनी निकट बाटा पुल, एनआईटी नंबर-5 व लोटस गार्डन पृथला में आयोजित चुनावी सभाओं में भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनका जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयश्री का आर्शीवाद दिया।

लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा के मौजूदा सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में फरीदाबाद को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। औद्योगिक नगरी के नाम से विश्व में मशहूर इस फरीदाबाद से आज जहां उद्योग पलायन कर रहे हैं युवाओं के समक्ष बेराजगारी का संकट खडा होता जा रहा है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़कर फेंकना जरूरी है, ताकि लोगों के जीवन में फिर से खुशहाली आ सके। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल निकली है ठीक उसी प्रकार समूचे हरियाणा में बदलाव की आवाज बुलंद हो रही है। इसलिए आप एकजुट हो अपनी वोट की ताकत को पहचानते हुए वोट की चोट से ही इन जुम्लेबाजों को हराने का कार्य करें।

सभा में भारी भीड से उत्साहित कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपकी हाजरी और उत्साह बता रहा है कि इस बार आपने कांग्रेस को विजयी बनाने का पक्का मन बना लिया है इसलिए कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव से बीजेपी प्रत्याशी निराश व हताश हैं। क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं, यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदारी पर आकर खडा हो गया है और आप ईमानदारी को चुन रहे हैं जिसकी आवाज समूचे प्रदेश में जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद नंबर वन था। परन्तु आज भाजपा के कार्यकाल में फरीदाबाद फकीराबाद बनकर रह गया है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध न होने के कारण बेरोजगारी बढ गई है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे है।

इस मौके पर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर, चौधरी रणवीर चंदीला, चौ. दयाराम, चौ. जयपाल, धर्मा चंदीला, समुन्द्र चंदीला, मदन चेयरमैन, गिरीश भारद्वाज, राजेश आर्य, पं. मनोज, संतराज, सुरेन्द्र जैसल, जयवीर दायमा, मास्टर कैलाश, अंजय चंदीला, श्याम नेताजी, हरिंचंद, शम्सु ठेकेदार, आभाष चंदीला, महेन्द्र चंदीला, कुलदीप, चौ. राममेहर चंदीला, विकास उर्फ विक्की, बिजेन्द्र ठेकेदार, शिराम, सतीश सरपंच, खैराती, वेदप्रकाश यादव, चौघरी दयाचंद, चन्द्र चंदीला, चौ. जीवन लाल, राजेन्द्र चपराना आदि हजारों की संख्या में इलाके के गणमाण्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़िया समुदाय ने दिया टंडन को समर्थन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन को रामगढ़िया समुदाय ने अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। पहली जून को होने वाले मतदान के लिए रामगढ़िया समुदाय भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार भी करेगा। संजय टंडन ने रामगढ़िया समुदाय द्वारा समर्थन देने का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों से मिल रहे समर्थन से अभिभूत हूं। यही समर्थन उन्हें चंडीगढ़ के विकास के लिए ओर अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित कर रहा है। रामगढ़िया समुदाय के नेताओं ने भाजपा उम्मीदवार को अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया और राष्ट्रीय मंच पर अपने निवासियों की वकालत करते हुए निर्वाचन क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।

डॉ. हरचरण सिंह, रामगढ़िया चंडीगढ़ सभा के अध्यक्षने कहा कि भाजपा उम्मीदवार में स्थानीय होने के साथ समर्पण एवं विकास कार्यों की प्रतिबद्धता झलकती है। यही नहीं उनमें कुशल नेतृत्व का गुण भी है, जो उनकी दूसरे नेताओं से अलग पहचान है। इसी नेतृत्व क्षमता के चलते रामगढ़िया समाज ने उन्हें समर्थन देने का फैसला लिया है। रामगढ़िया समुदाय ने नागरिकों और राष्ट्र की सेवा के प्रति उनके दृढ़ समर्पण के लिए संजय टंडन का आभार व्यक्त किया।

# श्रीमद रामायण' में, लंकापति रावण ने भगवान राम के निष्ठावान दूत – भगवान हनुमान को पकड़ा

चंडीगढ़। 'श्रीमद रामायण' में 'लंका दहन' के अध्याय की शुरुआत होगी क्योंकि लंकापति रावण भगवान हनुमान को डराने की कोशिश करके अपनी ताकत और अधिकार को प्रदर्शित करने का प्रयास करेगा, जिन्हें रावण के बेटे मेघनाद ने पकड़ लिया था। हालांकि, भगवान हनुमान उसकी आक्रामकता से अप्रभावित रहते हुए, अपने प्रिय भगवान राम के प्रति अपने संकल्प और निष्ठा पर दृढ़ रहते हैं। उनके दृढ़ संकल्प से क्रोधित होकर, रावण अपने सैनिकों को भगवान हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। जब मुकाबला अपने चरम पर पहुंचता है, भगवान हनुमान अपनी अविश्वसनीय शक्ति का प्रदर्शन करते हैं और अपनी असाधारण ताकत दिखाते हैं। पूरी लंका को आग की लपटों से घेरकर, भगवान हनुमान अपनी शक्तिशाली पूंछ का उपयोग करके राज्य में आग लगा देते हैं, और धार्मिकता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति को प्रदर्शित करते हैं। यह कार्य न केवल भगवान हनुमान की अनूठी निष्ठा का प्रतीक है, बल्कि प्रकाश और अंधेरे के बीच के शाश्वत युद्ध को उजागर करते हुए।

# नागरिक सेवाएं केंद्रों का शीघ्र संचालन करने की मांग उठी

## सीडब्लूए ने उपायुक्त को पत्र लिख कर संचालन किए जाने का किया आग्रह

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला।** नगर निगम द्वारा शहर में बनाए गए नागरिक सेवाएं केंद्रों का संचालन कब शुरू होगा इस पर सवाल उठना शुरू हो गए हैं।

सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्लूऐ) द्वारा हरियाणा सरकार एवं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखने के लिए नागरिक सेवा केंद्रों के लिए जमीन आवंटित की गई थी। जिस पर नगर निगम द्वारा हर सेक्टर में इन केंद्रों का निर्माण तो शुरू कर दिया गया परंतु इन भवनों को बने हुए 4-6 महिनों से ज्यादा समय बीत चुका है परंतु आगे का सारा काम बंद है कोई भी उपकरण तक नहीं लगाए गए हैं।

सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्लूऐ) के अध्यक्ष एसके नैयर ने उपायुक्त पंचकूला को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्रातिशीघ्र इन नागरिक सेवाएं केन्द्रों का काम पूरा करते हुए लोगों की सुविधा एवं उपलब्धता सुनिश्चित करें। इन भवनों में कोई आगे की कार्यवाही न होने के कारण एवं नगर निगम के ढीले-प्रदर्शन के कारण इन केंद्रों का संचालन शुरू नहीं हो सका। अब आचार संहिता लागू हो चुकी है, जिससे भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा 4 जून तक कोई भी टैंडर नहीं लगाया जा सकता। अतः अब तो यह सब कार्य जुलाई 2024 या फिर उससे आगे ही होना संभव है। वहीं पंचकूला वासियों को, अभी चल रहे नागरिक सेवाएं केन्द्र, काफी अपर्याप्त होने के कारण असुविधाएं झेल रहे हैं। लोग पंचकूला में चंडीगढ़ शहर के अनुसार उपलब्ध नागरिक सेवाएं केन्द्रों के अच्छे नतीजे चाहते हैं ताकि लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान हों सकें।

सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन के उपप्रधान राकेश सोंधी, महेश कालरा उप वित्त सचिव, तरसेम गर्ग प्रैस सचिव, सुनील जैन महासचिव सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन एवं अन्य सदस्यों ने उपायुक्त सहित अतिरिक्त उपायुक्त एवं उपायुक्त नगर निगम सचिन गुप्ता और ज्ञान चंद गुप्ता अध्यक्ष विधानसभा-एवं-विधायक, पंचकूला और कुलभूषण गोयल, महापौर से नागरिक सेवाएं केंद्रों का शीघ्र संचालन करने का आग्रह किया है।

# संविधान बचाने के चुनाव में गठबंधन की होगी जीत: खड़गे

**लखनऊ (टी.डी. पाण्डेय)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान बचाने की लड़ाई में जनता इंडिया गठबंधन के साथ है और चार जून को भाजपा की विदाई तय है। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री खड़गे ने बुधवार को कहा कि यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है जिसमें भाजपा पूंजीपतियों के साथ अंध श्रद्धा दिखा रही है वहीं 26 दल मिल कर गरीब,आदिवासी,दलित,अल्पसंख्यक के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि अगले कार्यकाल में वे संविधान मे बदलाव करेंगे। अगर वे संविधान बदलेंगे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर किसी को अपनी बात रखने का हक है मगर संविधान में बदलाव कर भाजपा यह हक भी मिटाना चाहती है।

# गाबी ने किया इंडिया गठबंधन के मनीष तिवारी की विशाल जनसभा का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सभा की शुरुआत से ही गुरप्रीत गाबी व स्थानीय लोगो ने चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड के मुदे को पूरे ज़ोर शोर से उठाया व उनके घरों को बचाने की माँग रखी।इस मोके पर मनीष तिवारी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहाँ की चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मकानों का स्थाई हल करने के लिए इसे संसद में ले कर जाया जाएगा और इसे क़ानूनी रूप से बिल पास करवा के चंडीगढ़ के 62000 हाउसिंग बोर्ड निवासियों को सदा के लिए राहत परदान की जाएगी। चंडीगढ़ में हाउसिंग बोर्ड के घरों में रहने वाली तीन लाख से ऊपर की आबादी जो हाऊसिंग बोर्ड के बासठ हज़ार घरों में रहती है,उस की आज तक किसी ने सुध नहीं ली और भाजपा द्वारा पिछ्ले दस सालो में कोई राहत परदान नहीं की गई । इंडिया गठबंधन के प्रत्यक्षी मनीष तिवारी ने कहाँ कि वह पहली प्राथमिकता के आधार पर हाउसिंग बोर्ड के मकानों में रहने वाले लोगो का हल निकाल कर स्थानीय निवासियों को तोहफ़ा देने की कोशिश करेंगे । इस मोके पर बोलते हुए मनीष तिवारी ने कहाँ कि आज यहाँ लोगो के जनसेलाब को देख कर वह कह सकते है, कि लोगो ने बदलाव का मन बना लिया है व कांग्रेस की जीत पक्की है। उन्होंने कहा की आज लड़ाई देश व संविधान को बचाने की है, आज देश में बेरोज़गारी, महंगाई व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, और कांग्रेस की सोच जंकल्याण पर केंद्रित है जो युवाओं, महिलाओं, मजदूरो और किसानों सहित समाज को समग्र विकास की और अग्रसर करेगी। जनसभा के दोरान स्थानीय निवासियों, व्यापारियों, सरकारी व निजी कर्मियों व दुकानदारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा देश के लोगो के लिये की गए वादो के बारे में बताया जिनमे विशेष रूप से बेरोज़गारों को रोज़गार देने और ग़रीब परिवारों को नियमित मासिक आर्थिक सहायता देने संबंधित वायदे शामिल है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा की गई गारंटी पहली नौकरी पक्की योजना के तहत हर नये स्नातक और डिप्लोमा धारक को एक साल की अप्रेंटिसशिप मिलेगी जिस में एक लाख रुपए आय की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि देश में सतर करोड़ बेरोज़गार लोगो के लिये ऐसे क्रांतिकारी कदम ही मददगार हो सकते है। उन्होंने कहाँ की देशभर में हर ग़रीब परिवार को 8500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे और यह राशि सीधे बजुर्ग महिला सदस्य के खाते में जमा की जाएगी । उन्होंने कहाँ की ऐसे उपाय जिनका लाभ लक्ष्य केंद्रित हो ही लोगो को राहत प्रदान करने में सहायक हो सकते है। उन्होंने कहाँ की पिछ्ले दस वर्षो के भाजपा के शासन काल में केवल कमरतोड़ महंगाई और व्यापक बेरोज़गारी ही देखी है और भाजपा के पास लोगो की पीड़ा को कम करने की कोई योजना नहीं है वह तो केवल जुमलेबाज़ी कर सकती है। एच एस लकी ने कहा चंडीगढ़ में भाजपा ने पिछ्ले दस सालो में चंडीगढ़ की हालत बद से बदतर कर दी है व चंडीगढ़ को बीस साल पीछे धकेल दिया है। आज देश को तानाशाही से मुक्त कराने की ज़रूरत है।

गुरप्रीत सिंह गाबी ने तिवारी जी से माँग रखी कि चंडीगढ़ में कॉन्ट्रैक्ट पर रखे सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाना चाहिए और हाउसिंग बोर्ड के बासठ हज़ार मकानों में रहने वाले निवासियों को स्थायी समाधान मिलना चाहिए।इस अवसर पर पार्षद हरदीप सिंह, विजय राणा, लव कुमार, दविंदर कुमार,नितिन राय चौहान, आशु मनमोहन, शिवम कुमार, हर्ष कुमार, दिलबाग राय, निर्मल कौर, गीता राय, सचप्रीत कौर, समीरा खान, तनेजा जी, लाल चंद शर्मा, बाबा साहिब , अंकित कुमार, दीपक लुबाना, राजीव खासा, अविनाश धवन, वरिंदर संधू, बलजीत गिल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपलब्ध थे।

# 'आप' या भगवंत मान से प्रश्न क्यों नहीं पूछते किसान संगठन: जाखड़

किसान संगठनों के प्रदर्शन सिर्फ पैसे इकट्ठे करने के लिए, मान के इस इल्जाम पर चुप क्यरें हैं किसान नेता

आप और कांग्रेस ने किसानों को मोहरा बनाया: जाखड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 मई।** किसान संगठन पंजाब के लोगों गुमराह न करें। हर मुद्दे पर राजनीति करने वाले किसान संगठनों को अपने सवालों के जवाब जगह -जगह प्रदर्शन करने से नहीं मिलेंगे, जवाब संसद में ही मिलेंगे इसलिए किसान संगठन चुनाव लड़े और तर्कों का साथ अपनी बात संसद में रखें। यह कहना है पंजाब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ का, जिन्होंने सेक्टर ङ्क 37 स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान किसान संगठनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने ने कहा कि किसान संगठन आम आदमी पार्टी या कांग्रेस का खुलकर समर्थन करें और उनसे गारंटी ले कि वह उनके मुद्दों को संसद में उठाकर उनकी समस्याओं को हल करेंगे। किसान संगठन आज किसान नहीं अपने अहम की लड़ाई को लड़ रहे हैं, जिसका खमियाजा पंजाब के छोटे किसान, पंजाब के व्यवसायी और पंजाब के लोग झेल रहे हैं। छोटे किसान यां मज़दूर की समस्याओं पर क्यूँ चुप हैं किसान संगठन? । इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हरजीत सिंह ग्रेवाल, किसान मोर्चा भाजपा पंजाब के अध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह नेनेवाल, पंजाब भाजपा के विभिन्न सेलों के संयोजक रंजन कामरा और पंजाब भाजपा के मीडिया प्रमुख विनीत जोशी भी उनके साथ मौजूद रहे।

### 10 वर्षों में किसानों की आय हुई दोगुनी

जाखड़ बोले मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में किसानों की आय को दोगुना कर दिखाया है। वर्ष 2014 में गेंहू और धान की एमएसपी से खरीद पर 32211 करोड़ का भुगतान हुआ,जबकि वर्ष 2024 में इस पर सरकार ने 70385 करोड़ रुपये का भुगतान किया। अभी धान की फसल खरीदना बाकी है। वर्ष 2013-14 में कृषि बजट 21900 करोड़ रुपये था, जोकि इस वित्तवर्ष 1.25 लाख करोड़ रुपये है। फर्क दिखता है लेकिन देखने के लिए नीयत साफ होनी चाहिए।

### 14 लाख किसान सम्मान निधि से वंचित क्यों

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पंजाब में लगभग 23 लाख किसानों के किसान सम्मान निधि कार्ड बनाए थे। आम आदमी पार्टी के शासन में सिर्फ साढ़े आठ लाख किसानों के कार्ड हैं और 14 लाख किसान इस योजना के लाभ से वंचित हैं। यह सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि सरकार किसानों का केवाईसी कराने में विफल रही। इससे पंजाब के किसानों को हर साल 900 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सरकार बताए कि किसानों का केवाईसी क्यों करवाया। सरकार आपके द्वार और 1076 हेल्पलाइन कब काम करेगा।

### मुख्यमंत्री भगवंत मान का विरोध क्यों नहीं

पुरानी खबर की कटिंग दिखाते हुए जाखड़ बोले कि भगवंत मान खुद कह चुके हैं किसान सिर्फ पैसे इकट्ठे करने के लिए प्रदर्शन करते हैं। पिछले साल बाढ़ पीड़ितों को नुकसान के एवज में मान अपने चुनावी वायदे अनुसार किसान को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवजा क्यूँ नहीं देते हैं। जबकि प्रति एकड़ फसल नुकसान के लिए 6800 रुपये के हिसाब से 180 करोड़ रुपये जो राशि जो केंद्र की भाजपा सरकार भेजती है, उस भाजपा का विरोध किया जा रहा है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के किसान को गेहूं पर एमएसपी के अलावा 125 रुपये बोनस मिलता है, लेकिन पंजाब में कुछ नहीं मिलता है। इस पर किसान सगंठन कभी मोर्चा नहीं खोलते हैं।

### सभी फसलों पर एमएसपी की मांग करना सिर्फ जिद्द

पंजाब के किसान गेहूं और धान का उत्पादन करते हैं, जिस पर एमएसपी प्रदान किया जाता है। किसान 23 अन्य फसलों पर एमएसपी क्यों और किस आधार पर मांग रहे हैं। यह सिर्फ जिद्द है।

### चंडीगढ़ धरना देने का निर्णय किसके दवाब में बदला

चंडीगढ़ में धरने की घोषणा कर दिल्ली की तरफ चल क्यूँ चले गए थे किसान संगठन, क्या दबाब था, क्या समझोता था, किस की बात सुनी ? किसान सगंठनों की इसी गुटबाजी में शुभकरण सिंह की मौत हो गई, अगर किसान यूनियनें अपनी जगह नहीं बदलती तो इस नुकसान को टाला जा सकता था। किसान संगठनों की गुटबाजी से लोगों का किसान आंदोलन के प्रति विश्वास कम हुआ है।

### किसान की छवि को खराब कर रहे किसान संगठन

जाखड़ ने बरनाला में हुई घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में बरनाला में आव्रजन (इमिग्रेशन) धोखाधड़ी मामले को लेकर किसान संगठन व्यापारियों के साथ भिड़ गए। किसान संगठनों का यह व्यवहार स्वीकार करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों को इस मामले में मुख्यमंत्री भगवंत मान के दरवाजे पर विरोध करना चाहिए था, आव्रजन संबंधी धोखाधड़ी को रोकना सरकार का काम है। आप खुद ही जज नहीं बन सकते हैं।

# डॉ. गांधी के पक्ष में लोक लहर जोर पकड़ने लगी: दीपेंद्र ढिल्लों



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 15 मई।** आज हलका प्रभारी दीपेंद्र सिंह ढिल्लों ने पटियाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. धर्मवीर गांधी के पक्ष में डेराबस्सी के फतेहपुर, बेहड़ा , रामपुर सैनियां, भगवानपुर, कुडांवाला, खेड़ी गुज्जरां सहित कई कॉलोनियों का दौरा किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ढिल्लों ने कहा कि देश में अगली सरकार इंडिया बगठबंधन की बन रही है और कांग्रेस पंजाब में 13 की 13 सीटें जीत रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. धर्मवीर गांधी एक ईमानदार जनसेवक हैं और स्वच्छ राजनीति ही उनका राजनीतिक मॉडल है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद एम पी फंड का पैसा डेराबस्सी हलके के विकास कार्यों में अधिक से अधिक लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईमानदार राजनीति का दावा करने वाली आप पार्टी विज्ञापन तथा वीवीआईपी कलचर के माध्यम से पंजाब के खजाने के हजारों करोड़ रुपये बर्बाद कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में आर्थिक डिफरेंस चरम पर पहुंच गया बहै। जिसके कारण गरीब और गरीब हो गए हैं और मोदी सरकार के अंबानी, अडानी जैसे दोस्तों ने संपत्ति अर्जित कर ली है। यह असमानता बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि आज मुख्य जरूरत गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों की जेब खाली करने वाली केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकना और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में भारत गठबंधन सरकार बनाना है।

इस मौके पर इस मौके पर रविंदर सिंह रवि, धनी पाल, गुरमेल सिंह, सतनाम सिंह अध्यक्ष एससी मंडल, गुलाब सिंह, गुरप्रीत सिंह सोशल मीडिया प्रभारी, सतविंदर सिंह, जगदीस सिंह पंच, हरभजन सिंह, करनैल सिंह, जगदीश सिंह, बलजीत सिंह पंच, स्वर्ण सिंह , हरनाम सिंह, गुरविंदर सिंह, हरदीप सिंह सरपंच, जयमल सिंह, वरिंदर सिंह सरपंच,जगदीश सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।

# लेमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी उच्च शिक्षा व कौशल विकास में उत्कृष्टता विश्वविद्यालय के रूप में सम्मानित

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल



**चंडीगढ़, 15 मई।** लेमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी (एलटीएसयू), पंजाब को राष्ट्रीय कौशल विकास के सहयोग से ऑब्जर्व नाउ एजुकेशन द्वारा आयोजित छठे एजुकेशन लीडर्स कॉन्क्लेव और पुरस्कार समारोह में 'उच्च शिक्षा और कौशल विकास में नवाचार के लिए सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय 2024' के रूप में मान्यता दी गई थी। इस कार्यक्रम में डॉ. संदीप सिंह कौरा, चांसलर एलटीएसयू. उच्च शिक्षा में प्रतिष्ठित नेतृत्व 2024 के लिए भी सम्मानित किया गया।

डॉ.कौरा ने कहा कि यह सम्मान लेमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी की पूरी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। वे कौशल शिक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और अपने छात्रों के समग्र विकास का पोषण करते हैं।

इस तरह की मान्यता शिक्षा में नवाचार के महत्व को रेखांकित करती है और अपने छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के विश्वविद्यालय के संकल्प को मजबूत करती है। ये उपलब्धियाँ निस्संदेह प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करेंगी, जो विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के अपने मानकों को बनाए रखने और शिक्षा और कौशल विकास में नवाचार जारी रखने के लिए प्रेरित करेंगी।

# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया जेठ माह संक्रांत का पवित्र दिन



अर्थ प्रकाश/कुलविंदर बेदी

**खन्ना, 15 मई।** खन्ना के खन्ना खुर्द में बने गुरुद्वारा श्री बाबा निर्गुण दास जी में जेठ माह की संग्रांद बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई, इस दौरान सुखमणि साहब सेवा समिति की महिलाओं की तरफ से संगत को कीर्तनकार निहाल किया गया, समारोह में संगत ने बड़ी संख्या में भाग लिया और गुरु जस सरवन का जाप किया। ग्रंथी सिंह भाई गुरजीत सिंह जी ने सरबत के भले के लिए अरदास की।

समारोह की समाप्ति के बाद गुरु ने लंगर अटूट परोसा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को धन्यवाद दिया।

# चलती ट्रेन में हुआ बच्चे का जन्म, सफर के दौरान 8 महीने की गर्भवती को हुई प्रसव पीड़ा, महिला यात्रियों ने कराई डिलीवरी, मां व बच्चा दोनों स्वस्थ

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 15 मई।** खन्ना के नजदीकी क्षेत्र समराला में बुधवार को एक महिला ने चलती रेलगाड़ी में बच्चे को जन्म दिया। करीब 8 महीने की गर्भवती को सफर के दौरान प्रसव पीड़ा हुई तो इसी दौरान रेलगाड़ी में सवार महिला यात्रियों की मदद से डिलीवरी कराई गई। समराला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी को रोक जच्चा बच्चा को सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। दोनों की हालत ठीक है।

लुधियाना के रहने वाले अंकुर ने बताया कि उसकी पत्नी सोनम करीब 8 महीने की गर्भवती थी। दोनों लुधियाना से रेलगाड़ी पकड़ लखनऊ जा रहे थे। समराला रेलवे स्टेशन से पहले ललकलां गांव के नजदीक उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने लगी।

जब उसकी पत्नी प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी तो बोगी में सवार अन्य महिलाओं ने उसकी पत्नी को संभाला और रेलगाड़ी में डिलीवरी कराई गई। उसकी पत्नी ने लड़के को जन्म दिया। समराला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी रुकी तो वहां से एंबुलेंस का प्रबंध कर जच्चा-बच्चा को अस्पताल भेजा गया।

सिविल अस्पताल के डाक्टर प्रभजोत सिंह ने कहा कि जच्चा बच्चा बिल्कुल ठीक हैं। बच्चे का वजन करीब दो किलो है। उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी चेकअप होने के बाद उन्हें छुट्टी दी जाएगी।

# डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के बीच सीबीएसई नतीजों की घोषणा के बाद खुशी की लहर



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 15 मई।** जगराओं डी.ए.वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री वेद व्रत प्लाह जी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के दसवीं और बारहवीं कक्षा का नतीजा शत-प्रतिशत आने पर अभिभावकों, शिक्षकों और बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।इस खुशी को सांझा करते हुए विद्यार्थी ढोल बजाते हुए मिठाइयां लेकर स्कूल आये। उन्होंने प्रिंसिपल साहब और सभी अध्यापकों का मुंह मीठा करवाया और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री वेद व्रत प्लाह जी ने भी बच्चों को उनके शानदार परिणाम के लिए बधाई दी और भविष्य में और अधिक मेहनत कर ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रोजेक्ट लक्ष्य के तहत टीम पुकार ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी स्टेशनरी किट

इस वर्ष 300 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी किट देने का रखा गया है लक्ष्य

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 15 मई।** टीम पुकार ने अपने प्रोजेक्ट लक्ष्य के अंतर्गत अपना पहला और दूसरा स्टेशनरी वितरण अभियान सरकारी हाई स्कूल और सरकारी प्राइमरी स्कूल, बलटाना में आयोजित किया और हाई स्कूल के 28 बच्चों और प्राइमरी स्कूल के 14 बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की। टीम पुकार द्वारा इस वर्ष जिला एसएएस नगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 300 एकल माता-पिता और अनाथ छात्रों को लक्षित किया गया है। इस कार्यक्रम दौरान सरकारी हाई स्कूल की हेड टीचर रिम्पल कौर, किरण सिद्धु और नीलम गर्ग और सरकारी प्राइमरी स्कूल बलटाना के हेड खुशप्रीत सिंह, सोनिया और प्रिया मौजूद रहीं। पुकार टीम की तरफ से शिवानी, भरत वर्मा, चेतन राघव, राहुल, अनुज बिरवान और सचिन वहां मौजूद थे। पुकार की अध्यक्ष शिवानी ने बताया कि उन मुस्कुराहटों ने हमें बच्चों की तुलना में अधिक खुशी का एहसास कराया। इस प्रोजेक्ट के लिए अक्षिता अरोड़ा, फैशन डिजाइनर, और मिसेज इंडिया यूनिवर्स विजेता 2022 द्वारा स्टेशनरी आइटम (नोटबुक, पेन, पेंसिल और ज्योमेट्री बॉक्स) प्रायोजित किए गए और सज्जा हैंडलूम्स, जीरकपुर के अंशुमाली गुप्ता ने इस प्रोजेक्ट के लिए 20 बैग प्रायोजित किए। इस मौके दोनों प्रायोजकों का टीम पुकार की तरफ से धन्यवाद किया गया।

इस मौके बात करते हुए पुकार संस्था की अध्यक्ष शिवानी ने बताया के पिछले वर्ष हमने स्टेशनरी अभियान के दौरान 200 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी दी थी और इस वर्ष हमारा 300 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी देने का लक्ष्य रखा है जिसको हम इस वर्ष के सितंबर महीने तक पूरा कर लेंगे।

### लक्ष्य अभियान शुरू करने का उद्देश्य

लक्ष्य नाम का एक युवक समाज सेवा संस्था पुकार का एक प्रतिभाशाली और सक्रिय सदस्य था, जो समाज सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित था। पिछले साल 2022 में उन्होंने एक डूबते हुए शख्स को बचाते समय उसकी जान चली गई थी। आयोजकों के मुताबिक उनकी स्मृति और समाज में उनके योगदान को ताजा रखने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करने के साथ-साथ जरूरतमंद छात्रों को शिक्षित कर उन्हें उच्च पद पर पहुंचाना था। जिसके लिए संस्था द्वारा एक छोटी सी पहल की गई है और संस्था इस कार्य के लिए सदैव प्रयासरत रहेगी। यह संस्थाओं द्वारा लक्ष्य को सच्ची श्रद्धांजलि है।

# होली मेरी स्कूल के छात्रों ने क्षेत्र में चमकाया स्कूल का नाम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 15 मई।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं कक्षा के परिणामों में होली मेरी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक सीसी देवासी ने बताया कि कक्षा के 133 छात्रों ने 95 प्रतिशत से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने बताया कि अभि सैनी व महकप्रीत ने सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि मनवीर सिंह, मनवीर कौर, जसमीत कौर और यसिका ने 94 प्रतिशत, गुरलीन, जसकीरत, तानिया, एकमजोत, जसमीत, सिमरन, जैस्मीन ने 93 प्रतिशत, लवप्रीत, गुरसिमरन, नमनप्रीत और दिव्या ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

उन्होंने बताया कि 21 छात्रों ने 90 प्रतिशत, 41 छात्रों ने 80 प्रतिशत और 71 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ दसवीं पास की। उन्होंने स्कूल के छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह स्कूल छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# कमलजीत खन्ना के नेतृत्व में एसडीएम जगराओं को लिखित पत्र सौंपा

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 15 मई।** रिवोल्यूशनरी सेंटर पंजाब के महासचिव कंवलजीत खन्ना के नेतृत्व में क्षेत्र के सार्वजनिक/राजनीतिक संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय एसडीएम गुरबीर सिंह कोहली से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने लिखित मांग पत्र के माध्यम से अधिकारी के ध्यान में लाया कि पंजाब सरकार के लिखित निर्देशों के बावजूद राजस्व शाखा और नगर निगम आम लोगों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों के अनुसार नगर परिषद की सीमा के अंदर जमीन की रजिस्ट्री के लिए किसी भी प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसके बावजूद इस प्रमाण पत्र की आड़ में लोगों को परेशान किया जा रहा है. ऐसे में रिश्वत देकर भी रजिस्ट्रियां होती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित पक्षों की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान करने की मांग की. इस पर एसडीएम जगराओं ने आज बैठक बुलाने के निर्देश जारी किये। प्रतिनिधिमंडल ने कोर्ट में विभिन्न स्थानों की रजिस्ट्रेशन दरों की सूची का बोर्ड लगाने की मांग की, जिस पर अधिकारी ने आज ही कार्रवाई करने के निर्देश दिये.प्रतिनिधिमंडल ने न्यायालय में चल रहे भ्रष्टाचार पर अविलंब रोक लगाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थिति नहीं बदली तो एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना देना हमारी मजबूरी बन जायेगी.प्रतिनिधिमंडल में ग्रामीण मजदूर यूनियन के नेता अवतार सिंह रसूलपुर, भारतीय किसान यूनियन डकौंदा के नेता दलजीत सिंह रसूलपुर, जगदीप सिंह कोठे खजूरों, गुरबख्श सिंह कोठे शेरजंग, कुल्ल हिंद किसान सभा के नेता बूटा सिंह हंस, नगर सुधार के अध्यक्ष शामिल थे। सभा अवतार सिंह लेक्चरर, मास्टर हरबंस सिंह अखाड़ा, ग्रामीण मजदूर यूनियन (मशाल) नेता बलदेव सिंह फोजी, कुलविंदर सिंह ढोलन, जगदीश सिंह काऊंके गुरमेल सिंह रूमी, हरमिंदर सिंह एडवोकेट और प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# लाला सरकारूमल स्कूल की +2 कक्षा का परिणाम रहा शानदार

अर्थ प्रकाश/कुलविंदर सिंह बेदी




**खन्ना, 15 मई।** लाला सरकारूमल्ल सर्वहितकारी सीनियर सेकेंडरी विद्या मंदिर स्कूल खन्ना का +2 का परिणाम रहा शानदार रहा।

इस अवसर पर प्राचार्य डा मनोज कुमार ने बताया कि साइंस ग्रुप में विपुलपीत कौर ने 93 प्रतिशत, करण खुराना ने 90 प्रतिशत और मिताली ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स ग्रुप के अर्णव अरोडा ने 95.2 प्रतिशत, मानय सिंगला ने 94,4 प्रतिशत, खुशी गोयल ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर कृमश पहला, दूसरा, और तिसरा सथान हासिल किया ।

आर्ट ग्रुप में आर्षप्रीत कौर ने 90.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता, अध्यापकों और स्कूल का नाम रोशन किया है। कुल 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये तथा 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये।

स्कूल प्रबंधन समिति के संरक्षक हंसराज सूद अध्यक्षविनोद विशिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता महासचिव राजेश कुमार डाली प्रबंधक विनोद गुप्ता प्रबंधक परमजीत सिंह रमेश चंद्र विशिष्ट सर्व हितकारी विद्यामंदिर खन्ना के विद्यार्थियों की सरहाना की।

# डीपीएस खन्ना का 12वीं कक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/कुलविंदर सिंह बेदी




**खन्ना, 15 मई।** खन्ना के जीटी रोड पर बने दिल्ली पब्लिक स्कूल का 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। हिमांशु गुप्ता (96.4 प्रतिशत), रवनीत कौर (96.4 प्रतिशत), अरमीन नागरा (93.8प्रतिशत), अनन्या राव (92.4 प्रतिशत), मनवीर सिंह मांगट (92.2 प्रतिशत), दीपिंदर कौर (91.8), प्रियंका नारंग (90.6 प्रतिशत) ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया।

शानदार नतीजों और उच्च उपलब्धियां हासिल करने की श्रृंखला को जारी रखते हुए, डी.पी.एस. खन्ना ने एक बार फिर अपनी क्षमता साबित की है। बारहवीं कक्षा के लगभग 12 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि का 50 प्रतिशत छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

स्कूल की प्रिंसिपल राखी ठाकुर ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों द्वारा दिखाए गए शानदार परिणाम डी.पी.एस. खन्ना द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को दर्शाते हैं। उन्होंने इस महान उपलब्धि पर सभी शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के प्रयासों की सराहना की।

# जीवन को बदल देता है अच्छे संस्कारों का आभा मण्डल: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज



न्यू उस्मानपुर दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान आचार्य श्री ने धर्म सभा को समझाते हुए कहा कि प्यारे बंधुओ। जो संस्कार है वह हमारे ऊपर बहुत बड़ा कार्य करते है, संस्कारों का आभा मण्डल हमारे जीवन को बदल देता है अच्छे संस्कारों का आभा मण्डल मिलता है तो हमारे जीवन में अच्छे-अच्छे संस्कार आते है। और बुरे संस्कारों का आभा मण्डल हमारे जीवन में बुरे-बुरे संस्कार उत्पन्न करते है इसलिए कहा जाता है कि अच्छे लोगों की संगति करना चाहिए। अच्छे लोगों की संगति से अच्छे और बुरे लोगों की संगति से बुरे संस्कार आते है। अब हमें चिंतवन करना है कि अच्छे लोगों की संगति कैसे करना है चिंतवन करना चाहिए कि कौन अच्छे लोग है किन की संगति करना चाहिए कभी कदाचित अच्छे लोगों की भी सम्पत्ति मिल जाती है तो भी हमारा जीवन अच्छे हो जाता है क्योंकि अच्छे लोगों की संगति कभी बुरा नहीं करती हमारे जीवन को अच्छा बनाती है।

एक दृष्टान्त है कि एक चोर था वह चोरी करता था आप यहां चोरी तो कल वहां चोरी। एक दिन वह राजा के महल में चोरी करने के लिए घुस गया और वह वहां तक पहुंच गया जहां राजा रानी का कक्ष था देखता है कि आधी रात में भी राजा रानी सोऐ नहीं है आपस में बात कर रहे कि देखों हमारी राजकुमारी बड़ी हो गई है अब उसकी शादी करना है लेकिन हमारी बेटी धार्मिक संस्कारों के बीच पली है वह शादी भी नहीं करना चाहिउ उसने कई बाद अनेकों राजकुमारों को निगलेट कर दिया। लेकिन हमें उसकी अब चिंता होने लगी है क्योंकि जब तक कोई धार्मिक संस्कारों से सहित राजकुमार नहीं मिलता हमें भी उसकी चिंता है। सुबह होते ही राजा ने अपने मंत्रियों से मंत्रणा की कि ऐसी-ऐसी समस्या है तो क्या करना चाहिए।

राजा और मंत्रियों ने निर्णय किया कि क्यों न किसी साधु संघ में देखा जाए ऐसा भी कोई होगा जिसे सन्यास ले लिया हो और बाद में फिर मन न हो। जब ऐसी बात हो रही थी तब चोर सब बाते सुन रहा था। उसने सोचा इससे अच्छा मौका कहा मिलेगा राजा की लड़की के मिलने पर मुझे कभी यहां वहां चोरी नहीं करनी पड़ेगी।

ऐसा विचार करते ही वह एक साधु संघ में रहने लगा और साधुओं की सेवा करने लगा, पढ़ने लगा, पूजा, भक्ति में लीन हो गया। अब कुछ समय बाद राजा के मंत्री आदि उसी संघ में आए और सभी को प्रणाम करके मुख्य महाराज साधु जी से कहने लगे ऐसी ऐसी समस्या है कोई सहयोग या सलाह हो तो बताइए अब सभी साधु संतों को बुलाया गया गुरु महाराज सभा से पूछा तो वह बनावटी शिष्य तो इसी के इंतजार में था।

सभी शिष्यों ने तो मनाकर दिया लेकिन एक शिष्य ने तो हां कहा और न ही न किया। तो मौन स्वीकृति मानी गई। अब वह चोर विचार करता है, कि देखों इस नगर का राजा मेरे चरणों में बैठा है भेंट अर्पण कर रहा है और माथा टेक रहा है भक्ति भाव दिखा रहा है वह जब यह देखता है तो उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है वह सोचता है कि मैं तो नकली साधु बनकर बैठा हूं तब राजा चरणों में ऐसे मस्तक रखकर बैठा हूं अगर असली साधु बन गया होता तो पता नहीं क्या होता।

आज तक में कितनी भूल रहा, उलटे-पुलटे काम करवा रहा, चोरियां करता रहा, कितने पाप काम किए यह सब अच्छा नहीं किया। बस अब अपने जीवन को बदलना है और मन ही मन उसका हृदय परिवर्तन हो गया वह अंतरंग से अब वास्तविक साधु बन गया और अपना कल्याण करता है। क्योंकि धर्म की संपत्ति में जो आता है उस पर धर्म का रंग नहीं चढ़ ऐसा हो नहीं सकता। अच्छी संगति से जीवन में परिवर्तन होता है आज नहीं तो कल चढ़ेगा ही इसलिए हमें हमेशा धर्मात्माओं की संगति करने चाहिए। इससे हमार जीवन भी अच्छा होता है। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

# सभी विघ्नों से चाहते हैं छुटकारा तो इस विधि से करें भगवान गणेश की पूजा



सनातन धर्म में शुभ और मांगलिक कार्यों में सर्वप्रथम भगवान शिव के पुत्र भगवान गणेश की पूजा की जाती है। गणपति बप्पा को बुधवार का दिन समर्पित है। इस दिन भगवान गणेश की विशेष पूजा और जीवन में सुख और शांति के लिए व्रत किया जाता है। धार्मिक मत है कि प्रभु की उपासना करने से जातक को कार्यों में सफलता प्राप्त होती है और सभी विघ्नों से छुटकारा मिलता है। अगर आप भी प्रभु को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो बुधवार के दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान गणेश की पूजा करें और प्रिय चीजों का भोग लगाएं। अंत में आरती अवश्य करें। इससे जीवन में खुशियों का आगमन होगा।


**इस तरह करें भगवान गणेश की पूजा:** बुधवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। इसके बाद मंदिर की सफाई कर चौकी पर कपड़ा बिछाकर शिव परिवार को विराजमान करें। अब पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान गणेश एवं शिव परिवार की पूजा करें। अब प्रभु को पीले रंग का फल, फूल, दूर्वा, हल्दी अर्पित करें। दीपक जलाकर आरती करें। गणेश चालीसा का पाठ और मंत्रों का जाप करें। प्रभु से जीवन में सुख और शांति की कामना करें। मोदक, फल और मिठाई का भोग लगाएं और अंत में लोगों में प्रसाद का वितरण करें। इस दिन दान-पुण्य अवश्य करें।

**॥श्री गणेश जी की आरती॥**

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी ।
माथे सिंदूर सोहे, मूसे की सवारी ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती (माता पार्वती के मंत्र), पिता महादेवा ॥
पान चढ़े फल चढ़े, और चढ़े मेवा ।
लड्डुअन का भोग लगे, संत करें सेवा ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया ।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
'सूर' श्याम शरण आए, सफल कीजे सेवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी ।
कामना को पूर्ण करो, जाऊं बलिहारी ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

# राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपीएटी की दूसरी रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी

**सोनीपत लोकसभा में बनाए गए हैं 1846 मतदान केन्द्र, प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कंट्रोल यूनिट, दो बैलेट यूनिट तथा एक वीवीपीएटी लगेंगी**



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक डॉ0 मंजुला एन की मौजूदगी में तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी की दूसरी रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया से ईडीएमएस एप्लिकेशन के माध्यम से सोनीपत लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी का निर्धारण किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अभी तक ईवीएम व वीवीपीएटी की पहली रेंडमाइजेशन हुई थी। आज दूसरी रेंडमाइजेशन के दौरान सभी ईवीएम व वीवीपीएटी के लिए मतदान केंद्रों का निर्धारण किया गया है। यह कार्य ईडीएमएस एप्लिकेशन के जरिए किया जाता है। इसमें किसी भी प्रकार का मानवीय दखल नहीं होता। उन्होंने बताया कि सोनीपत लोकसभा के लिए कुल 1846 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जुलाना विधानसभा में 200, सफीदों विधानसभा में 194, जींद विधानसभा में 192, गन्नौर विधानसभा में 223, राई विधानसभा में 208, खरखौदा विधानसभा में 189, सोनीपत विधानसभा में 203, गोहाना विधानसभा में 214 तथा बरोदा विधानसभा में 223मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कंट्रोल यूनिट, दो बैलेट यूनिट तथा एक वीवीपीएटी लगाई जाएगी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, अतिरिक्त उपायुक्त जींद हरीश कुमार वशिष्ठ, सीईओ जिला परिषद डॉ0 सुशील कुमार, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, एसडीएम सफीदो मनीष फौगाट, एसडीएम जींद राकेश सैनी, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा, डीआईओ राहुल सैनी तथा जूनियर प्रोग्रामर संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जो अपनी मैं को मार देता है, वह अमर हो जाता है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

निराकार परमात्मा घट-घट में समाया हुआ है। इसका कोई आदि अन्त नहीं पाया जा सकता। यह कल भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। आज इन्सान इतिहास से यह तो जान पाता हे कि पहले इन्सान की शक्ल-सूरत कैसी थी, लेकिन इस परमात्मा की होंद (अस्तित्व) के बारे में इन्सान कुछ नहीं जान पाता, क्योंकि इसका कोई आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। यह ऐसी शक्ति है, जो वास्तव में सारे संसार का संचालन कर रही है। यही शक्ति सदैव सत्य रहने वाली है। सत्य हम उसी को कहते हैं जो तीनों कालों में एकरस रहता है जो अभी कुछ हो, यन्द घण्टों में कुछ और हो जाए, चंद वर्षों में कुछ और हो जाये, उसे हम सत्य नही कह सकते। वह मिथ्या माया है।

इस निराकार परमात्मा के बारे में लिखा है कि 'आदि सचु जुगादि सचु। है भी सचु नानक होसी भी सचु। भाव, तीन काल सत्य रहने वाली सत्ता एक अकाल पुरुख ही है। इसके बारे में लिखा है-

बिनु पग चलइ सुनई बिनु काना।
कर बिनु कर्म करइ विधि नाना।
आनन रहित सकल रस भोगी।
बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।

इस एकरस रहने वाले परमात्माको आग जला नहीं सकती, शस्त्र काट नहीं सकते, वायु उड़ा नहीं सकती। इसका आदि-अन्त नहीं पाया जा सकता। तो ऐसे गुणों वाले दातार का आसरा ले लता है, आधार मानता और जानता है तो फिर वह किसी के समाप्त करने से समाप्त कैसे हो सकता है? यह दातार अमर है। जो भी आत्मा इसके साथ जुड़ जाती है, वह भी अमर हो जाती है। संत कबीर जी कहते हैं-

मैं न मरउ मरिबो संसारा।
अब मोहि मिलियो है जीआवनहारा।।

यह आत्मा के लिए कहा जाता है। क्योंकि यह शरीर तो खत्म होने वाला है। यह मिट्टी का एक पुतला है। पुरातन समय से हम देखते आ रहे हैं कि संसार पर परोपकार करने वाले का शरीर भी सदैव कायम नहीं रहा। दूसरी ओर सोने की लंका का मालिक होने के बावजूद रावण जैसे जुल्म करने वाले का शरीर भी कायम नही रहा। शरीर तो हर इन्सान का ही चला जाता है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 16 मई, 2024, सूर्योदय: 05:30 ए एम, सूर्यास्त: 07:06 पी एम, चन्द्रोदय: 12:46 पी एम, चन्द्रास्त: 01:59 ए एम, मई 17, शक सम्वत: 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वत: 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वत: 2080 राक्षस, अमान्त महीना: वैशाख, पूर्णिमान्त महीना: वैशाख, वार: गुरुवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: अष्टमी - 06:22 ए एम तक, नक्षत्र: मघा - 06:14 पी एम तक, योग: ध्रुव - 08:23 ए एम तक, करण: बव - 06:22 ए एम तक, द्वितीय करण: बालव - 07:33 पी एम तक, सूर्य राशि: वृषभ, चन्द्र राशि: सिंह, राहुकाल: 02:00 पी एम से 03:42 पी एम, गुलिक काल: 08:54 ए एम से 10:36 ए एम, यमगण्ड: 05:30 ए एम से 07:12 ए एम, अभिजित मुहूर्त: 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्त: 10:02 ए एम से 10:56 ए एम, दुर्मुहूर्त: 03:28 पी एम से 04:22 पी एम, अमृत काल: 03:33 पी एम से 05:20 पी एम, वर्ज्य: 03:15 ए एम, मई 17 से 05:04 ए एम, मई 17

## भविष्य फल



**मेष:** इस बार अपने परिश्रम से मदद प्राप्त कर पाएंगे। छात्रों और श्रमिक वर्ग के लिए दिन शुभ नहीं है, किन्तु आपको अपने लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं की प्राप्ति के प्रति गतिशील रहना चाहिए।

**वृष:** नौकरीपेशा वाले लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसको आप आसानी से पूरा कर पाएंगे, योजनायें सफल होंगी। लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर आएगा।

**कर्क:** आर्थिक स्थिति में कुछ बड़े बदलाव होने के योग हैं। जिनसे आप खुश भी रहेंगे। आपकी महत्वाकांक्षा बढ़ी हुई रहेगी।

**सिंह:** आज आप भावनात्मक रूप से परेशान हो सकते हैं। परिवार में झगड़े बढ़ सकते हैं और सहयोगियों के साथ विवाद संभव है।

**कन्या:** आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा।

**तुला:** आपको प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलेगी। नवीन वस्त्र आभूषण क्रय करने का मन बनेगा।

**वृश्चिक:** नौकरी, करियर और पैसों के लिहाज से दिन अच्छा है। नई नौकरी या प्रमोशन की कोशिश में है, तो आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं।

**धनु:** आप लंबित कार्यो को पूरा करने में सक्षम होंगे। सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कुछ विशेष उपलब्धि संभव है।

**मकर:** रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी। बिजनेस में नए कॉन्टैक्ट बनेंगे।

**मीन:** आज आप मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारियों को लेकर व चुनाव प्रचार के बारे में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** गन्नौर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा चुनाव की दृष्टि से गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली के समर्थन में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं को 18 मई को गोहाना मे होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारीयो को लेकर व चुनाव प्रचार के बारे मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जब लोकसभा चुनाव में बीजेपी 400 के पार पहुंच जाएगी, सुनीता लोहचब, दिनेश स्वामी, महाबीर शर्मा, सुनील धनखड़, अशोक सैनी, रविन्द्र कश्यप, जगत सिंह बैरागी, अरुण शर्मा बडी, सुनील मोनू त्यागी सरपंच घसौली,आदि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद रहें।

# भाजपा व कांग्रेस ने कभी ईमानदारी से नहीं किया काम : रविन्द्र सांगवान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**झज्जर।** जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने प्रदेश में कभी ईमानदारी व जनहित में काम नहीं किया, सिर्फ अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए नीतियां बनाई, जिसके चलते आज बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा एक सिक्के के दो पहलु है और आपस में मिलकर चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस में डील तय हो चुकी है और यह बात प्रदेश की जनता भी समझ चुकी है और इसी लिए प्रदेश की जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है। जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान बुधवार को कोसली हलके के गांव बोहका, ढाणी जरावता, उच्चा, यवाना, सिंहा, नांगल, आहलीयावास, जाडरा, बोडिया कमालपुर, शादीपुर, कोशली, नाहड, गुज्जरवास, जाटुवास, जाटूसाना, पहराजवास, गुरावडा, गादला में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा रविन्द्र सांगवान का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि दस साल कांग्रेस ने और दस साल भाजपा ने प्रदेश में राज किया, लेकिन किसी ने भी लोगों की समस्याओं का आज तक स्थाई समाधान नहीं किया, सिर्फ झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया। आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। सांगवान ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों की जमीन कोडियों के भाव खरीद कर पूजीपतियों सौपने का काम किया तो वहीं भाजपा ने हर वर्ग पर अत्याचार किया। जातपात व धर्म के नाम पर भाजपा लोगों को गुमराह करने पर लगी हुई है, जबकि विकास के नाम पर एक भी काम वर्तमान सरकार ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा का आज जिस तरह से प्रदेश में विरोध हो रहा है, उससे साफ जाहिर है कि लोग भाजपा व कांग्रेस से काफी नाराज है और इसी लिए परिवर्तन का मन बना चुके है। उन्होंने 25 मई को जजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# वैद्य सत्यप्रकाश आर्य ''प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस'' नियुक्त

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत छात्रों ने प्रेक्टिकल एज्यूकेशन को बढ़ावा देने एवं उद्यमशीलता के विकास हेतु विश्व प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक वैद्य सत्यप्रकाश आर्य को ''प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस'' फैक्लटी ऑफ आयुर्वेदा नियुक्त किया गया। नाड़ी वैद्य सत्यप्रकाश आर्य बाबा मस्तनाथ आयुर्वेद कॉलेज, अस्थल बोहर के सन् 1981 ई बैच के आयुर्वेद स्नातक, नाड़ी विज्ञान के ज्ञाता तथा प्राणाचार्य वैद्य है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य ने कई असाध्य रोगों की चिकित्सा तथा शुद्ध औषधि - निर्माण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया तथा बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के नाम को गौरन्वित किया है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य की नियुक्ति से छात्रों को व्यवहारिक नाड़ी ज्ञान तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आयुर्वेद चिकित्सा को बढ़ावा देकर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर एच.एल.वर्मा, कुलसचिव, डॉ. मनोज वर्मा, डीन फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा डॉ. नीरज कुमार खरे, उप-कुलसचिव एम.एल. बत्तरा और सभी संकायों के अधिष्ठाता उपस्थित रहें

# 5 अलग-अलग मामलों में करीब 16 लाख कीमत की अवैध शराब सहित 4 काबू

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पलवल पुलिस द्वारा शराब तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पांच अलग अलग मामलों में करीब 15 लाख रुपए की कीमत की 600 पेटी अवैध शराब देसी मस्ताना की बड़ी खेप सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम को यह कामयाबी मिली। सूत्रों से पुलिस को जानकारी मिली कि गढ़ी लालवा रोड पर शराब ठेका के समीप एक कैंटर खड़ा हुआ है, जिसमे अवैध शराब भरी है। जो बिना कागजात के भरी है। टीम ने तुरंत मौका पर दबीश दी तथा मौका पर गाडी चालक बासंवा निवासी लखपत को काबु किया। शराब के बिल व पास मांगे तो चालक ने चार पास जो दो बिल पास ठेका थाना रोड होडल व एक पास सौन्ध व एक पास चरण सिंह चौक होडल का पाया गया। पुलिस ने जांच की तो गाडी से अपने रुट से आगे गढी ठेका पर शराब उतारी गई।

# चौबीस के ब्राह्मण ने भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली को दिया समर्थन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** राई विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मण चौबीस के ब्राह्मण समाज ने दीपालपुर गांव के सती दादी के मंदिर में बैठक हुई, बैठक समापन होने पर सर्व समिति से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली को समर्थन देने की घोषणा की। भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के भाई माईराम कौशिक ने कहा कि वह इस पगड़ी की हमेशा लाज रखेंगे।बैठक में ही मौजूद लोगों को भाजपा प्रत्याशी ने 18 मई को गोहाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा पहुंचने का भी निमंत्रण दिया। कार्यक्रम के अवसर पर कवल सिंह, सूरजभान कौशिक, धर्मपाल, राजेंद्र,बलजीत, विजेंद्र जगदीश, महावीर, जयसिंह, श्रीनिवास, रामफल,, इंद्र, त्रिलोक, रामेश्वर प्रधान बड़ौली बालकिशन बड़ौली आदि मौजूद रहे

# टीमों ने हसनपुर चौक से हटाया अतिक्रमण, मचा हड़कंप

**टोल मैनेजर सनी पंवार ने अतिक्रमनकारियो को भविष्य में अंडरपास के नीचे अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी**



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निर्देश होडल के हसनपुर चौक वाले अंडरपास पर खड़ी दर्जनों रेहड़ी और टेंपों वाहनों को पुलिस की मदद से हटाया गया। इसके दौरान दर्जन भर स्टाफ और कई पुलिस कमियों ने अतिक्रमणकारियों को हाईवे की सीमा से दूर तक खदेड़ दिया। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

अतिक्रमण करियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे हाईवे के आरओडब्ल्यू से बाहर रेहड़ी लगाए। इससे लोगों और वाहन चालकों को परेशानी न हों। अतिक्रमण हटाने वाली टीमों का नेतृत्व कंट्रोल रूम ऑफिसर आर के कश्यप ने किया। इस दौरान आर पी वी 2 और 5 का पूरा स्टाफ और होडल थाना से कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने देश में सभी वर्गो का खास ख्याल रखा, कर्मचारी विरोधी है कांग्रेस सरकार : जयराम

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दस साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यक्रम का आयोजन शिमला के कालीबाड़ी हाल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने की। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी ने देश में सभी वर्गो का खास ख्याल रखा है वहीं दूसरी ओर वर्तमान सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार है। आज कल छठे वेतन आयोग का लाभ न मिलने पर बिजली बोर्ड पेंशनर्ज आक्रोशित हैं और सरकार गहरी नींद में सो रही है। लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल में बिजली बोर्ड पेंशनरों का हल्ला शुरू हो गया है। पेंशनर्ज की मांगें पूरी न होने की वजह से चुनाव के बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं लेकिन सरकार खामोश बैठी हुई है।

उन्होंने कहा की वर्तमान कांग्रेस सरकार एक झूठी सरकार है, जो वादा करती है वह कभी पूरा नहीं करती है और ऐसे एक नहीं अनेकों महत्वपूर्ण उदाहरण है जिसे यह सिद्ध होता है कि इस सरकार की नीयत में ही खोट है। वर्तमान सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में सिर्फ़ लोगों को गुमराह करने और उन्हें मिली सुविधाएं छीनने का काम किया है। इस समय भी कांग्रेस तमाम तरह के भ्रम फैला कर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है लेकिन मैं यह साफ़ कर देना चाहता हूँ कि भाजपा बदले की राजनीति के तहत कार्य नहीं करती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति, नीयत और नेतृत्व पर विश्वास है। पीएम मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दस साल (2014-24) के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ। इनमें 19.79 करोड़ रोजगार का सृजन सरकार की विभिन्न स्कीम व नीतियों की वजह से हुआ तो 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से कारोबार के लिए दिए गए कर्ज की वजह से संभव हो सका।

### हरोली विधानसभा में नहीं हट रहा पूर्व में हुआ दीवार लेखनः नंदा

शिमला, भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी लगातार प्रदेश के निर्वाचन आयोग को कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव 2022 के चलते प्रचार हेतु वॉल राइटिंग और पार्टी के चिन्ह को दीवारों पर प्रकाशित करने बारे शिकायत दर्ज कर चुके हैं। हमारे अधिवता अंशुल बंसल और विवेक शर्मा लगातार आयोग से इस बात संपर्क में है। पर अभी तक प्रदेश निर्वाचन आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया है हमने लगातार आयोग को चिट्ठियां भी लिखी है और शिकायत भी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा एक वीडियो भी साझा किया है, जिसके अंदर साफ दिखता है कि ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र में जो कि उपमुख्यमंत्री का विधानसभा हलका है, उसमें जगह-जगह वॉल राइटिंग हुई है जिसमें लिखा गया है 'कहो दिल से मुकेश अग्निहोत्री फिर से।' साथ ही कांग्रेस के चुनाव चिन्ह का भी उपयोग किया गया है, इस प्रकाशन से वर्तमान लोकसभा चुनाव पर 100त्न फर्क पड़ रहा है क्योंकि यह लेखन बड़ी तादाद में हुआ है। हमारा प्रदेश चुनाव आयोग और कांग्रेस पार्टी से निवेदन है कि हरोली से इन दीवार लेखन को हटाया जाए और आचार संहिता का पालन किया जाए। क्योंकि आचार संहिता के चलते पूर्व में किसी भी प्रकार का प्रचार किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किया जाता है तो उसे हटाना अनिवार्य है।

# एम्स में गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस पर राष्ट्रीय कार्यशाला

## देश भर से 900 प्रतिभागियों ने वर्चुअल रूप में लिया भाग

अर्थ प्रकाश/प्रविंद शर्मा

**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (जीसीपी) पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व-महानिदेशक डॉ वी. एम. कटोच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । उद्घाटन समारोह गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रजवलन और एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर वीर सिंह नेगी के स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ द्य जिन्होंने चिकित्सा शोधकर्ताओं के लिए जीसीपी के जान की आवश्कता पर जोर दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि और प्रसिद्ध राष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. वी.एम. कटोच द्वारा मुख्य भाषण दिया गया। डॉ. कटोच ने आचार समिति के सदस्यों और नैदानिक शोधकर्ताओं की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों पर जोर दिया। इस विषय में अग्रणी नाम डॉ. रौली माथुर ने इस विषय पर आईसीएमआर के हालिया अपडेट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बायोमेडिकल अनुसंधान की सुव्यवस्थित करने के लिए आईसीएमआर द्वारा की गई पहल के साथ-साथ शोधकर्ताओं और रोगियों की चिंताओं पर भी चर्चा की। डॉ. सुबीर मौलिक और डॉ. बिकाश मेधी में इस विषय पर विस्तृत जानकारी के साथ दर्शकों को अवगत कराया।

कार्यशाला का आयोजन डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को जीसीपी के सिद्धांतों को समझने में मदद करने के लिए किया गया था। जीसीपी दिशानिर्देशों और नई दवाओं और नैदानिक परीक्षण (एनडीसीटी) नियमों का ज्ञान ,किसी भी चिकित्सा शोधकर्ता, विशेष रूप से संस्थागत नैतिकता समितियों के सदस्यों के लिए आवश्यक है।

# गाहर पंचायत के अटल माइल स्टोन थे 72 वर्षीय पूर्व उप प्रधान सोहन लाल संख्यान

अर्थ प्रकाश /देशराज



**बरठी ।** गाहर पंचायत के पूर्व उप प्रधान सोहन लाल संख्यान की एक दुर्घटना के बाद तीन दिन पहले एम्स बिलासपुर में निधन से जहां सोहलद क्षेत्र में शोक की लहर है वहीं क्षेत्र के चौक चौराहों, हाट, दुकानों पर उक्त दिवंगत कर्मठ, मिलनसार व ईमानदार व्यक्तित्व के चर्चे लोगों की जुबान पर हैं। लोग उनके समय पंचायत में हुए सामाजिक, जन कल्याणकारी व धार्मिक कार्यों की मिसालें देते देखे गए। सोमवार के दिन सैंकडों लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में शिरकत करते हुए उन्हें धर्म लकड़ी डालकर नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पंचायत के दर्जनों लोगों ने बताया कि सोहन लाल एक ईमानदार व जनूनी व्यक्ति थे जिस काम की ठान लेते थे उसे लोगों के सहयोग से पूरा भी करवाते थे । लोगों ने बताया कि सोहन लाल गाहर पंचायत में पहले बार्ड सदस्य फिर एक सफल उप प्रधान के रूप में 15 वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उल्लेखनीय है कि उनके समय के पंचायत प्रधान स्वर्गीय मास्टर सरवण राम व सोहन लाल दो विपरीत विचारधाराओं की हिट जोड़ी ने तंग आर्थिक हालातों में भी गाहर पंचायत में ऐसे सैंकड़े कार्य करवाए थे जिन्हें आज भी लोग उनकी गैर मौजूदगी में याद किए बिना नहीं रहते। हालांकि दोनों व्यक्तित्व अलग अलग विचार धाराओं से आते थे लेकिन विपरीत विचार धाराओं का सम्मान करने वाले इन दोनों जन प्रतिनिधियों में किसी फैसले पर कभी भी मतभेद देखने को नहीं मिले। एक दूसरे का सम्मान करना उनके स्वभाव की विशेष खूबी थी। इतना ही नहीं अपनी अपनी पार्टियों के सता में आने पर लोगों के काम करवाना उनकी कार्य कुशलता व विवेकशीलता की खूबी थी द्घ फिर चाहे बात सामाजिक व जनहित कार्यों की रही हो या फिर धार्मिक कार्यों की।

# मजदूरों का खून पीने वाले वामपंथियों की गोद में बैठी कांग्रेस : सुरेंद्र ठाकुर

## कहा -कंगना रनौत के नामांकन में आई भीड़ से हतप्रद विक्रमादित्य मांग रहे देश को तोड़ने वालों से समर्थन

कहा- हार देख सिद्धांतों से समझौता कर रहे कांग्रेस नेता

चाहे कितनी भी राष्ट्र और विकास विरोधी इक्कठे हो जाएं देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ हैं जिसका परिणाम चार जून को इंडी गठबंधन को मिल जाएगा

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी



**मंडी।** कांग्रेस पार्टी अब राष्ट्र विरोधी वामपंथियों की गोद में जाकर बैठ गई है। कांग्रेस अपनी हार देख सिद्धांतों से समझौता कर रही है। यही नहीं कांग्रेस अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की पिछले कल नामांकन रैली में जुटी भीड़ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले और विरोधियों की नींद हराम कर दी है। सुरेंद्र ने कहा कि भारतीय संविधान के सबसे बड़े दुश्मन और आतंकवादियों के समर्थक वामपंथियों को पूरे देश में जनता ने नकार दिया है और जहां कुछ बचे हैं वहां इन लोकसभा चुनावों में वे समाप्त हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज सबसे पुराने राजनीतिक दल का दम भरने वाले कांग्रेसी नेता समझौते की राजनीती पर उतर गए हैं और भूल गए की इन्हीं वामपंथियों ने पश्चिम बंगाल को आजादी के दशकों बाद तक विकास से दूर रखा, ये ही वे वामपंथी हैं जिनके कारण हिमाचल प्रदेश अपने किसी भी बड़े प्रोजेक्ट को कभी समय पर पूरा नहीं कर सके और भारी आर्थिक नुकसान हिमाचल प्रदेश भुगतता रहा है। वामपंथी दल हमेशा ही भारत के कम और चीन के समर्थक ज्यादा रहे हैं और यह किसी से छिपा नहीं हैं ।

उन्होंने कहा कि देश के साथ ही प्रदेश की जनता भी नरेंद्र मोदी के राष्ट्रवाद और विकासवाद के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है जिससे सभी विपक्षी दल जो समाज को जाती, धर्म पर बांट कर राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और एक अकेले नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए इक्कठा होने का स्वांग रच रहे हैं जिसका छोटा सा उदाहरण मंडी में देखने को मिला। मंडी की जनता तय करेगी कि वह नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल के साथ है या देश की अस्मिता को तार तार करने वाले वामपंथियों से घिरी कांग्रेस के साथ।

उन्होंने कहा चाहे कितनी भी राष्ट्र और विकास विरोधी इक्कठे हो जाएं देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ हैं जिसका परिणाम चार जून को इंडी गठबंधन को मिल जाएगा जब भाजपा चार सौ पार करेगी।चुनावों के बाद ना कांग्रेस बचेगी ना उसको समर्थन देने वाले वामपंथ के दलाल।

# भानूपाली लेह रेलवे प्रोजेक्ट के वर्कर्स ने की गेट मीटिंग

## कंपनी पर श्रम कानूनों के उलंघन का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बिलासपुर।** भानूपली बैरी लेह रेलवे प्रोजेक्ट में लगे बिलासपुर में कार्यरत श्रमिकों ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं सडक निर्माण मजदूर युनियन के बैनर अपनी मांगों को लेकर गेट मिटिंग की । तथा कंपनी प्रबंधन क खिलाफ जमकर नारे बाजी की। इस गेट मिटिंग को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव प्रेम गौतम, जिला अध्यक्ष विजय शर्मा व लखनपाल शर्मा ने कहा कि भानूपली बैरी रेलवे प्रोजेक्ट में कार्यरत श्रमिको को श्रम कानूनों के अनुसार न तो वेतन मिल रहा है और न ही सुविधाएं मिल रही है। बल्कि श्रमिकों द्धारा अवकाश वाले दिन भी काम के बदले उसका भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर श्रम कानूनों की उल्लंघना का आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन द्धारा पिछले एक वर्ष से चंडीगढ स्थित केंद्रीय श्रम अतिरिक्त आयुक्त के निर्देशों की पालना भी नहीं की जा रही है। और श्रम हितों को नजर अंदाज किया जा रहा है । उन्होंने चंडीगढ स्थित केंद्रीय श्रम अतिरिक्त आयुक्त से मांग करते हुए कहा कि राष्टरीय महत्व के इस परियोजना में श्रम कानूनों को कडाई से लागू किया जाए। तथा मजदूरों के साथ होने वाली लूट खसूट को रोका जाए। इस मौके पर युनियन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शुभम कुमार को प्रधान, अनिल कुमार को महासचिव , संजय खान, सुरेंद्र कुमार, सोहन लाल , सुनील कुमार व आशु को उप प्रधान , सुरेंद्र कुमार, प्रीतम ठाकुर , अजय राणा,अनिल राणा, अनिल कुमार प्रेम सिंह को सह सचिव, व सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पास की नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा



**मंडी (अप्रस)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंथल के छात्र तन्मय ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा उतीर्ण की है। स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती मुक्ता टंडन ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से वर्ष 2023 में राज्य शैक्षणिक, अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद सोलन के तत्वावधान में नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें विद्यालय के छात्र तन्मय ने यह परीक्षा उतीर्ण की है। इस छात्रवृति के अन्तर्गत विद्यार्थी को कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं तक प्रतिमाह 1000 रूपये की दर से छात्रवृति प्रदान की जाती है। स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती मुक्ता टंडन ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जताई है तथा इस उपलब्धि पर विद्यालय के छात्र तन्मय व समस्त शिक्षकों को बधाई दी है।

### पद्श्री गीता ने सिखाए सनावर के बच्चों को नृत्य के गुर



**सोलन (अप्रस)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना, पद्मश्री गुरु गीता महालिक ने स्पिकमैके के सौजन्य से द लॉरेंस स्कूल, सनावर में अपनी नृत्य -प्रस्तुति से शिक्षार्थियों के समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था स्कूल के सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध करना और छात्रों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सुंदरता का अनुभव करने का अवसर प्रदान । ओडिसी नृत्य की प्रतिष्ठित नृत्यांगना , पद्मश्री गीता महलिक ने उत्कृष्ट गतिविधियों, जटिल नृत्यकला और भावनात्मक कहानी कहने की विशेषता वाले अपने मंत्रमुग्ध प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बांसुरी पर मिखिल कुमार बेहरा, मर्दाला पर प्रशात कुमार मंगराज, गायक प्रशांत कुमार बेहरा और उनके पसंदीदा शिष्य नर्तक रजनी कांत महंती के साथ, गीता ने ओडिसी की समृद्ध विरासत और सौंदर्य आकर्षण का प्रदर्शन किया, जो भारत के ओडिशा से उत्पन्न एक शास्त्रीय नृत्य है। .गीता महलिक को सम्मानित करते हुए, द लॉरेंस स्कूल, सनावर के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने कहा, स्कूल कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और छात्रों के बीच भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### शानदार रहा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम

**सोलन (अप्रस)।** सीबीएसई दसवीं तथा बारहवीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शानदार रहा। कक्षा बारहवीं के आदित्य चौहान 94.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे । शिवा भारद्वाज 93.4 लेकर दूसरे स्थान पर रहे तथा आस्था शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं के अक्षत 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे। दक्षिका 95.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही तथा हार्दिक श्रीवास्तवा ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया ।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**ऊना (अप्रस)।** ऊना जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर की गई एक रचनात्मक पहल में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन के मैदान में बुधवार को आयोजित चुनाव जागरुकता कार्यक्रम में बटालियन के 100 से अधिक पुलिस कर्मियों ने साथ मिलकर मानव श्रृंखला बनाई. इसमें भारत का नक्शा बना कर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व; 1 जून को वोट करेगा ऊना का संदेश दिया गया. इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल और आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन की कमांडेंट आकृति शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. विशेष जागरूकता अभियान चला कर मतदाता जागरुकता पर जोर दिया जा रहा है. यह अभियान चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान की दिशा में सार्थक साबित होंगे। जिला निर्वाचन ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो।

# झुग्गियों में अग्निसुरक्षा एवं कानूनी अनुपालना पर कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** खंड विकास कार्यालय हरोली में बुधवार को एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर की अध्यक्षता में झोपड़ियों में अग्निसुरक्षा एवं कानूनी अनुपालना पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में झुग्गियों के जमीनी मालिक, संबंधित पटवारी एवं संबंधित पंचायत सचिवों सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान एसडीएम ने कहा कि आपदा एक अचानक से होने वाली घटना है इसे रोका तो नहीं जा सकता है, परन्तु पूर्व तैयारी एवं समझदारी से हम होने वाले नुक्सान को कम कर सकते हैं। कार्यशाला में मौजूद रहे सभी प्रतिभागियों को अग्निसुरक्षा के नियमों एवं आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 के अनुसार नियमों की अनुपालना करने के निर्देश दिए।

पंचायतों में लगेंगे अग्निसुरक्षा जागरूकता शिविर

राजीव ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द संबंधित सभी पंचायतों में अग्निसुरक्षा पर पंचायत प्रधान, वार्ड पंच एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवियों एवं आपदा मित्र स्वयसेवियों की सहायता से जागरूकता शिविर का आयोजन निर्देश दिए। कार्यशाला में पिछले वर्षो के दौरान हुई झुग्गियों में आगजनी की घटनाओं में हुए नुकसान एवं झुंगियों में भयानक अग्निकांड के मामला अध्ययन पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी एवं पंचायत सचिव इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी भूमि पर झुंगियां न बने तथा निजी जमीन पर बनाई गई झुंगियां आपदा प्रबंधन एक्ट के सुरक्षा नियमों के अनुसार ही बनी हो तथा उनमें लगभग तीन मीटर की दूरी होनी चाहिए। यह पेट्रोल पम्प एवं संवेदनशील जगह से दूर होने चाहिए।

इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ऊना से प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक सुमन चाहल, तहसीलदार हरोली जैमल सिंह, खंड विकास अधिकारी विरेंदर कुमार, नायब तहसीलदार ईसपर विजय शर्मा, नायब तहसीलदार दुलैह? राज कुमार, अग्निशमन विभाग से सुनील दत्त, उपमंडल कानूनगो सुरज शर्मा, रिया शर्मा सुपरवाइजर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय ऊना तथा आपदा मित्र जगदीप सिंह (पंचायत भदसाली ) उपस्थित रहे।

### नामांकन पत्रों की छानबीन के दिन 10 के नामांकन पत्र सही पाए गए

2 कवरिंग उम्मीदवारों सहित चार के नामांकन रद्द

**मंडी (अप्रस)।** 2-मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनावों के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें से चार उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किए गए। रिटर्निंग आफिसर, मंडी संसदीय क्षेत्र, अपर्वू देवगन ने बताया कि कुल 14 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से सुन्दर सिंह ठाकुर, इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा गोविंद ठाकुर, भारतीय जनता पाटी के कवरिंग प्रत्याशी होने के कारण नामांकन पत्र रद्द किए गए जबकि निर्दलीय उम्मीदवार लायक राम नेगी तथा सुख राम के नामांकन पत्र जरूरी दस्तावेज पूरे न होने के कारण रद्द किए गए। उन्होंने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश चंद भारद्वाज, राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के नरेन्द्र कुमार, भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैणी और निर्दलीय उम्मीदवार आशुतोष महंत दिनेश कुमार भाटी, राखी गुप्ता तथा सुभाष स्नेही सहित कुल 10 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं।

# 'मा भी पाणा वोट' स्वीप कार्यक्रम के तहत ख्योड़ के मेला ग्राउंड में होगा महानाटी का आयोजन

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा



**गोहर।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 28 नाचन (अ0 जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम 'मा भी पाणा वोट' के तहत 17 मई को ख्योड़ के मेला मैदान में महानाटी के आयोजन किया जा रहा है सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि महानाटी हेतु तैयारियों की समीक्षा के लिए कार्यलय में बैठक का आयोजन किया गया । उन्होंने बताया कि महानाटी की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। महानाटी का शुभारंभ 17 मई को सुबह 9.30 होगा । महानाटी आयोजन आईटीआई चच्योट छात्रों के सांस्कृतिक दल की अगवाई की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम गोहर द्वारा स्वयं आईटीआई चच्योट जाकर आईटीआई के अध्यापकों एवं छात्रों से विस्तार से चर्चा की गई। महानाटी में सिराजी सुकेती नाटी के अलावा कुल्लू , शिमला तथा सिरमौर के गानों की भी झलक मिलेगी। एसडीएम द्वारा ख्योड़ मेला ग्रांउड का भी निरीक्षण किया गया। महानाटी के लिए डीजे( साउंड सिस्टम )का प्रबंध किया गया है। तथा महानाटी में शामिल हुए लोगों को ड्रोन कैमरे से भी शूट किया जाएगा। 'मा भी पाणा वोट' अभियान का समापन भी इस महानाटी से किया जाएगा। एक घंटे तक चलने वाले कार्यक्रम के लिए नाचन के सभी महिला मंडल, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं आम लोगों से पारम्परिक परिधानों में आने का आग्रह एसडीएम गोहर द्वारा किया गया है, ताकि लोक संस्कृति की भी झलक महानाटी के माध्यम से लोगों के मिल सके। विभिन्न संस्थानों को महानाटी में भाग लेने के लिए 'भागीदारी प्रमाण पत्र' भी दिया जाएगा। विभिन्न समूहों के रजिस्ट्रेशन के लिए स्पेशल कांउटर भी लगाया जाएगा। महानाटी के दौरान एसडीएम गोहर द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं आम लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई जाएगी।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलिंग में दिलाई मतदान की शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलिंग में सहायक चुनाव अधिकारी एवं एस डी एम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट व नाचन विधानसभा क्षेत्र की स्वीप टीम ने जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम गोहर ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड अम्बेसडर बताया। उन्होंने बच्चो को बोला कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। बच्चों को बोला कि 1 जून को अपने रिश्तेदारों आदि की बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान देख के सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने वोट डाला है या नहीं। उन्होंने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में नाचन विधानसभा में 81त्न मतदान का लक्ष्य रखा गया है लेकिन प्रयास करें कि इससे भी अधिक मतदान हो।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। किलिंग स्कूल में पेंटिंग में कृतिका और सिमरन, नारा लेखन में सिमरन और स्नेहा, भाषण में मुस्कान और रिया गुलरिया व चंदन क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे।

# सोलन अस्पताल में फ्री में मिलने वाली दवाओं का होगा डिस्पले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** जोनल अस्पताल सोलन में अब फ्री में मिलने वाली दवाओं की जानकारी डिस्पले के माध्यम से मिलेगी। साथ में यह जानकारी भी मिलेगी की कौन सी दवा स्टाक में और कौन सी नहीं है। अस्पताल प्रबंधन ने रोगियों को सुविधा देने के लिए नई पहल की है। डिस्पले पर मिलने वाली जानकारी की सूचना रोज अपडेट होगी ताकि मरीजों को आसानी से जानकारी मिल जाए कि उन्हें जो दवा लिखी है। वह अस्पताल में है भी या नहीं।

जानकारी के अनुसार सोलन अस्पताल प्रबंधन लगातार मरीजों को सुविधा देने की दिशा में काम कर रहा है। इसी कड़ी ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं , जिसका लाभ रोगियों को मिले। सरकार द्वारा मुफ्त दी जाने वाली दवा की सूची सार्वजनिक रूप से अस्पताल में लगाने वाला है। ताकि मरीजों को आसानी से पता लग सके कि जो दवा डॉक्टर उन्हें लिख रहे हैं। वह उन्हें अस्पताल में मिलेगी भी

सोलन अस्पताल में रोगियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयासरत है। यहं क्वालिटी इंप्रूव करना पहली प्राथमिकता रहेगी। इसको लेकर अस्पताल में कई बैठके भी की गई है। इन सभी बैठकों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन अब आने वाले दिनों में सरकार द्वारा मुफ्त की गई दवाओं की सूची भी डिस्पले करने की योजना बना रहा है। इससे रोगियों और उनके तिमारदारों पता चल जाएगा कि कौन की दवा उपलब्ध है और कौन सी नहीं है।

या नहीं। सोलन अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा कई प्रकार की दवाएं लोगों के लिए मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही है। ऐसे में जब डॉक्टर इन दवाओं को लिखते हैं और घंटो लाइनों में खड़े होकर डिस्पेंसरी से मरीज दवा लेने के लिए पहुंचाता हैं तो कई बार स्टॉक में दवा न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जानकारी बड़े इसके लिए प्रबंधन एक बड़ी डिस्पले लगाकर उसमें दवा की सूची को प्रकाशित करना चाहता है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन की ही माने तो सोलन हॉस्पिटल में दवाओं का प्रर्याप्त स्टॉक रहता है, लेकिन कई बार स्थिति ऐसी भी होती है जब कोई दवा अस्पताल में उपलब्ध न हो। उसके लिए इस व्यवस्था का इंतजाम किया जा रहा है। सोलन के जोनल अस्पताल में में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यहां दवा की डिस्प्ले सूची होने के बाद मरीज को काफी हद तक फायदा होने वाला है।

**क्या है परेशानीः** अस्पताल प्रबंधन ने मुफ्त दवा की सूची डिस्पले करने का फैसला तो ले लिया है, लेकिन इसमें सबसे बड़ी परेशानी का सामना यह करना पड़ रहा है कि इसे लगाने के लिए अस्पताल प्रबंधन में बड़ी जगह चाहिए। यदि इसे ए 4 साइज पेपर में भी लगाना हो तो कम से कम 40 पेज लगेंगे। और ए 4 साइज पेपर में इसे मरीज को देखने में भी परेशानी होगी। ऐसे में इसे अब कैसे और कहां लगाया जाएगा।




# आठ दिन बाद तीनों विधायकों ने राज्यपाल व स्पीकर को भेजा समर्थन वापसी पत्र

**अब विधायकों ने पत्र भेजने के लिए किया अपनी आईडी का इस्तेमाल**

**समर्थन पत्र वापसी के पत्र पर तारीख नहीं होने से फिर फंस सकता है पेच**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के तीन निर्दलीय विधायकों ने बुधवार को प्रदेश के राज्यपाल तथा विधानसभा स्पीकर को पत्र भेजकर भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इससे पहले विधायकों ने रोहतक में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान समर्थन वापसी का पत्र जारी किया था। इस पत्र में कई तरह की खामियां होने के कारण स्वीकार नहीं किया गया था। जिसके चलते बुधवार को चरखी दादरी विधायक सोमबीर सिंह सांगवान, पुंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन और नीलोखेड़ी विधायक धर्मपाल गोंदर ने ईमेल के जरिये राजभवन और विधानसभा को सूचित किया है कि उन्होंने राज्य की नायब सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

7 मई को तीनों विधायकों ने रोहतक में प्रेस कांफ्रेंस करके भाजपा सरकार से समर्थन वापसी का ऐलान किया था। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस के समर्थन की घोषणा भी की थी। तीन विधायकों द्वारा समर्थन वापसी के चलते नायब सरकार अल्पमत में आ गई। कांग्रेस विधायकों द्वारा राज्यपाल को लिखे पत्र में दावा किया गया कि सरकार अल्पमत में है। ऐसे में सरकार को भंग करके राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और प्रदेश में विधानसभा के चुनाव करवाए जाएं।

दस विधायकों वाली जननायक जनता पार्टी के नेता व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, ऐलनाबाद से इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला व महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी इसी तरह का पत्र राज्यपाल को लिख चुके हैं। हालांकि राजभवन में तीन निर्दलीय विधायकों की समर्थन वापसी की लिखित में कोई सूचना नहीं थी। इसी के चलते बुधवार को तीनों विधायकों ने ईमेल के जरिये राजभवन और विधानसभा सचिवालय की अधिकारिक ईमेल पर समर्थन वापसी के पत्र भेजे हैं। तीनों ही विधायकों ने अपने खुद के ईमेल एड्रेस से मेल किया है।

7 मई को समर्थन वापसी की घोषणा के कुछ घंटे बाद तीनों विधायकों के हस्ताक्षरों वाला एक साझा पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लेकिन एक सप्ताह बाद भी तीनों विधायकों का कांग्रेस को समर्थन देने वाला ज्वाइंट लेटर राजभवन नहीं पहुंचा था। अहम बात यह है कि इन निर्दलीय विधायकों ने पत्र भेजने के लिए जिस ई-मेल का इस्तेमाल किया था, वह भी उनकी नहीं है। इसके बाद बुधवार को नये तीनों विधायकों ने खुद के ईमेल से समर्थन वापसी का पत्र भेजा है।

स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने दो विधायकों - रणधीर सिंह गोलन व धर्मपाल सिंह गोंदर का पत्र आने की पुष्टि की है। बताते हैं कि इस पत्र पर तारीख नहीं डाली है। पत्र पर तारीख नहीं होने से विधानसभा सचिवालय भी दुविधा में है कि समर्थन वापस के पत्र को किस तिथि से माना जाए। हालांकि गोलन ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन्होंने अपने पत्र पर हाथ से बुधवार की तारीख यानी 15 मई लिखी है।

**विधायकों का राज्यपाल के सामने पेश होना जरूरी:** विधायक के सरकार से समर्थन वापस लेने या फिर देने के लिए नियमानुसार राज्यपाल के सामने व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होना अनिवार्य है, या फिर उस व्यक्ति की आधिकारिक ई-मेल आईडी होनी चाहिए। राजभवन में किसी भी निजी व्यक्ति या अन्य पार्टियों की आईडी से भेजे गए ऐसे लेटर पर विचार नहीं किया जाता। राजभवन इस मामले में केवल विधायकों से सीधे प्राप्त होने के बाद ही लेटर पर कार्रवाई करेगा। हरियाणा राजभवन के रिकार्ड में अभी उनका भाजपा के समर्थन वाला लेटर ही लगा हुआ है।

**सालगिरह मुबारक**



कृष्ण कुमार व राकेश देवी की शादी की वर्षगांठ पर ढेरों शुभकामनाएं

# लोकसभा चुनाव में तैनात होंगे 35 हजार पुलिस कर्मी, 24 हजार होमगार्ड के जवान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 मई।** हरियाणा में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भर में सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालने के लिए 35 हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बुधवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ बातचीत के दौरान फीडबैक के आधार पर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर हरियाणा पुलिस के 35 हज़ार से अधिक पुलिसकर्मियों तथा पैरामिलिट्री फोर्स की 90 कंपनियां तैनात की गई है। इसके अलावा, हरियाणा में कानून व्यवस्था सुचारू रखने के लिए 24 हजार से अधिक होमगार्ड के जवान भी अलग-2 क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। कुल मिलाकर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।




पुलिस महानिदेशक ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में मतदान के लिए 10 हजार 343 मतदान स्थानों पर कुल 20 हजार 6 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा, 1362 स्थानों पर 3033 मतदान केन्द्रो को संवेदनशील (क्रिटिकल) माना गया है तथा 51 मतदान केन्द्रों को वल्नरेबल माना गया है तथा इन मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इन बूथों पर सुरक्षा के इंतजाम चाक-चौबंद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर प्रदेश में 130 अंतर्राज्यीय तथा 170 अंतरराज्यीय नाके लगाए गए है जहां पर पुलिस की टीमों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश में 418 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 415 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 34 क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने को लेकर 1039 पेट्रोलिंग पार्टी भी लगाई गई है जो दिन रात गश्त कर रही है।

इसके अलावा, चुनाव को लेकर बनाए गए 91 स्ट्रांग रूम पर निगरानी रखने के लिए केन्द्रीय पुलिस बल के अलावा हरियाणा आर्म्ड पुलिस तथा आईआरबी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। लाइसेंसी हथियारों संबंधी जानकारी देते हुए कपूर ने बताया कि प्रदेश में कुल 1 लाख 33 हजार 513 आर्म्ड लाइसेंस जारी किए गए हैं जिनमें से 1 लाख 14 हजार 667 लाइसेंसी हथियारों को चुनावों के चलते पुलिस थानों में जमा करवाया गया है। आचार संहिता की उल्लंघना के चलते प्रदेश में अब तक 339 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया जा चुका है जबकि 1202 हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं।



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)